**राजस्व** एवं भूमि सुधार विभाग में भ्रष्टाचार और काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है. विभागीय मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यशैली की व्यापक समीक्षा की गयी. विभागीय आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में राजस्व सेवा के अंचल अधिकारी व राजस्व अधिकारी समेत कुल 70 पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई चल रही है. इनमें से 23 मामलों में जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, जबकि 47 मामलों में रिपोर्ट आनी बाकी है.विभाग में वर्तमान में कुल 17 अधिकारी निलंबित हैं, जिनमें से 11 मामले सीधे तौर पर रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े जाने (ट्रैप) से संबंधित हैं. इसके अतिरिक्त, कुल 147 पदाधिकारियों के विरुद्ध आरोपपत्र गठित है. बैठक में यह फैसला हुआ कि वर्तमान में निलंबित चल रहे अंचल व राजस्व अधिकारियों को खाली नहीं बैठाया जायेगा. मुख्यालय वाले प्रमंडलों के अधीन उनसे "विशेष भू-सर्वेक्षण" का कार्य लिया जायेगा.



**लापरवाह एडीएम को अंतिम चेतावनी :** बैठक में जिन अपर समाहर्ता (एडीएम) ने समय पर जांच रिपोर्ट नहीं दी है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने की अंतिम चेतावनी दी जायेगी. ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ अनुशासनहीनता के तहत सामान्य प्रशासन विभाग से कार्रवाई की अनुशंसा की जायेगी.

**अखबारों में छपेगा विज्ञापन :** आरोपपत्र गठित होने के बाद तीन बार याद दिलाने पर भी जो अधिकारी अपना बचाव बयान नहीं दे रहे हैं, उन्हें अब समाचार पत्रों में प्रेस विज्ञापन के माध्यम से अंतिम मौका दिया जायेगा. इसके अलावा, फाइलों की भीड़ में निगरानी मामलों की त्वरित पहचान के लिए अब इन संचिकाओं को अलग रंग की फ्लाइ लीफ में संधारित किया जायेगा. बैठक की यह आधिकारिक कार्रवाई विभागीय सचिव जय सिंह के हस्ताक्षर से जारी की गयी है.

### गन्ना विस्तार अभियान : राज्य से लेकर पंचायत स्तर तक कमेटी गठित

**पटना** . राज्यभर में नयी चीनी मिलों की स्थापना को देखते हुए बिहार सरकार ने गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गन्ना विस्तार अभियान चलाने का निर्णय लिया है. इसको लेकर गन्ना उद्योग विभाग ने राज्य स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक गन्ना विस्तार अभियान समिति गठित की है. वहीं, राज्य सरकार के सात निश्चय -3 के तहत राज्य में नयी चीनी मिलों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है. जानकारी के मुताबिक वर्तमान में गन्ना का क्षेत्र मुख्य रूप से चीनी मिल क्षेत्र तक ही सीमित है.नये चीनी मिल की स्थापना के लिए प्रत्येक मिल के लिए लगभग 30 हजार एकड़ में गन्ना की खेती की आवश्यकता होगी.

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में लापरवाही स्वीकार्य नहीं: विजय

समीक्षा

**पटना.** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं कृषि विभाग के प्रधान सचिव ने शनिवार को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की प्रगति की समीक्षा की.

इस दौरान कृषि मंत्री ने किसानों की आवश्यकताओं एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप कार्य योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया. उन्होंने विकास आयुक्त, बिहार की अध्यक्षता में लघु जल संसाधन एवं ग्रामीण विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर किसानों के हित से जुड़ी योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति दिलाने की बात कही. कहा कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जलछाजन विकास के माध्यम से कृषि उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है. मंत्री ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी तरह की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है. निदेशक, भूमि संरक्षण-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,बिहार जलछाजन विकास समिति द्वारा योजना की प्रगति की जानकारी दी गयी. अधिकारियों ने अवगत कराया कि उक्त राशि के उपयोग के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना को स्टेट लेवल सैंक्शनिंग कमेटी से स्वीकृति प्राप्त होना आवश्यक है.



### राज्य के आठ जिलों में सतही भू-जल से पेयजल की होगी आपूर्ति

**पटना** . पीएचइडी ने गर्मी के दौरान भूजल स्तर में गिरावट से लोगों को पानी की होने वाली परेशानी का स्थायी निजात निकालने के लिए योजना बनायी है. विभाग ने इसके लिए आठ जिलों में जहां भू-गर्भ जल स्तर में लगातार गिरावट हो रही है, वहां विभाग ने सतही जल से लोगों को पानी पहुंचाने का निर्णय लिया है. इसके लिए पांच हजार करोड़ रुपये खर्च होने का प्रस्ताव तैयार है. जल्द ही प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जायेगा. विभाग ने पहले चरण में बांका, जमुई, गयाजी, नवादा, कैमूर, भागलपुर, मुंगेर और औरंगाबाद का चयन किया है.विभाग का मानना है कि भू-जल की एक सीमा है. आने वाले वर्षों में इसमें कमी आ सकती है. इस कारण भविष्य में होने वाली परेशानियों का मुकाबला के लिए अभी से ही सरफेस वाटर पर काम किया जायेगा.

## भोजपुर के शाहपुर में भरत तिवारी का फेक एनकाउंटर किया गया : तेजस्वी

संवाददाता, पटना

**राजद** के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और विधानसभा में विरोधी दल के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि भोजपुर के शाहपुर में भरत तिवारी का फेक एनकाउंटर किया गया है.इससे पहले भी कई फेक एनकाउंटर जाति देखकर हुए हैं. शनिवार को प्रदेश राजद कार्यालय में तेजस्वी ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि एक तरफ वो जांच कराने की बात कर रही है, दूसरी ओर भरत तिवारी के माता-पिता और गांव वालों पर एफआइआर दर्ज की जा रही है.



तेजस्वी ने कहा कि टेंडर माफिया रिशु श्री के मामले से ध्यान भटकाने का प्रयास है. वहीं, असल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाकर रिशु श्री के मामले में बड़ी मछलियों को बचाने का प्रयास चल रहा है. उन्होंने कहा कि रिशु श्री का मामला 20 से 25 हजार करोड रुपये के भ्रष्टाचार का मामला है.

**नीट की परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को दी शुभकामना :** तेजस्वी ने रविवार को होने वाले नीट की परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने कहा है कि भारतीय सेना को नीट की परीक्षा में लगाया जा रहा है, लेकिन छात्र छात्राओं के भविष्य को जिन लोगों ने बर्बाद किया है, जो प्रश्नपत्र लीक में शामिल रहे हैं, उनको बचाया जा रहा है. दूसरी ओर गरीबों के घरों और झोंपड़ियों को तोड़ा जा रहा है. गरीबों के साथ न्याय नहीं हो रहा है. भीषण गर्मी में भी बुलडोजर चल रहे हैं.

### एनकाउंटर करना बंद करे पुलिस : भाकपा

**पटना** . भाकपा के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने कहा कि बिहार में अपराध चरम पर पहुंच गया है. बिहार पुलिस अपनी नाकामी को छुपाने के लिए एनकाउंटर का सहारा ले रही है.बिहार पुलिस एनकाउंटर करना बंद करे. उन्होंने कहा भोजपुर में पुलिस ने फर्जी एनकाउंटर कर निर्दोष की हत्या कर दी. पुलिस एनकाउंटर में मारे गये भरत भूषण तिवारी सरकारी योजनाओं में हो रही लूट का मामला लगातार उठा रहे थे. इसलिए पुलिस ने जानबूझकर उसकी हत्या कर दी. राज्य सचिव ने राज्य सरकार से एनकाउंटर पर रोक लगाने, बेगूसराय की बलात्कार पीड़िता को न्याय दिलाने और बलात्कारियों की गिरफ्तारी की मांग की है.

### सीनियर अफसर करें भरत तिवारी मौत की जांच : संजय झा

**पटना.** जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में जो वीडियो सामने आया है, वह निश्चित रूप से संदेह पैदा करता है.राज्य सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया है, लेकिन वह काफी नहीं है. उन्होंने सीनियर पदाधिकारी द्वारा इस मामले की समयबद्ध जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की. श्री झा ने कहा कि सरकार जब यह कहती है कोई भी अपराधी बचेगा नहीं, तो यह सिर्फ अपराधियों के लिए नहीं होता है. अगर पुलिसकर्मी भी कोई अपराध करता है, तो वह भी बचना नहीं चाहिए, उसके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए.



### शाहपुर मुठभेड़ की न्यायिक जांच का निर्णय सही : मंत्री

**पटना** . श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण और युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में 17 जून को हुई पुलिस मुठभेड़ की न्यायिक जांच हाइकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराने का निर्णय का स्वागत किया है. श्री प्रसाद ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की सराहना की है. उन्होंने कहा यहां कानून को हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है.बिहार में कानून का राज है और सुशासन ही एनडीए सरकार की पहचान है. एनडीए सरकार न किसी को फंसाती है और ना ही किसी को भी बचाती है. इस मामले की न्यायिक जांच से सब कुछ साफ हो जायेगा.



## उद्योग संगठनों के बीच हर 30 से 45 दिन पर होगी समन्वय बैठक : श्रेयसी

संवाददाता, पटना

**उद्योग** मंत्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को प्रमुख उद्योग संगठनों के साथ समन्वय बैठक हुई.

बैठक में मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार उद्योग एवं निवेश के लिए एक सक्षम, प्रतिस्पर्धी एवं निवेशक-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है. उद्योग विभाग उद्योग संगठनों के मध्य सतत संवाद एवं समन्वय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक 30 से 45 दिन के अंतराल पर नियमित समन्वय बैठक आयोजित करेगा. उन्होंने कहा कि इस पहल से उद्योग जगत से जुड़े मुद्दों के त्वरित समाधान, नीतिगत सुधारों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा राज्य के औद्योगिक विकास को नयी गति मिलेगी. बैठक में बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. वहीं, औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन, उद्योगों के समक्ष विद्यमान चुनौतियों के समाधान आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, नीतिगत सुधारों व निवेशकों को बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी. बैठक में प्राप्त सुझावों पर विभाग द्वारा समुचित कार्रवाई किये जाने पर भी विचार-विमर्श हुआ. उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आयडा कुंदन कुमार ने कहा है कि उद्योग विभाग निवेशकों को पारदर्शी, समयबद्ध एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है. उन्होंने कहा कि उद्योग संगठनों के साथ नियमित संवाद एवं सहभागिता से निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा.



बैठक में उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह.

**उत्तर और दक्षिण बिहार की कनेक्टिविटी होगी आसान, लागत 3005 करोड़ रुपये**

## गंगा पर आकार ले रहा है नया सिक्स लेन पुल

संवाददाता, पटना

**राज्य** में सुगम यातायात और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है. गंगा नदी पर दीघा-सोनपुर रेल सह सड़क पुल के समानांतर अत्याधुनिक छह लेन एक्स्ट्रा-डोज्ड केबल महासेतु का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है. केंद्र सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की इस महत्वाकांक्षी परियोजना (एनएच-139 डब्ल्यू) पर कुल 3005.98 करोड़ रुपये की लागत आ रही है. इससे पटना और सारण (सोनपुर) के बीच संपर्क तंत्र को एक नयी ऊंचाई मिलेगी.

**तेजी से पूरा हो रहा है बुनियादी ढांचा**



पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज पाल ने बताया कि यह महासेतु पटना और उत्तर बिहार के बीच की दूरी को कम करने के साथ-साथ राज्य के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा. वर्तमान में मुख्य पुल, वायाडक्ट और लूप्स के फॉउंडेशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है.

### व्यापार और यात्रा होगी आसान

इस छह लेन पुल के बनने से पटना से बेतिया ( वाया बाकरपुर, वैशाली, मुजफ्फरपुर, साहेबगंज, अरेराज) का सफर बेहद आसान हो जायेगा . इस पूरी परियोजना की कुल डिजाइन लंबाई 6.925 किलोमीटर है . इसमें मुख्य केबल ब्रिज 4556 मीटर, लूप्स 2044.669 मीटर और वायाडक्ट 700 मीटर लंबा है .

### आइआइटी रुड़की कर रहा सुरक्षा आडिट

पुल की सुरक्षा और तकनीकी मजबूती को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश के प्रतिष्ठित संस्थान आइआइटी रुड़की से इसकी अतिरिक्त प्रूफ चेकिंग कराई जा रही है.

### अब डीलरों को कमीशन राशि का आवंटन होगा वर्चुअल

**पटना.** बिहार के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को लंबित अतिरिक्त डीलर कमीशन के भुगतान का रास्ता साफ हो गया है. बिहार स्टेट फूड एंड सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन ने दिसंबर 2025 से संबंधित अतिरिक्त डीलर कमीशन के भुगतान के लिए 35 जिलों को कुल 18 करोड़ 30 लाख 38 हजार 984 रुपये आवंटित किये गये हैं. इसके लिए सभी जिला प्रबंधकों को भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है. 16 जून को जारी पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को देय अतिरिक्त डीलर कमीशन भुगतान के लिए एसएनए स्पर्श से जिलावार वर्चुअल आवंटन किया गया है.

फुटबॉल का महाकुंभ
फीफा विश्व कप 2026

मुजफ्फरपुर, रविवार 21.06.2026
ज्येष्ठ शुक्ल 7 संवत 2083
पृष्ठ 18 (14 + 4 पेज का योग दिवस पर विशेष)
मूल्य : ₹ 4 मोतिहारी संस्करण
वर्ष : 16, अंक : 249
रजिस्ट्रेशन : आर एन आई BIHHIN/2011/37249

# प्रभात खबर

बिहार जागे... देश आगे

मुजफ्फरपुर । पटना । भागलपुर । रांची । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । कोलकाता से प्रकाशित

स्पोर्ट्स भारत ने किया क्लीन स्वीप प्रसिद्ध-जायसवाल चमके... 09 | देश-विदेश सीजफायर पर गहराया संकट... 14 | prabhatkhabar.com

बीपीएससी 70वीं का फाइनल रिजल्ट जारी. 2027 सफल अभ्यर्थियों में 745 महिलाएं

# टॉप-50 में आधी सीटों पर बेटियों का कब्जा, यूपी की श्रद्धा टॉपर सारण के शशांक दूसरे व पटना के आयुष रहे तीसरे स्थान पर



रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष आलेख पढ़ें पेज 09 पर.

### फीफा विश्व कप

| | | |
|---|---|---|
| ट्यूनीशिया | VS | जापान |
| सुबह 09:30 बजे से | | |
| स्पेन | VS | सऊदी अरब |
| रात 09:30 बजे से | | |
| बेल्जियम | VS | ईरान |
| रात 12:30 बजे से | | |
| उरुग्वे | VS | केप वर्डे |
| तड़के 03:30 बजे से | | |
| न्यूजीलैंड | VS | मिस्र |
| सुबह 06:30 बजे से | | |

प्रसारण : यूनाइट 8 स्पोर्ट्स चैनल्स पर

### महिला T-20 विश्व कप

| | | |
|---|---|---|
| श्रीलंका | VS | वेस्टइंडीज |
| दोपहर 03:00 बजे | | |
| भारत | VS | साउथ अफ्रीका |
| शाम 07:00 बजे | | |

प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स पर

## राज्य के बाहर के 333 अभ्यर्थियों को भी सफलता

संवाददाता, पटना

**बिहार** लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर इतिहास रच दिया है. यह परीक्षा न केवल पदों और अभ्यर्थियों की संख्या के लिहाज से आयोग के इतिहास में गजेटेट अधिकारियों की नियुक्ति के लिए अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा रही, बल्कि इसमें महिला सशक्तीकरण का एक नया कीर्तिमान भी स्थापित हुआ है. कुल 2035 रिक्तियों के मुकाबले 2027 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से सफल घोषित किया गया है, जिनमें 1282 पुरुष और 745 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं.

परीक्षा में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ की मूल निवासी श्रद्धा पांडे ने शीर्ष स्थान (टॉपर) हासिल किया है. दूसरे स्थान पर सारण के शशांक गौरव और पटना के आयुष विजोयी तीसरे पर रहे. इस परीक्षा के माध्यम से राज्य के बाहर के कुल 333 अभ्यर्थियों को भी सफलता मिली है.

### महिला सशक्तीकरण का नया स्वर्णिम दौर

शीर्ष रैंकर्स में महिलाओं का प्रदर्शन असाधारण रहा है. टॉप 10 में 5 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं. टॉप 20 में 10 महिलाएं शामिल हैं. टॉप 50 में 25 महिलाओं ने अपनी जगह बनाई है. बिहार प्रशासनिक सेवा (बीएएस) में महिलाओं के लिए 20 सीटें आरक्षित थीं, लेकिन इस बार एक भी महिला को आरक्षण श्रेणी का इस्तेमाल करने की आवश्यकता नहीं पड़ी. सामान्य कोटे से ही 34 महिलाओं का चयन सीधे प्रशासनिक सेवा के लिए हो गया.

### दिव्यांग कोटे के आठ पद रह गये खाली

27 विभागों में कुल 2009 पदों, समाज कल्याण विभाग में सीडीपीओ के 12 पदों और वित्त विभाग में वित्तीय प्रशासनिक पदाधिकारी के छह पदों (कुल 2035 रिक्तियां) के लिए बहाली निकाली गयी थी. इसमें से अंतिम रूप से 2027 पदों पर चयन हुआ है, जबकि दिव्यांग कोटे के आठ पद रिक्त रह गए हैं.

## टॉप 10 में पांच , टॉप 20 में 10 और टॉप 50 में 25 महिलाएं शामिल



1 श्रद्धा पांडे
प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश



2 शशांक गौरव
बनियापुर, सारण



3 आयुष विजोयी
पटना

**प्रारंभिक परीक्षा:** 13 दिसंबर 2024 को 37 जिलों के 911 केंद्रों पर आयोजित हुई. पटना के बापू परीक्षा परिसर में अनियमितता की शिकायत पर परीक्षा रद्द हुई और चार जनवरी 2025 को 22 केंद्रों पर पुनर्परीक्षा कराई गयी. प्रीलिम्स का रिजल्ट 23 जनवरी 2025 को आया.

**मुख्य परीक्षा :** 25 से 30 अप्रैल 2025 तक पटना के 32 केंद्रों पर आयोजित हुई. परिणाम 16 दिसंबर 2025 को जारी हुआ.

**साक्षात्कार (इंटरव्यू) :** 21 जनवरी 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक दो चरणों में आयोजित किया गया.

### शिकायत निवारण के लिए हाइटेक व्यवस्था

आयोग ने अभ्यर्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ऑनलाइन ग्रिवांस रिड्रेसल सिस्टम लागू किया था. इसके तहत परीक्षा समाप्त होने के 48 घंटे के भीतर शपथपत्र और आवश्यक प्रमाण के साथ शिकायत दर्ज करने की सुविधा दी गयी, जिसका समय सीमा के भीतर निपटारा किया गया.

### पद के हिसाब से सबसे बड़ी है यह परीक्षा

| परीक्षा संस्करण | प्राप्त आवेदन | कुल रिक्तियां | साक्षात्कार |
|---|---|---|---|
| 68वीं संयुक्त परीक्षा | 4.34 लाख | 324 | 817 |
| 69वीं संयुक्त परीक्षा | 2.70 लाख | 475 | 1252 |
| 70वीं संयुक्त परीक्षा | 4.83 लाख | 2035 | 5449 |

### भ्रामक दावों पर कोर्ट से मिली थी क्लीन चिट

परीक्षा प्रक्रिया के दौरान कुछ स्तरों पर यह भ्रामक दावा किया गया था कि एक कोचिंग संस्थान के प्रश्न बैंक से 32 प्रश्न हूबहू लिये गये हैं. आयोग ने गहन जांच के बाद इसे पूरी तरह निराधार बताते हुए खारिज कर दिया. इसके अलावा, परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर पटना उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में कई याचिकाएं दायर की गयी थीं. विस्तृत सुनवाई के बाद अदालत ने पाया कि किसी भी गड़बड़ी का कोई ठोस प्रमाण नहीं है. दोनों शीर्ष अदालतों ने आयोग के पक्ष में फैसला सुनाते हुए सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया था.

### पारदर्शिता के दो अभेद्य कवच 'लॉटरी' व 'ब्लाइंड असेसमेंट'

बीपीएससी ने चयन प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और लीक-प्रूफ बनाने के लिए देश के अग्रणी प्रशासनिक सुधारों को लागू किया. इंटरव्यू बोर्ड के आवंटन को लेकर होने वाली सभी आशंकाओं को खत्म करने के लिए अभ्यर्थियों ने रैंडम तरीके से लॉटरी निकालकर अपने बोर्ड का चयन किया. हर अभ्यर्थी को केवल एक गुप्त कोड संख्या के रूप में प्रस्तुत किया गया. साक्षात्कार के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से 132 विशेषज्ञों को बुलाया गया था, जिनमें 41 वरिष्ठ आइएएस अधिकारी, 35 आइपीएस अधिकारी और आइआइटी, आइआइएम, आइआरएमआइ, आइएफएस, आइडीएएस जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के शिक्षाविद शामिल थे.

### आवेदन से अंतिम परिणाम तक

| | |
|---|---|
| 4.83 | लाख आवेदन |
| 3.28 | लाख प्रीलिम्स में शामिल |
| 21,581 | मुख्य परीक्षा के लिए सफल |
| 21,027 | मुख्य परीक्षा में बैठे |
| 5,449 | इंटरव्यू के लिए योग्य |
| 2,027 | अंतिम रूप से चयनित |

### क्विक बाइट्स

#### अमौर में तेज बहाव के कारण सुरक्षा बांध ध्वस्त

**अमौर (पूर्णिया).** मॉनसून और नेपाल में भारी बारिश के कारण पूर्णिया के अमौर प्रखंड में नदियां उफान पर हैं. इसी बीच रंगरैया लालटोली पंचायत के भागताहिर गांव के पास दास नदी पर बना सुरक्षा बांध बाढ़ के पानी के तेज बहाव को नहीं झेल सका और टूट गया. नदी के जल स्तर में पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ोतरी हो रही थी, जिसके बाद पानी के भारी दबाव के कारण बांध का एक बड़ा हिस्सा कटकर नदी में बह गया. बांध टूटने के कारण सड़क संपर्क पूरी तरह से भंग हो गया है.

#### भारतीय महिला टीम के सामने द अफ्रीका की कठिन चुनौती

**मैनचेस्टर.** भारतीय महिला टीम टी-20 विश्व कप में शानदार शुरुआत के बाद अब रविवार को यहां ग्रुप वन के कठिन मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका जैसी खतरनाक टीम के सामने उस लय को कायम रखने की कोशिश करेगी. हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने पाकिस्तान पर 64 रन से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की. सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने बल्ले से योगदान दिया, जबकि दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट चटकाये. नीदरलैंड को दूसरे मैच में भारत ने 95 रन से हराया. पांच बार सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम अभी तक टी-20 विश्व कप नहीं जीत सकी है. विस्तृत पेज 09 पर

# पूर्वी भारत अब बना विकास का गेटवे : मोदी

एजेंसियां, रायरंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर में 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया. ओडिशा में भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित इस कार्यक्रम में ऊर्जा, सड़क, स्वास्थ्य और रेलवे जैसी प्रमुख ढांचागत परियोजनाओं की सौगात दी गयी.

इस दौरान एक जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पूर्वी भारत हमेशा पिछड़ा व उपेक्षित रहा, लेकिन आज हमारी 'पूर्वोदय' नीति के कारण यही क्षेत्र देश की प्रगति और विकास का गेटवे बनकर उभर रहा है. उन्होंने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दिवंगत पति के पैतृक गांव पहाड़पुर का दौरा किया. राष्ट्रपति ने स्वयं वहां पीएम का स्वागत किया. इस दौरान दोनों नेताओं ने आदिवासियों के पवित्र उपवन 'जाहेरा' और पूर्वजों के प्रार्थना स्थल 'गोसानी पीठ' में पारंपरिक संताली वस्त्र पहनकर पूजा-अर्चना की और पौधे लगाये.



### शाम को पहुंचे कोलकाता, बोले- बंगाल बेड़ियों से मुक्त हो गया

ओडिशा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर पहुंचे, जहां उन्होंने 'पश्चिमबंग दिवस' समारोह में हिस्सा लिया. मौके पर पीएम ने देश के 9.44 करोड़ किसानों के लिए 'पीएम-किसान' योजना की 18,880 करोड़ रुपये की 23वीं किस्त जारी की. साथ ही उन्होंने बंगाल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व 315 किमी लंबी सड़क परियोजनाओं की शुरुआत की. बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह उनका पहला दौरा है.

# शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम के परिजनों को सौंपा 1.50 करोड़ की बीमा राशि का चेक

मुख्य संवाददाता, गया जी

**असम** के जोरहाट में भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार के परिजनों को भारतीय स्टेट बैंक, गया ने 1.50 करोड़ की बीमा राशि का चेक प्रदान किया. यह चेक शहीद जवान की माता पूनम शर्मा को सौंपा गया. मौके पर स्टेट बैंक के उपमहाप्रबंधक थाना राम सोलंकी, क्षेत्रीय प्रबंधक निर्मल कुमार व खिजरसराय शाखा के प्रबंधक उपस्थित रहे. इस अवसर पर पूर्व मुखिया दीपक कुमार, वार्ड सदस्य राकेश कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण भी मौजूद रहे. उपस्थित लोगों ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा को याद किया. भारतीय स्टेट बैंक परिवार ने शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए दिया गया उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा.



शुभम के परिजन को चेक देते बैंक के अधिकारी.

# खान सर व तीन अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी पर 25 तक रोक

न्यायालय संवाददाता, पटना

- दोनों गार्ड को नहीं मिली जमानत, पुलिस ने अदालत में जमा की केस डायरी



**हत्या** के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज केस में आरोपित खान ग्लोबल स्टडीज के निदेशक खान सर उर्फ फैजल खान की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को प्रधान जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई हुई. कोर्ट ने खान सर की गिरफ्तारी पर 25 जून तक के लिए रोक लगा दी है.

कोर्ट ने आरोपितों को निर्देश दिया है कि जब पुलिस को जरूरत होगी, वे लोग उपलब्ध रहेंगे. इस मामले में अगली सुनवाई 25 जून को होगी. साथ ही खान सर के कोचिंग कर्मियों अजीत कुमार, कन्हैया कुमार सिंह और अंकित कुमार पांडेय की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई भी हुई. सुनवाई के बाद अदालत ने इन तीनों आरोपितों की गिरफ्तारी पर भी 25 जून तक रोक लगा दी है. इन तीनों की अग्रिम जमानत याचिका पर भी 25 जून को सुनवाई होगी. अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद यह आदेश दिया है.

# वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत, एक की हालत गंभीर

प्रतिनिधि, बेतिया

- बेतिया-मोतिहारी मुख्य मार्ग पर मछली लोक के समीप हुआ हादसा

**बानूछापर** क्षेत्र के तीन युवकों को बारात से लौटने के दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी. हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी. एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

जानकारी के अनुसार बानूछापर वार्ड संख्या 29 निवासी गुलशन कुमार (18), चेतन कुमार (17) व विशाल कुमार (18) एक ही बाइक पर सवार होकर मझौलिया थाने के भगड़वा में बारात में शामिल होने गये थे. शुक्रवार को देर रात दो बजे तीनों घर लौट रहे थे. इसी दौरान बेतिया-मोतिहारी मुख्य मार्ग पर मछली लोक के समीप विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि गुलशन कुमार व चेतन कुमार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि विशाल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया. उसे बेतिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गुलशन कुमार के बाबा सिपाही यादव ने बताया कि वह दो भाइयों में छोटा था. चेतन कुमार के चाचा संजय कुमार ने बताया कि चेतन ने हाल ही में मैट्रिक परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की थी. वह परिवार का इकलौता पुत्र था. उसकी मौत से परिवार गहरे सदमे में है. हादसे की खबर मिलते ही बानूछापर मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गयी. बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देते रहे. पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस वाहन की पहचान व चालक की गिरफ्तारी के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है.

# लाभ से ज्यादा नुकसान की आशंका वाली 16 एफडीसी दवाएं हुईं बैन

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए 16 'निश्चित खुराक संयोजन' (एफडीसी) दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, विशेषज्ञ समितियों और औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड (डीटीएबी) की वैज्ञानिक समीक्षा में इन दवाओं के इस्तेमाल का कोई ठोस 'चिकित्सीय औचित्य' नहीं पाया गया. सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में लिए गये इस फैसले में स्पष्ट किया गया कि इन संयोजनों के संभावित जोखिम इनके फायदों से कहीं अधिक हैं. यह कार्रवाई औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की धारा 26ए के तहत की गयी है. इस प्रतिबंध के दायरे में मुख्य रूप से त्वचा रोग, दर्द निवारक, ऐंठनरोधी और एंटीबायोटिक आधारित संयोजन शामिल हैं. सरकार ने सभी राज्यों के औषधि नियंत्रकों को इसका कड़ाई से पालन कराने और दवा निर्माताओं को बाजार से अपना स्टॉक तत्काल वापस लेने के निर्देश दिए हैं.

**क्या होती हैं एफसीडी दवाएं** :एफसीडी (फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन) ऐसी दवाएं होती हैं, जिनमें एक ही गोली, कैप्सूल या सिरप में दो या दो से अधिक सक्रिय औषधीय घटकों को एक निश्चित अनुपात में मिलाया जाता है. यदि इस मिश्रण का कोई वैज्ञानिक आधार न हो, तो यह मरीजों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है.

### इन कॉम्बीनेशन वाली दवाएं हुईं बैन



#### एंटीबायोटिक और सूजन-रोधी संयोजन

1. एमोक्सिसिलिन+ सेराटियोपेप्टिडेज
2. एमोक्सिसिलिन+सेराटियोपेप्टिडेज+लैक्टोबैसिलस स्पोरोजेन्स
3. एमोक्सिसिलिन+क्लोक्सासिलिन+लैक्टिक एसिड बैसिलस+सेराटियोपेप्टिडेज
4. सेफ्यूरोक्सिम+सेराटियोपेप्टिडेज
5. सेफैड्रोक्सिल+प्रोबेनेसिड

#### दर्द निवारक, ऐंठनरोधी और पेट दर्द की दवाएं

6. डाइसीक्लोमाइन+पैरासिटामोल+ क्लिडिनियम ब्रोमाइड
7. डाइसीक्लोमाइन+पैरासिटामोल+क्लिडिनियम ब्रोमाइड+क्लोर्डियाजेपॉक्साइड
8. एसिटाइल सैलिसिलिक एसिड (एस्पिरिन)+एथोहेप्टाजीन
9. पैरासिटामोल+लिग्नोकेन

छपरा कोर्ट में 1965 में दाखिल किया गया था टाइटिल शूट

# तीन पुश्तों ने 61 वर्षों तक कोर्ट में लड़ी कानूनी जंग, अब आया जमीन का फैसला

सत्येंद्र पांडेय, गोपालगंज

हक के लिए तीन पुश्तों ने कोर्ट में कानूनी जंग लड़ी. दर्जन भर परिवारों की दो पीढ़ियां कोर्ट-कचहरी का चक्कर लगाते स्वर्गवासी हो गयीं. अब 61 वर्षों के बाद जमीन बंटवारे के इस केस में फैसला आने के बाद पीड़ित पक्ष के लोगों की आंखों में खुशियों के आंसू आ गये.

मुकदमे के अनुसार, श्रीपुर थाने के राजपुर गांव के रहनेवाले छठु पाल, नेमधारी पाल, रेखा पाल व प्रीत पाल चार भाई थे. चारों भाई 14.5 बिगहा जमीन, घर, दालान का आपस में बंटवारा कर हिस्से के मुताबिक काबिज हो गये. नेमधारी पाल के निधन के बाद उनके पुत्र रामअवतार रावत ने वर्ष 1965 में छपरा सबजज की कोर्ट में टाइटिल शूट 59/1965 दाखिल कर जमीन पर अपना दावा किया. कुछ दिनों तक छपरा में मुकदमा चलने के बाद टाइटिल अपील खारिज हो गयी. तब जिला जज की कोर्ट में अपील पर ट्रायल नं 230/1971 में सुनवाई शुरू हो गयी. तब से यह मुकदमा चल रहा था.

### 14.5 बिगहा जमीन पर ठोक दिया था मुकदमा, कोर्ट ने माना कि अपील करने वाले का दावा गलत

### कोर्ट ने रोज सुनवाई कर 30 दिनों में दिया फैसला

कुछ दिन पहले प्रधान जिला जज गीता गुप्ता के सामने यह केस आया, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया. केस को जिला जज-3 के कोर्ट से ट्रांसफर कर जिला जज-10 राजेश कुमार वर्मा के कोर्ट में भेजते हुए सुनवाई कर फैसला देने का निर्देश दिया. जिला जज-10 के कोर्ट ने 30 दिनों तक लगातार सुनवाई के बाद शनिवार को फैसला सुनाया. कोर्ट ने माना कि अपीलकर्ता का दावा गलत था. पुरखों ने अपने हिस्से की जमीन बांट ली थी.



फैसला आने के बाद अपने अधिवक्ता के साथ प्रफुल्लित नगीना पाल

### इंसाफ की उम्मीद में इन लोगों ने तोड़ दिया दम

केस दाखिल करने वाले रामअवतार रावत, विपक्ष के उनके चाचा छठु पाल, रेखा पाल, प्रीत पाल की मौत हो गयी. उसके बाद छठु पाल के पुत्र केवल व विशुनदेव, रेखा के पुत्र दहाड़ी व ठाकुर, प्रीत की दो लड़की, नेमधारी पाल के पुत्र रामअवतार रावत, गेंदा रावत, विशुनदेव रावत की भी मौत हो चुकी है. केस दाखिल करने वाले रामअवतार के पुत्र जगरनाथ भेडिहार व जगदीश भेडिहार की मौत हो गयी.

### तीसरी पुश्त के बीच चल रही थी कानूनी जंग

अब इस केस में कानूनी जंग तीसरे पुश्त के रामअवतार रावत के पोता जिरजोधन पाल, राजबली पाल, कुसुमदेवी मायापती देवी, जितेंद्र पाल,देवनंदन पाल, गीता देवी, सीमा देवी और दूसरे पक्ष से दहाड़ी पाल के पुत्र वासुदेव पाल, नगीना पाल, बैरिस्टर पाल, ठाकुर पाल के पुत्र हरेराम पाल आदि लड़ रहे थे. अंततः मुकदमे का फैसला आने के बाद पीड़ित पक्ष को राहत मिली है. कोर्ट के फैसले को इंसाफ बताया है.

# विश्व योग दिवस परिशिष्ट

A PK Media Marketing Initiative

# योग करें, स्वस्थ रहें, मस्त रहें

योग क्या है ?'योग' शब्द संस्कृत की 'युज' धातु से बना है, जिसका अर्थ है–जोड़ना, मिलना या एकाकार होना। साधारण शब्दों में, जीवात्मा का परमात्मा से मिलन ही योग है। लेकिन यदि इसे व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के बीच एक सुंदर सामंजस्य स्थापित करने की कला ही योग है।योग केवल शारीरिक व्यायाम या आसनों का समूह नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक संपूर्ण वैज्ञानिक पद्धति है। यह भारतीय मनीषियों, ऋषियों और मुनियों द्वारा मानवता को दिया गया वह अमूल्य उपहार है, जो सदियों से इंसानी जीवन को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से शांत और आध्यात्मिक रूप से उन्नत बनाता आया है।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का इतिहास और पृष्ठभूमि21वीं सदी में योग को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में भारत ने एक ऐतिहासिक भूमिका निभाई। 27 सितंबर 2014 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 69वें सत्र में दुनिया के सामने 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाने का प्रस्ताव रखा था।अपने भाषण में उन्होंने कहा था:१योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर की एकता का प्रतीक है; विचार और कर्म, संयम और पूर्ति की कड़ियों को जोड़ता है। यह मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करने का माध्यम है। यह स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण है। 21 जून ही क्यों चुना गया? संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस प्रस्ताव को रिकॉर्ड तोड़ समर्थन दिया। मात्र 75 दिनों के भीतर, 11 दिसंबर 2014 को 177 देशों के सह-प्रायोजन के साथ, 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' (International Day of Yoga) घोषित किया गया। 21 जून को चुनने के पीछे एक गहरा वैज्ञानिक और भौगोलिक कारण है। यह दिन 'ग्रीष्म संक्रांति' (Summer Solstice) का दिन होता है। इस दिन उत्तरी गोलार्ध में साल का सबसे लंबा दिन होता है और सूर्य की किरणें पृथ्वी पर सबसे लंबे समय तक रहती हैं। भारतीय संस्कृति और अध्यात्म के दृष्टिकोण से, यह समय संक्रमण काल का होता है, जो साधना और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति के लिए बेहद अनुकूल माना जाता है। मान्यता यह भी है कि इसी दिन भगवान शिव (आदियोगी) ने अपने पहले सात शिष्यों (सप्तऋषियों) को योग का ज्ञान देना शुरू किया था, जिससे वे 'आदिगुरु' बने। योग का ऐतिहासिक सफर: वैदिक काल से वैश्विक मंच तकयोग का इतिहास उतना ही पुराना है जितनी कि मानव सभ्यता.

प्रस्तुति : अमृतेश कुमार


स्थापित -1959

## डॉ. श्री कृष्णा सिन्हा महिला महाविद्यालय

मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण-845401

(बी.आर. अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की अंगीभूत इकाई)



### महाविद्यालय की प्रमुख विशेषताएं :

- पूर्वी व पश्चिमी चंपारण का एक मात्र महिला महाविद्यालय.
- डिजीटल प्रोजेक्टर स्मार्ट क्लास रूम.
- स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान का अध्यापन.
- स्नातक स्तर पर सभी विषयों में प्रतिष्ठा.
- योग्य एवं अनुभवी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षण की व्यवस्था.
- खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की सक्रिय गतिविधियां.
- एनसीसी एवं एनएसएस की सक्रिय इकाई.
- इंटरनेट कैफे की व्यवस्था.
- सीसीटीवी एवं वाईफाई मुक्त कैम्पस.
- ई-पुस्तकालय.
- क्रीड़ा मैदान की समुचित व्यवस्था.
- प्रायोगिक विषयों के लिए आधुनिक उच्चस्तरीय प्रयोगशाला की सुविधा.
- शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर सहित आर.ओ. की व्यवस्था.
- एंटीरैगिंग सेल की व्यवस्था.
- आधुनिक सुविधा सहित महिला छात्रावास की व्यवस्था.
- रमणीय परिसर एवं शांतिपूर्ण माहौल.
- साइकिल स्टैण्ड की व्यवस्था.
- मनोविज्ञान तथा गृहविज्ञान में स्नातकोत्तर की पढ़ाई.
- छात्राओं को विशेष रूप से स्किल डेवलपमेंट की सुविधा.



प्रो० (डॉ०) नलिन विलोचन
प्राचार्य, डॉ. श्री कृष्णा सिन्हा महिला महाविद्यालय



## श्री नारायण सिंह महाविद्यालय

मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण-845401

(बी.आर. अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की स्थायी सम्बद्ध इकाई)

NAAC ACCREDITED -B+(C.G.P.A.-2.55)




### श्री नारायण सिंह महाविद्यालय की अनोखी विशेषताएं :

- योग्य एवं मेधावी शिक्षकों द्वारा नवीनतम शिक्षण विधि द्वारा अध्यापन एवं मार्गदर्शन.
- प्रायोगिक विषयों के लिए उच्च स्तरीय प्रयोगशालाओं में प्रयोग की सुविधा.
- राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन.सी.सी. में सहभागिता के बेहतर अवसर.
- छात्राओं के लिए अलग कॉमन रूम एवं वाचनालय की व्यवस्था.
- कॉलेज में समय-समय पर रोजगार मेला का आयोजन.
- व्यवसायिक शिक्षा (B.C.A. एवं I.F.A.F.) की पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था.
- (फलत: B.C.A. के छात्रों ने चम्पारण क्षेत्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है.) रूसा से मिले राशि द्वारा :
  - नवीन विज्ञान भवन, कॉलेज की चहारदीवारी, कक्षाओं एवं
  - पुस्तकालय का आधुनिकीकरण का निर्माण.
  - पुराने भवन का जीर्णोद्धार.
  - B.C.A., I.F.A.F. एवं परीक्षा भवन का अलग से निर्माण.
- नियमित रूप से अभिभावक, छात्र एवं शिक्षकों का सम्मेलन.
- रोजी रोजगार के अवसर हेतु कौन्सीलिंग की व्यवस्था.
- छात्र/छात्राओं के आत्मनिर्भर हेतु साकारात्मक प्रयास.
- कैम्पस में अत्याधुनिक परीक्षा भवन, साईबर कैफे एवं कैंटीन की सुविधा.



प्रो. (डॉ.) विनोद बैठा
प्राचार्य
श्री नारायण सिंह कॉलेज, मोतिहारी



NAAC Accredited | Estd. 1945 | Pride of Champaran

## MUNSHI SINGH COLLEGE

Motihari, East Champaran (Bihar)

A Constituent P.G. Unit of B.R. Ambedkar Bihar University, Muzaffarpur

Official website: mscollege.ac.in I Email: mscollege.singh1@gmail.com



### HIGHLIGHTS :

- Faculties of Arts, Science & Commerce
- M.S. Law College in the Campus
- Vocational Courses in IMB, BBA & BCA
- Add on courses in Communicative English & Fish and Fisheries Product
- UG & PG Courses in regular mode : Science Faculty: Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany. Arts Faculty : Hindi, English, Pol. Science, History, Economics, Psychology, Philosophy. Commerce Faculty: B.Com & M. Com Law : Three Year LLB course.
- Plus Two courses in Arts, Science & Commerce.
- Hub of Distance Mode Learning with Study Centres of IGNOU, MANUU(Hyderabad) & Nalanda Open University.
- Highly qualified, motivated, well-published & research-oriented teachers.
- Strong units of NCC & NSS.
- ICT enabled Smart classes, Language Lab, ICT Lab, Conference Hall.
- Regular conduct of National/International Seminars, Webinars, Conferences, Guest Lectures, Talks.
- Rich & fully automated Library.
- Declared Centre of Excellence by the State Government
- Second college of the university to go for NAAC first cycle & First college of the university to go for NAAC 2nd cycle.
- Regular conduct of online classes during Pandemic.
- Separate Building for Vocational courses.
- Women's Hostel funded by the UGC constructed.
- World class Basket Ball Arena.
- Multi-Purpose Hall & Athletics Track under Khelo India Project of the Central Government (proposed).
- Focus on Technology based learning.
- Co-curricular & Extra-curricular activities encouraged.
- Career Counselling, Campuses organized.
- Functional Internal Committee as per UGC guidelines.
- Functional & Vibrant IQAC.



Prof. H. N. Haque
(PRINCIPAL)



## LAXMI NARAYAN DUBEY COLLEGE MOTIHARI

(A constituent Unit of B.R.A. Bihar University, Muzaffarpur)



### KEY HIGHLIGHT

- Highly Qualified experience and dedicated faculty members.
- Enriched Library.
- Well Equipped lab of Physics, chemistry, Botany, Zoology, Psychology and Geography.
- A computer lab with internet connection.
- National Service Scheme (NSS)
- National Cadet Corps (NCC)
- Placement sale
- Wi-Fi campus
- Financial assistant to deserving students.
- Smart class Room.
- Sports facilities.
- Library facilities
- Canteen facilities.
- Anti ragging Cell.
- Modern Gym.
- Seminar hall
- Recording room
- Language lab
- Selected for Apprenticeship embedded degree programme (job oriented)

### Apprenticeship Embedded Degree Program

**AEDP**

- B.Com. Retail Operations
- B.A. Content and creative Writing
- B.Com. Banking Financial Services & Insurance

**P.G.**

- Physics
- Chemistry
- Political Science
- History
- Economics
- Hindi
- Geography



**Vocational Course**

B.B.A. | B.C.A | B.Ed.

Contact Us : L.N.D. College, Motihari, East Champaran, Bihar-845401
Ph. : 06252-232689, E-mail ID : collegelnd@gmail.com

Principal
L.N.D. College, Motihari

प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन
प्रभात खबर लेकर आया है देश दुनिया, आपके राज्य व शहर की ताजातरीन खबरें.
क्यूआर कोड को स्कैन करें और अपडेट रहें.
www.prabhatkhabar.com
प्रभात खबर की वेबसाइट पर जाएं और यूट्यूब चैनल youtube.com/@PrabhatKhabartv सब्सक्राइब करें.


## सिरप खरीदने के लिए चिकित्सक का प्रिस्क्रिप्शन अनिवार्य

**दवा के दुरुपयोग पर लगेगी रोक**

कई लोग बिना किसी चिकित्सीय सलाह के कफ सिरप का इस्तेमाल नशे या गलत आदतों के लिए करते हैं, जिस पर अब रोक लगेगी. आम जनता मामूली सर्दी-खांसी होने पर खुद ही डॉक्टर बनकर सिरप खरीद लेती है. खासकर बच्चों के मामले में गलत खुराक या बिना पहचान के दी गई दवा अत्यंत नुकसानदेह साबित हो सकती है.

प्रतिनिधि,मोतिहारी

दवाओं की बिक्री व्यवस्था में केंद्र सरकार ने बड़ा बदलाव किया है. मेडिकल स्टोर से सभी प्रकार की सिरप आधारित दवाओं की ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी गयी है. अब सिरप आधारित दवाएं, जिसमें खांसी की सिरप भी शामिल है, बिना डॉक्टर की लिखी पर्ची के नहीं खरीदी जा सकेंगी. नए नियमों के लागू होने के बाद अब उपभोक्ताओं के लिए फार्मेसी से कोई भी सिरप खरीदने के लिए पंजीकृत चिकित्सक का वैध प्रिस्क्रिप्शन (पर्ची) दिखाना अनिवार्य होगा. इस आधार पर किसी भी केमिस्ट शॉप में डॉक्टर का प्रेस्क्रिप्शन जरूरी है. बताया जाता है कि स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से ड्रग्स रूल्स में बदलाव करते हुए सिरप को पहले मिलने वाली छूट की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है. इसके बाद अब दवा दुकानदारों को सिरप देने से पहले पंजीकृत चिकित्सक की सलाह यानी वैध प्रिस्क्रिप्शन देखना होगा. स्वास्थ्य विभाग व दवा नियंत्रण एजेंसियां अब इस नियम के कड़ाई से पालन पर पैनी नजर रखेंगी. चिकित्सकों ने सरकार के इस कदम की सराहना की है. सदर अस्पताल डीएस डॉ एसएन सत्यार्थी ने बताया कि नए नियम से दवाओं के इस्तेमाल में सावधानी बढ़ेगी. इस फैसले का सीधा प्रभाव आम मरीजों और केमिस्ट संचालकों दोनों पर पड़ेगा. अब सामान्य सर्दी या खांसी की दवा लेने के लिए भी मरीजों को पहले किसी डॉक्टर से परामर्श करना होगा और उनकी लिखी पर्ची के आधार पर ही दवा मिलेगी.

सीरप को लेकर सरकार द्वारा नया गाइडलाइन जारी किया गया है. विभागीय आदेश का अक्षरसह पालन होगा. पत्र में प्राप्त निर्देश के आलोक में अग्रतर कार्रवाई को ले निर्देश शीध्र ही जारी किया जायेगा.
**उदय वल्लभ**,सहायक औषधि नियंत्रक, पूर्वी चंपारण




## सिटी बाइट्स

### 40 वर्ष पुरानी महात्मा गांधी की प्रतिमा गिरी


स्मारक समेत टूटी गांधी जी की प्रतिमा.

**मधुबन.** प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधीनगर चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं स्मारक शुक्रवार की रात अचानक टूटकर गिर गया. घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी व्याप्त है. लोगों का कहना है कि स्मारक लंबे समय से जर्जर अवस्था में था और इसकी मरम्मत को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया था. लोगों ने प्रशासन से घटना की जांच कराने, दोषियों की जवाबदेही तय करने तथा स्मारक का पुनर्निर्माण कर महात्मा गांधी की प्रतिमा को पुनः स्थापित करने की मांग की है.करीब 40 वर्ष पूर्व स्थानीय लोगों के सहयोग से तत्कालीन गुदरी चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं स्टैच्यू की स्थापना कराई गई थी.

### 50 साल पुराना पाकड़ का पेड़ गिरा


आंधी में गिरा 50 साल पुराना पेड़.

**बंजरिया.** प्रखंड के पचरूखा मध्य पंचायत अंतर्गत सिसवनिया गांव में शुक्रवार की शाम आई तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन को खासा प्रभावित किया. इस दौरान गांव स्थित एक 50 साल पुराना विशाल पाकड़ का पेड़ धराशायी हो गया. गनीमत रही कि इस घटना के समय आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया.मिली जानकारी के अनुसार उक्त पेड़ गांव के ही निवासी मो. खुरम के दरवाजे पर स्थित था. शुक्रवार की संध्या जब अचानक तेज हवाएं चलने लगीं और मूसलाधार बारिश शुरू हुई, तो देखते ही देखते यह विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क पर आ गिरा. पचरूखा मध्य पंचायत के मुखिया मो. सलवातुल्लाह उर्फ आदिल राणा ने बताया कि पेड़ गिरने के बाद ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई थी.

### दो बच्चों की मां का किया अपहरण, प्राथमिकी

**तुरकौलिया.** तुरकौलिया पूर्वी पंचायत के कवलपुर गांव से दो बच्चों की मां को बहला फुसलाकर अपरहण करने का मामला उजागर हुआ है. मामलें में पीड़ित पति वार्ड 11 के निरंजन कुमार सहनी ने थाना में आवेदन देकर एफआइआर दर्ज कराया है. बताया है कि उसकी शादी हिन्दू रीति रिवाज से मई 2019 में हरसिद्धि थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी. इस दौरान उसे एक- एक पुत्र और पुत्री प्राप्त हुई. इसके बाद वह बैंगलोर रोजी रोटी के लिए मजदूरी करने चला गया. इसी बीच उसे मालूम हुआ कि मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के फुरसतपुर बैरिया के रहने वाली दो महिलाएं कलावती देवी और रिया देवी उसके घर आई थी. वे पत्नी के रिश्तेदार है. बहला फुसलाकर पत्नी को लेकर चली गई. साथ ही गहना और पैसा भी ले गए. थानाध्यक्ष संपत कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर महिला के बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है.

### आठ किलो गांजा के साथ तस्कर धराया

**इुरियाघाट.** थाना क्षेत्र के राजमार्ग 27 पर रामपुर खजुरिया चौक के समीप शुक्रवार की देर संध्या पुलिस ने गांजा के साथ एक तस्कर को दबोचा है. पकड़ा गया तस्कर जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र के जनेरवा गांव निवासी शेख जुल्फेकार बताया जाता है. मिली जानकारी के अनुसार पुलिस राजमार्ग पर गश्त कर रही थी कि एक व्यक्ति को बैग लिए खड़ा देख सक के आधार पर पूछताछ की. वहीं बैग को खोल जांच पड़ताल किया. जहां जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने उक्त बैग में रखा करीब सात किलो नौ सौ ग्राम गांजा बरामद किया. वही मौके से बैग लिए तस्कर को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ के दौरान उक्त तस्कर ने पुलिस को वह उक्त गांजा को दिल्ली ले जा रहा था. थानाध्यक्ष विवेक कुमार बालेन्दु ने बताया कि गांजा को जब्त कर पकड़े गए तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### पुलिस ने की है इनाम की घोषणा, पूर्व में दो की गिरफ्तारी हुई थी

## एटीएम तोड़ चोरी मामले में गिरफ्तारी के लिए हरियाणा गयी पुलिस टीम

प्रतिनिधि,मोतिहारी

रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में एटीएम तोड़कर चोरी कांड में फरार मास्टरमाइंड समेत तीन बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए मोतिहारी पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है. आरोपियों की तलाश में विशेष टीम हरियाणा पहुंचकर उनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है. पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही फरार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

बता दें कि 29 अप्रैल की देर रात रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के मेन रोड बस स्टैंड स्थित एसबीआई एटीएम को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने गैस कटर से मशीन काटकर उसमें रखे 37.37 लाख रुपए उड़ा लिए थे. वारदात को अंजाम देने से पहले अपराधियों ने एटीएम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था. घटना के बाद रघुनाथपुर थाना में कांड दर्ज कर जांच शुरू की गई थी. पुलिस जांच में हरियाणा के एक संगठित गिरोह की संलिप्तता सामने आई. अब तक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है. गिरफ्तार आरोपियों में हरियाणा के नूंह जिले के ओहता गांव निवासी साहिल तथा खैरथल जिले के गोवालदा गांव निवासी जुहूर खां शामिल हैं. इनके पास से गैस कटर में प्रयुक्त पीतल का नोजल और नीला रबर पाइप बरामद किया गया था. पुलिस के अनुसार गिरोह के मास्टरमाइंड साहजत, जुनैद समेत तीन आरोपी अब भी फरार हैं. एसपी स्वर्ण प्रभात ने पिछले माह साहजत और जुनैद पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था. बताया जा रहा है कि वारदात में कुल पांच बदमाश शामिल थे. यह गिरोह बिहार के कई जिलों में एटीएम काटकर नकदी चुराने की घटनाओं को अंजाम दे चुका है. फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हरियाणा में लगातार दबिश दे रही है.

**सख्ती**

### बिजली चोरी के खिलाफ विभाग सख्त, आरोपी पर प्राथमिकी

प्रतिनिधि, बंजरिया

थाना क्षेत्र में बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी कर बिजली चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है. अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करने के आरोप में विभाग ने एक व्यक्ति के खिलाफ बंजरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार जेई राघवेंद्र कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की एक विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की. इस टीम में एसडीओ राजीव रंजन, मानवबल राजीव रंजन, उमेश कुमार और भिखारी सहनी शामिल थे. टीम ने चैलाहां कुड़िया बनारसी चौक वार्ड नं. - 10 निवासी पन्नालाल कुमार के परिसर में औचक निरीक्षण किया. जांच में पाया कि उपभोक्ता के पास वैध बिजली कनेक्शन (संख्या: 12810030103) होने के बावजूद, उन्होंने मीटर को बाईपास कर लिया था. आरोपी 2.30 किलोवाट लोड का उपयोग व्यावसायिक (NDS1D) कार्यों के लिए अवैध तरीके से कर रहा था. बिजली विभाग के अनुसार इस चोरी के कारण नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को राजस्व के रूप में लगभग 1 लाख 51 हजार 82 रुपये का भारी नुकसान हुआ है. टीम ने मौके पर ही अवैध रूप से लगाए गए तारों को जब्त कर लिया और जब्ती सूची तैयार की. मामले में जेई राघवेंद्र कुमार ने बंजरिया थाना में लिखित आवेदन दिया है. आवेदन के आधार पर आरोपी पन्नालाल कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है.

## कोटवा में डीजल कटवा गिरोह का सदस्य गिरफ्तार


डीजल और कारोबारी के साथ पुलिसकर्मी.

प्रतिनिधि,कोटवा

थाना पुलिस ने डीजल चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के घर से करीब 100 लीटर चोरी का डीजल बरामद किया है. इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय डीजल कटवा गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश तेज कर दी गई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोटवा थाना क्षेत्र के सिहोरवा कररिया गांव निवासी जय राम साह के 22 वर्षीय पुत्र राजन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान उसके घर से बड़ी मात्रा में डीजल बरामद हुआ. प्रारंभिक जांच में बरामद डीजल चोरी का होने की बात सामने आई है. पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है. पूछताछ के दौरान गिरोह के अन्य सदस्यों और डीजल चोरी के नेटवर्क से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की संभावना जताई जा रही है. पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है. कोटवा पुलिस की इस कार्रवाई को डीजल चोरी और अवैध कारोबार पर बड़ी चोट माना जा रहा है. मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है.

### सर्पदंश से महिला की हुई मौत

**केसरिया.** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैरिया बाजार निवासी 55 वर्षीय ज्ञान्ती देवी की सर्पदंश से मौत हो गयी. वह मोती राय की पत्नी थीं. जानकारी के अनुसार ज्ञान्ती देवी शनिवार को घर में पशुओं के लिए रखे भूसा को निकाल रही थीं. इसी दौरान भूसा में छिपे जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया. घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई. पहले उन्हें स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए मुजफ्फरपुर ले जाया जा रहा था. बताया जाता है कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी.

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, प्रयागराज में मिला शव

- भांजे के साथ मुंबई से अपने घर लौट रहा था मो साबिर

प्रतिनिधि,फेनहारा

थाना क्षेत्र के इजोरबारा गांव निवासी एक युवक का शव उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के करछना थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थिति में बरामद हुआ है. मृतक की पहचान इजोरबारा निवासी मो. सफीक के 40 वर्षीय पुत्र मो. साबिर के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया. मृतक के पिता मो. सफीक, छोटा भाई मो. बशीर समेत परिवार के अन्य सदस्य शव लेने के लिए प्रयागराज रवाना हो गए हैं.

मुंबई में करता था काम, तबीयत खराब होने पर लौट रहा था घर .परिजनों ने बताया कि मो. साबिर पिछले कई वर्षों से मुंबई में रहकर बैग बनाने का काम करता था. पिछले कुछ दिनों से उसकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी. इलाज के बावजूद आराम नहीं मिलने पर वह अपने भांजे के साथ ट्रेन से घर लौट रहा था.

### ट्रेन में भांजे से हुई थी कहासुनी

मृतक के भांजे के अनुसार, सफर के दौरान रास्ते में साबिर की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही थी.
प्रयागराज के करछना के पास ट्रेन में किसी बात को लेकर साबिर अपने भांजे से उलझ गया और मारपीट करने लगा. इसके बाद भांजा बाथरूम चला गया. भांजे ने कोच में मौजूद सहयात्रियों से पूछा .यात्रियों ने बताया कि साबिर चलती ट्रेन से कूद गया है . इसकी जानकारी घर वालों को दिया . घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची . करछना पुलिस ने ट्रैक के किनारे से शव बरामद किया .

**बिलख रहा परिवार:** मृतक मो. साबिर अपने पीछे पत्नी नजमा खातून, मां सईदा खातून, चार बेटियां और दो बेटों को रोता-बिलखता छोड़ गया है. घटना की खबर सुनते ही पत्नी और मां बेसुध हो गईं. घर पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई है। पूरे गांव में शोक की लहर है.

## कम तेल की थाली से बढ़ेगी भारत की खुशी और सेहत : राधामोहन सिंह


महिलाओं द्वारा बनाये गये व्यंजन को देखते सांसद.

प्रतिनिधि,मोतिहारी

स्थानीय एक रिसोर्ट में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित ₹कम तेल की थाली- भारत की खुशहाली₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि ₹कम तेल की थाली, भारत की खुशहाली₹ कार्यक्रम केवल एक स्वास्थ्य संबंधी संदेश नहीं, बल्कि एक स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में स्वस्थ जीवनशैली, फिटनेस और पोषण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के अनेक प्रयास किए जा रहे हैं. ₹फिट इंडिया₹, ₹इट राइट इंडिया₹ और ₹पोषण अभियान₹ जैसी पहलें इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं.

यह अभियान केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है. जब देश का नागरिक स्वस्थ होगा, तभी देश की उत्पादकता बढ़ेगी, स्वास्थ्य पर होने वाला अनावश्यक खर्च कम होगा और राष्ट्र की प्रगति को नई गति मिलेगी. अपने परिवार और समाज को भी स्वस्थ खान-पान के प्रति जागरूक करेंगे. कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला मोर्चा की महिलाओं ने अपने अपने घर से बिना तेल/कम तेल का अनेक प्रकार का व्यंजन बनाकर लायी थीं. इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह विधायक प्रमोद कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, डिप्टी मेयर डॉ लालबाबू प्रसाद, महिला मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी संगीता चित्रांश, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीता शर्मा, उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शंकर सिंह, डॉ हेना चंद्रा सहित भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही.

### किसानों को मिली पीएम किसान सम्मान निधि की राशि

**मोतिहारी.** पूर्वी चंपारण जिले के लगभग साढ़े चार लाख किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की अगली किस्त की राशि भेजी जाएगी. योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान के बैंक खाते में दो-दो हजार रुपये सीधे हस्तांतरित किए जाएंगे. यह राशि ऐसे समय में किसानों को मिल रही है, जब खरीफ मौसम की खेती की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं. कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया की धान की बुआई, खेतों की तैयारी, बीज और उर्वरक की खरीद जैसे कृषि कार्यों में किसानों को इस राशि से आर्थिक सहायता मिलेगी कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, योजना का लाभ केवल उन किसानों को मिलेगा जिनकी ई-केवाईसी, आधार सीडिंग और भूमि सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की सहायता तीन समान किस्तों में दी जाती है. किसानों के खाते में राशि पहुंचने से जिले के लाखों किसान परिवारों को राहत मिलेगी तथा कृषि कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है.








| माप (मिमी) | अनुशंसित उपभोक्ता मूल्य (प्रति पीस) | |
|---|---|---|
| 6 मिमी | ₹ | 237 |
| 8 मिमी | ₹ | 404 |
| 10 मिमी | ₹ | 616 |
| 12 मिमी | ₹ | 870 |
| 16 मिमी | ₹ | 1549 |
| 20 मिमी | ₹ | 2421 |
| 25 मिमी | ₹ | 3774 |
| 32 मिमी | ₹ | 6231 |

## 13 केंद्रों पर नीट यूजी की पुर्नपरीक्षा आज

प्रतिनिधि,मोतिहारी

नीट यूजी की पुनर्परीक्षा रविवार को 13 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित होगी.यह परीक्षा दो से 5: 15 बजे तक चलेगी. परीक्षा में कुल 6320 परीक्षार्थी शामिल होंगे. परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी केंद्रों पर दंडाधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई है.शनिवार को सभी केन्द्राधीक्षक परीक्षा की तैयारी में जुटे रहे. परीक्षार्थियों को 11 से 1: 30 बजे तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी. जांच दो स्तरों पर की जाएगी. प्रथम स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा तैनात दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस बल द्वारा जांच की जाएगी. वहीं, द्वितीय स्तर पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा प्राधिकृत एजेंसी के माध्यम से जांच की जाएगी.पुरुष अभ्यर्थियों की जांच पुरुष पुलिस और महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला पुलिस द्वारा की जाएगी. अभ्यर्थी अपने साथ रूमाल, मोबाइल फोन, किसी प्रकार की घड़ी, बेल्ट, अंगूठी, चेन, कान की बालियाँ आदि नहीं रखेंगे. साथ ही, वे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण, कलम, पेंसिल, ड्रॉयर, शार्पनर और करेक्शन फ्लुइड भी साथ नहीं लाएंगे.इस परीक्षा में शहर के एलएनडी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर 720, एमएस कॉलेज में 720, एमजेके कन्या इंटर कॉलेज में 720, जिला स्कूल में 672, मंगल सेमिनरी में 600, मोतिहारी इंजीनियरिंग कॉलेज में 600, राजकीय पॉलिटेक्निक में 528, एसपीजी प्लस टू विद्यालय जीवधारा में 408, गोपाल साह प्लस टू विद्यालय में 360, मुजिब बालिका प्लस टू विद्यालय में 288, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय बलुआ टाल में 272, प्रभावती गुप्ता बालिका प्लस टू विद्यालय में 240 तथा महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय बनकट में 192 परीक्षार्थी शामिल होंगे.

## परसौनी को हराकर बरवा बरौली ने जीता मुकाबला

**साठी.** हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू है. जीत उसी की होती है जो दिल और दिमाग से खेलता है. उक्त बातें साठी थानाध्यक्ष राजन कुमार ने कही. मौका साठी पंचायत के परसौनी गांव में शुक्रवार की रात नाइट क्लब क्रिकेट मैच के फाइनल मुकाबले का था. आयोजक शेख अल्तमस ने बताया कि फाइनल मुकाबला परसौनी स्टार क्लब और बरवा बरौली के बीच खेला गया. जिसमें टॉस जीतकर परसौनी टीम ने फील्डिंग करने का फैसला लिया. वहीं बरवा बरौली की टीम ने 10 विकेट के नुकसान पर 80 रनों का लक्ष्य रखा. जवाब में परसौनी की टीम मात्र 65 रन में ही सिमट कर रह गई और बारवा बरौली की टीम ने शील्ड पर अपना कब्जा जमा लिया. बरवा बरौली के कप्तान शिबू आलम को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया. वहीं मैन ऑफ द सीरीज का खिताब हसन कमाल को मिला.


### कोर्ट नोटिस

ब अदालत
सब जज साहब
अरेराज, पूर्वी चम्पारण
बंटवारा वाद सं0-26/20
गुड़िया देवी वो0............ मुदईयान
बनाम
उमेश यादव वो0...........मुदालहम
सूचना बनाम

1. उमेश यादव वल्द स्व. जीलदार यादव. 2. राजकुमार यादव वल्द स्व. संजू यादव. 3. प्रमोद यादव वल्द रीतन यादव. 4. लक्ष्मी यादव वल्द रीतन यादव सभी सा० सरैया टोला खास थाना-पहाड़पुर, जिला- पूर्वी चम्पारण. चूँ हसब हेदायत आपलोगो को गजट प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आपलोगो के विरुद्ध रजिस्टर्ड सम्मन वो नजारत द्वारा सम्मन की कुल कार्यवाही हो चुका है उसके बावजूद आपलोग न्यायालय में उपस्थित नही हो रहे हैं. आपलोग दिनांक 14.07.2026 को 10:30 बजे सुबह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही प्रारंभ कर दिया जायेगा. इसे ताकिद समझें.

सब जज साहब
अरेराज, पूर्वी चम्पारण

### कोर्ट नोटिस

न्यायालय में,
सब जज-06
मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण
स्वत्व वाद सं0-667/2025
रमा देवी वो0..........वादीगण
बनाम
पुण्यदेव प्रसाद कुशवाहा वो0.....मुदालहम
नोटिस बनाम

1.गजेन्द्र भगत. 2. लखिन्द्र भगत दोनों पिता बासदेव भगत. 3. नितिश कुमार. 4. प्रमोद कुमार दोनों पिता स्व0 नथुनी भगत. 5. हरिशंकर पिता स्व0 राजेन्द्र भगत. 6. लालबाबू प्रसाद. 7. प्रेमचन्द्र प्रसाद दोनों पिता स्व0 रामनारायण प्रसाद. सभी साकिनान- भगवानपुर, पो0-घेघवा, थाना-मधुबन, जिला-पूर्वी चम्पारण. विदित हो कि वादीगण ने आपलोगों के विरूद्ध उक्त वाद दायर किया है जिसमें न्यायालय से सम्मन व मोसन्ना निबंधित डाक वो नजारत दोनों माध्यम से आपलोगों पर तामिल हुआ है परन्तु आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए. अतः इस विज्ञापन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग निर्धारित तिथि 24.06.2026 को समय 07:30 बजे अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर पैरवी करें अन्यथा उक्त वाद एकपक्षीय कार्यवाही हेतु निश्चित कर दी जायेगी. इसे अति आवश्यक समझें. आज दिनांक 19.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर से जारी किया गया.

सब जज-06, मोतिहारी

### कोर्ट नोटिस

ब अदालत,
सिविल जज-6
मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण
मोकदमा नं0-358/2025
सेगा--बँटवारा
मंजू देवी वो0...........मुदईयान
बनाम
जोगी सहनी वो0...........मुदालहम
नोटिस बनाम

1.जोगी सहनी वल्द विन्दा सहनी मतौफा. 2. हीरा देवी जौजे जोगी सहनी साकिनान चकनगरी, थाना-मेहसी, डा0-कटहाँ, जिला-पूर्वी चम्पारण. 3. शोभा देवी जौजे नगीना सहनी दोख्तर शिव प्रसाद सहनी मतौफा साकिन पगहीया, थाना-कथैया, पो0-कथैया, जिला-मुजफ्फरपुर. चूँ बावजूदे डाक द्वारा सम्मन वो अदालत के चपरासी द्वारा सम्मन भेजने के बावजूद आपलोग बमोकदमें हाजा हाजीर नहीं हो रहे है. इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से पुनः आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग बता0 22.06.2026 को समय 07:30 बजे बमोकदमें हाजा खुद या मार्फत अपने वकील के हाजीर होकर अपना उजूरदावी दे वरना आपलोगों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की जायेगी. ताकिद जाने. हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी.

सिविल जज-6, सिनियर डिविजन
मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण

### कोर्ट नोटिस

न्यायालय में,
सिविल जज, सिनियर डिविजन
सिविल कोर्ट मोतिहारी
पूर्वी चम्पारण
स्वत्व वाद संख्या-605/2025
रामाश्रय राय वो.......वादीगण
बनाम
बलीराम झा वो..............प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम

1.बलीराम झा पिता स्व. कपिलेश्वर झा. 2. राजभूषण झा 3. बच्चा झा 4. रामबाबू झा 5. प्रेमी झा 6. विनोद झा 7. मनोज झा सभी पिता बलाराम झा साकिन ढोढरा पो0+थाना- राजेपुर भाया चकिया, जिला-पूर्वी चम्पारण. आपलोगों को इस गजट प्रकाशन के माध्यम से पुनः सूचित किया जाता है कि इस वाद में आपलोग प्रतिवादीगण करार दिये गये है. आपलोग न्यायालय के द्वारा दिये गये नोटिस एवं निबंधित डाक से भेजे गये नोटिस के बावजूद आपलोग आज तक अनुपस्थित है. इस गजट प्रकाशन में निर्धारित अगली तिथि 20.07.2026 को आपलोग स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस वाद में उपस्थित होकर समुचित पैरवी करे एवं अपना पक्ष रखें. अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध इस वाद की अग्र कार्यवाहीं एक पक्षीय सुनी जायगी एवं इसके उत्तरदायी आप लोग होंगे. सख्त ताकिद जाने. मेरे दस्तखत एवं न्यायालय के मुहर से जारी.

सिविल जज
मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण

### कोर्ट नोटिस

न्यायालय में
अवर न्यायाधीश 6
मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण.
स्वत्व वाद सं0-423 / 2025
शैल देवी एवं अन्य......................वादीगण
बनाम
नीलम देवी एवं अन्य..............प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम

1. मुकेश महतो पिता शम्भु महतो साकिन- बरमदिया वार्ड नं0 - 1 नगर परिषद् चकिया, पो+थाना - चकिया, जिला पूर्वी चम्पारण. 2. गोविन्द कुमार पिता - स्व. महेन्द्र ओझा साकिन- ओझा टोला चकिया थाना + पो0 + अंचल - चकिया, जिला - पूर्वी चम्पारण. बजरीये इस गजट प्रकाशन द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि मेरे न्यायालय द्वारा प्रेषित निबंधित डाक एवं नाजारत के माध्यम से भेजे गये नोटिस का सम्यक तामिला के बावजुद आपलोग उपस्थित नहीं हो रहे हैं इसलिए आपलोग इस मुकदमें में निर्धारित अगली तिथि दिनांक 20.07.2026 को 10:30 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के मार्फत मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना उत्तरपत्र प्रस्तुत कर मुकदमा कन्टेस्ट करें अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध इस वाद में एकपक्षीय सुनवाई कर डीक्री पारित कर दिया जाएगा जिसकी सारी जबाबदेही आपलोगों की होगी इसे अति आवश्यक समझे . मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से आज दिनांक 06.06.2026 को जारी किया गया.

अवर न्यायाधीश - 6
मोतिहारी पूर्वी चम्पारण.

### कोर्ट नोटिस

न्यायालय.
अवर न्यायाधीश-1
सिविल कोर्ट, मोतिहारी,
जिला-पूर्वी चंपारण.
प्रोबेट वाद संख्या-44 / 2022
पुष्पांजलि.............आवेदिका
बनाम
राजीव कुमार एवं अन्य.........विपक्षीगण
नोटिश बनाम

(1) राजीव कुमार (2) संजीव कुमार दोनों पुत्रगण अखिलेश कुमार वर्मा, दोनों साकीन मोहल्ला बेलबनवा, डाक वो थाना नगर मोतिहारी, जिला पूर्वी चंपारण . चूं बजरिये इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आप लोगों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मोकदमा में न्यायलय द्वारा एवं रजिस्टर्ड डाक द्वारा निर्गत नोटिश / सम्मन की जानकारी रखते हुए जानबूझ कर मोकदमा में हाजिर नही हो रहे हैं. अतः आप सभी को इस गजट प्रकाशन समाचार पत्र के माध्यम से अंतिम अवसर देते हुए सूचित किया जाता है कि मोकदमा की अगली तिथि- 17.07.2026 को समय सुबह 10.30 बजे आपलोग स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखे अन्यथा उपरोक्त मोकदमा की कारवाई आप लोगों के खिलाफ एक पक्षिय की जाएगी. ताकीद जाने.

आदेश, अवर न्यायधीश-1
सिविल कोर्ट, मोतिहारी, जिला-पूर्वी चंपारण





रांची, पटना, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर, कोलकाता, मुजफ्फरपुर, भागलपुर से प्रकाशित



### क्लासिफाइड

#### वैवाहिक MATRIMONIAL

**BRIDE Wanted**

अकेला राजपूत, रांची निवासी को रहकर देखभाल और घर कार्य करने हेतु संस्कारी, ईमानदार विधवा / सिंगल महिला (बच्चा स्वीकार) चाहिए. उचित पारिश्रमिक. M-7319869651.
C-20809(RNC)

Kumar Sunny:- 5'7" / 30yrs. B.Tech., EEE, working in Coca Cola, Mumbai seeks bride educated Girl in Ambashta family. 9931113190 (JH)
C-8019(RNC)

AMB BOY / 33 / 5'10" Elite VLSI Engg in B'lore (Rs. 90 LPA). Dhanbad roots. Well - settled. Seeks educated partner. Ph: 9031409848
C-RMAM-26-11333(RNC)

Bride for Divorced Boy Required. Caste - Kushwaha, Height - 5'6", 1980 born. Employed in Private Sector with 6 Lakhs package. Mob. - 9936086866 / 9431225342
C-59(RNC)

Kayasta bride for B.Tech / 6.1 ft / 27 yrs working in reputed steel company in Jamshedpur. Call : 9931812449.
C-03715(RNC)

**GROOM Wanted**

59 / 5'4" / M.A, B.ED / गवर्नमेंट में टीचर / वेतन - 68,000/- वर चाहिए तलाकशुदा, विधुर / घरजमाई / नौकरीपेशा, कारोबारी, रिटायर्ड मान्य - 6232679841, 8962484475
C-8020(RNC)

मारवाड़ी 25वर्षीय गोरी एवं घरेलू कन्या पिताजी कपड़े का व्यापार करते उनके लिए तलाश वर सभी वैश्य बनिया मान्य. 7321955797
C-17990(RNC)

27 वर्षीय 5'8" लोहार कन्या MCA, IT में कार्यरत हेतु सजातीय वर की तलाश हैं। सीधा सम्पर्क करें - 8240643600, 9875546413
C-16796(RNC)

#### आवश्यकता WANTED

भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें. ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रु.500 - रु.1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के, जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955.
C-63576(RNC)

बिहार + झारखण्ड डायरेक्ट भर्ती बिना इंटरव्यू 10वीं - ग्रेजुएट लड़के - लड़कियां (वेतन 25000 - 55000) सुपरवाइजर, चेकर कम्प्यूटर ऑपरेटर (रहना + खाना) - 9296207171
C-8269(RNC)

#### शैक्षणिक EDUCATIONAL

अब डॉक्टर बनना हुआ आसान
NEET SCORE 2024, 2025 & 2026 IS VALID
DIRECT ADMISSION
MBBS
Starting from 1,50,000 /- Sem.
Russia | Kyrgyzstan | Kazakhstan
Georgia | North America | Vietnam
Nepal | Bangladesh | Tajikistan
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करे -
PRIME EDUTECH
8102800020
8797444844
www.primeedutech.com


#### सूचना

पाठकों से यह अनुरोध है कि किसी भी पृष्ठों पर छपे विज्ञापनों से संबंधित पैसे का लेन-देन या किसी भी एकाउन्ट में पैसे ट्रांसफर करने से पहले स्वयं तथ्यों की जांच-परख कर लें. क्योंकि नौकरी, व्यापार, मनोरंजन, लोन एवं फाईनेंस के नाम पर कुछ लोग धोखाधड़ी एवं ठगी का कारोबार चला रहे हैं, इसके लिए अखबार प्रबंधन जिम्मेवार नहीं होगा.

विज्ञापन प्रबंधक

## नीट परीक्षा को लेकर बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पर उमड़ी भीड़



बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर यात्री भीड़ को नियंत्रित करता आरपीएफ जवान.

प्रतिनिधि, मोतिहारी

नीट की परीक्षा के बीच शनिवार को बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ रही. यात्रियों और परीक्षार्थियों की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए आरपीएफ पोस्ट कमांडर भरत प्रसाद के निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया. टीम ने स्टेशन परिसर सहित प्लेटफॉर्म और आने-जाने वाली विभिन्न ट्रेनों में सघन गश्त की. परीक्षार्थियों की भारी संख्या के कारण स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल न बने, इसके लिए आरपीएफ ने भीड़ को नियंत्रित किया और यात्रियों को कतारबद्ध होकर आवागमन करने के लिए प्रेरित किया. अभियान के दौरान लाउड हेलर के माध्यम से यात्रियों को सुरक्षा और सतर्कता संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए. यात्रियों को संबोधित करते हुए आरपीएफ पदाधिकारी ने कहा कि वे हमेशा उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें और बिना टिकट यात्रा कर रेल नियमों का उल्लंघन न करें. उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी अपरिचित व्यक्ति द्वारा दी गई खाने-पीने की वस्तु न स्वीकार करें, क्योंकि यह जहरखुरानी गिरोह की साजिश हो सकती है.

### पायदान पर खड़े होकर यात्रा न करें

यात्रियों को चलती ट्रेन में चढ़ने- उतरने और पायदान पर खड़े होकर यात्रा करने से बचने की अपील की, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को टाला जा सके . रेल प्रशासन की ओर से स्वच्छता पर विशेष बल देते हुए यात्रियों से अपील की गई कि वे स्टेशन परिसर और ट्रेनों में गंदगी न फैलाएं और रेलवे संपत्ति को अपनी संपत्ति समझकर उसकी रक्षा करें . सुरक्षा के दृष्टिकोण से आरपीएफ ने अपील की कि यदि स्टेशन या ट्रेन में कोई भी लावारिस या संदिग्ध वस्तु दिखाई दे, तो तुरंत इसकी सूचना पास के सुरक्षाकर्मी को दें या रेलवे हेल्प लाइन नंबर 139 पर कॉल करें .

## निगम की बसों का नीट छात्र ले रहे सेवा

**मोतिहारी.** नीट की पात्रता परीक्षा को ले तैयारियां शुरू हो गयी है. 21 जून को होने वाले इस परीक्षा में शामिल होने के लिए शनिवार से ही परीक्षार्थी जाना प्रारंभ कर दिये है. इसके लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों से दर्जनों छात्रों द्वारा अपने गंतव्य की ओर जाना प्रारंभ कर दिया है. बिहार राज्य पथ परिवहन निगम मोतिहारी प्रतिष्ठान के अधीक्षक पुष्पा सिन्हा ने बताया कि शनिवार को दर्जनों छात्र विभिन्न बसों से यात्रा कर पटना-मुजफ्फरपुर के लिए प्रस्थान किये. बताया कि सरकार का यह निर्देश था कि जो भी परीक्षार्थी इस पात्रता परीक्षा में शामिल होने जायेंगे, उन्हें मुफ्त बस सेवा प्रदान की जाएगी. इसके तहत दर्जनों परीक्षार्थी आज ही परीक्षा देने के लिए गंतव्य की ओर निकल पड़े. इस दौरान छात्रों को अपना एडमिट कार्ड दिखाना पड़ा. इसके बाद उन्हें बस में बैठने की इजाजत दी गयी. बताया कि छात्रों के अभिभावकों को यह सुविधा उपलब्ध नहीं कराया गया है. वे भी उस बस से यात्रा कर सकते है बशर्ते उन्हें भाड़ा देना पड़ेगा. यहां बता दें कि जिन छात्रों का रविवार को परीक्षा आयोजित होने वाला है, वे आज ही चले गये. बताया कि यह बसें जिन छात्रों को मुजफ्फरपुर जाना है, उन्हें मुजफ्फरपुर डिपो में छोड़ेगी, जिन्हें पटना जाना है, उन्हें पटना डिपो में छोड़ेगी.






## शांत मन, आत्मविश्वास और सही रणनीति से मिलेगी सफलता : बिपिन सिंह

संवाददाता, पटना



री-नीट परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच बढ़ती उत्सुकता के बीच गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने विद्यार्थियों को परीक्षा दिवस एवं परीक्षा कक्ष में अपनायी जाने वाली महत्वपूर्ण रणनीतियों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया. उन्होंने कहा कि री-नीट केवल ज्ञान की परीक्षा नहीं है, बल्कि यह मानसिक संतुलन, धैर्य, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास की भी परीक्षा है. अंतिम सफलता उसी छात्र को मिलती है जो परीक्षा के दिन अपने मन और भावनाओं पर नियंत्रण बनाये रखता है. उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि परीक्षा से पूर्व रात में कम से कम सात से आठ घंटे की पर्याप्त नींद अवश्य लें तथा सुबह किसी भी प्रकार की नयी पढ़ाई या नये टॉपिक की शुरुआत न करें. छात्रों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से काफी पहले पहुंचना चाहिए, ताकि किसी प्रकार का तनाव उत्पन्न न हो. परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने के बाद अन्य विद्यार्थियों की चर्चा, अनुमानित कट ऑफ या कठिन प्रश्नों की बातों से स्वयं को पूरी तरह दूर रखें. परीक्षा कक्ष के लिए विशेष सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र प्राप्त होने के बाद सबसे पहले पूरे मन को शांत रखें और प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ें. जिन प्रश्नों पर पूर्ण विश्वास हो उन्हें पहले हल करें. किसी एक कठिन प्रश्न पर अनावश्यक समय न गवाएं, समय प्रबंधन ही उच्च स्कोर का सबसे बड़ा आधार है. यदि किसी प्रश्न का उत्तर स्पष्ट न हो, तो केवल अनुमान के आधार पर उत्तर अंकित करने से बचें. निगेटिव मार्किंग अंतिम रैंक को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है. परीक्षा के दौरान यदि कोई कठिन प्रश्न या अपरिचित सेक्शन सामने आ जाये तो घबराने की आवश्यकता नहीं है. याद रखें कि वही प्रश्न आपके प्रतिस्पर्धियों के लिए भी उतने ही कठिन हैं. ऐसे समय में मानसिक स्थिरता ही सबसे बड़ी शक्ति बनती है. बिपिन सिंह ने अभिभावकों के लिए संदेश देते हुए कहा कि परीक्षा के दिन बच्चों पर अतिरिक्त दबाव न बनायें. उनकी तुलना किसी अन्य छात्र से न करें और न ही बार-बार परिणाम या रैंक की चर्चा करें. बच्चों को सकारात्मक ऊर्जा, भावनात्मक समर्थन और आत्मविश्वास प्रदान करें. परीक्षा केंद्र तक का वातावरण जितना शांत और सकारात्मक होगा, विद्यार्थी का प्रदर्शन उतना ही बेहतर होगा. आज का दिन केवल एक परीक्षा का दिन नहीं है बल्कि वर्षों की मेहनत, अनुशासन, त्याग और सपनों को साकार करने का अवसर है. स्वयं पर विश्वास रखिए, ईश्वर पर भरोसा रखिए और पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश जाये.

शौच के दौरान पैर फिसलने से नदी की तेज धार में बह गयी थी

# बंगरी नदी में डूबी बच्ची का दूसरे दिन भी नहीं मिला शव

प्रतिनिधि, बंजरिया

थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरा गांव में शुक्रवार को बंगरी नदी में डूबने से लापता हुई 9 वर्षीय बच्ची अनु कुमारी का शव दूसरे दिन भी बरामद नहीं हो सका है. घटना के बाद से ही पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के फुलवार ब्रह्मपुरा निवासी उमेश महतो की पुत्री अनु कुमारी शुक्रवार दोपहर नदी किनारे गई थी. प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो शौच के दौरान पैर फिसलने से वह अचानक नदी की तेज धार में बह गई. घटना के बाद ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह गहरे पानी में समा चुकी थी. घटना की सूचना मिलते ही सीओ रोहन रंजन सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. आनन-फानन में एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया. गोताखोरों ने शुक्रवार से शनिवार पूरे दिन संध्या तक नदी के गहरे पानी में बच्ची की सघन खोजबीन की, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी. अंधेरा होने के कारण बचाव कार्य को रोकना पड़ा. सीओ रोहन रंजन सिंह ने बताया कि फिलहाल सर्च ऑपरेशन को स्थगित किया गया है, लेकिन रविवार की सुबह फिर से व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा. खबर प्रेषण तक शव बरामद नहीं हो सका था.



बंगरी नदी में शव का खोजबीन करते एसडीआरएफ की टीम.

# एक दिन में ₹4.61 लाख का पुलिस ने काटा चालान

**मोतिहारी.** जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है. इस क्रम में शुक्रवार को जिलेभर में चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान कुल 4.61 लाख का चालान काटा गया. इस दौरान पुलिस ने 734 वाहनों की जांच की और विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कार्रवाई की. जिला पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, ऑपरेशन हेलमेट के तहत सबसे अधिक 2.61 लाख का जुर्माना वसूला गया. इसके अलावा ट्रिपल राइडिंग के मामलों में 30 हजार, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने पर 25 हजार, बिना बीमा के वाहन संचालन पर 76 हजार तथा सीट बेल्ट नहीं लगाने पर एक हजार का चालान काटा गया. अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन में भी 68 हजार का जुर्माना लगाया गया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है. वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वैध दस्तावेज साथ रखने तथा सभी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी है.

## जनता दरबार मे चार मामलों का हुआ निष्पादन

**पताही.** प्रखंड के आंचल कार्यालय में सीओ नाजनी अकरम के नेतृत्व में जमीनी विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन हुआ, जिसमें नौ मामलों का सुनवाई हुआ. साथ ही चार मामलों का जनता दरबार में ही डिस्पोजल कर दिया गया. जनता दरबार मे सुनवाई के बाद 11 लोगो को नोटिस जारी किया गया. जनता दरबार मे वेतवना गांव के मनीष कुमार एवं ओम प्रकाश साह के दखल कब्जा को लेकर सुनवाई हुआ. परसौनी कपूर गांव के अखिलेश्वर तिवारी एवं शत्रुधन तिवारी के रैयती भूमि के आपसी विवाद , महमादा गांव के शारदा देवी आत्मा राम के रैयती भूमि के लेकर आपसी विवाद एवं डुमरी गोविंद गांव के कृष्णनन्दन सिह एवं मोदनरायन साह के रैयती भूमि पर दखल कब्जा के संबंध में सुनवाई हुआ.


**समाहरणालय शिवहर**
(जिला उर्दू भाषा कोषांग)
दूरभाष सं0–06222–257263 (O) 06222–257360 (R)
E-Mail- dm-sheohar.bih@nic.in

बिहार सरकार

उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल विभाग, बिहार सरकार के निदेशानुसार जिला उर्दू भाषा कोषांग, समाहरणालय, शिवहर द्वारा प्रकाशित होने वाली वार्षिक पत्रिका जिला उर्दू नामा, शिवहर वर्ष 2026–27 के लिए शिवहर जिला के शैक्षिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासक, भौगोलिक, समाजिक और आर्थिक विषयों पर आधारित सृजित आलेख व रचनाएं आमंत्रित हैं।

जिला के सभी उर्दू साहित्यकार, शायर (कवि), कथाकार, रचनाकार, पत्राकार और लेखकों से निवेदन है कि उपरोक्त विषयों पर अपनी–अपनी रचनाएं पूर्ण पता, सम्पर्क नम्बर और फोटो के साथ उपलब्ध कराएं। जिला उर्दू भाषा कोषांग, शिवहर द्वारा चयनित रचनाएं ही पत्रिका में मुद्रण के लिए शामिल की जाएंगी और उक्त रचना के लिए किसी प्रकार का मुआवजा या प्रोत्साहन राशि देय नहीं है।

अनुरोध है कि अपनी रचनाएं दिनांक 15-07-2026 तक जिला उर्दू भाषा कोषांग, समाहरणालय में स्वयं उपलब्ध कराएं अथवा कार्यालय के ईमेल– ducsheohar@gmail.com पर ई मेल करें।

(सुनीता सोनू)
प्रभारी पदाधिकारी,
जिला उर्दू भाषा कोषांग,शिवहर

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No. 006154 (District) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



**बन्दोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी**
(नेहरु भवन, डुमरा)
**:– आम सूचना:–**

बिहार सरकार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत सीतामढ़ी जिला के अंचल–**बथनाहा** अंतर्गत राजस्व ग्राम– **चांदपुर उर्फ नारायणपुर, थाना नं0–205** के अधिकार अभिलेख का अंतिम प्रकाशन (प्रारुप) दिनांक– 15.06.2026 को प्रकाशित कर दिया गया है, संबंधित राजस्व ग्राम के सहजदृश्य सार्वजनिक स्थल (संपर्क व्यक्ति सतपाल कुमार साहु, विशेष सर्वेक्षण अमीन, मो0–8521850302) संबंधित राजस्व ग्राम से संबंधित ग्राम पचायत के सूचना–पट तथा संबंधित अंचल कार्यालय के सूचना–पट। यदि किसी हितधारी को प्रकाशित प्रारुप के विरुद्ध कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो प्रकाशित तिथि के नब्बे दिनों के भीतर बन्दोबस्त कार्यालय, नेहरु भवन, डुमरा, सीतामढ़ी में आकर दावा आपत्ति दाखिल कर सकते हैं

2. बिहार विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत राजस्व ग्राम के अधिकार अभिलेख का अंतिम प्रकाशन भू– अभिलेख एवं परिमाप, बिहार पटना के वेबसाईट http://dlrs.bihar.gov.in/service.html पर ऑनलाईन देखा जा सकता है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी
सीतामढ़ी।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No. 006148 (REVENUE) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



**बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना**
(बिहार सरकार का उपक्रम)
**E-RFP INVITING NOTICE NO.- 06(CONS) / 2026–27**

बिहार सरकार

1- OFFICER INVITING BIDS : CHIEF GENERAL MANAGER , Bihar State Building Construction Corporation Ltd. Patna.
2- DATE OF INVITING BID 17.06.2026
3- START DATE OF DOWNLOADING FROM DATE 30.06.2026 TO 22.07.2026
4- LAST DATE AND TIME FOR UPLOAD OF BID DOCUMENTS : DATE 23-07-2026 up to 3.00 pm
5- TIME, DATE AND PLACE OF PRE-BID MEETING : DATE (Tuesday) 07.07.2026 TIME 3.30 PM-4.30 PM
PLACE: CHIEF GENERAL MANAGER, BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD., PATNA
Time zone: Asia/Kolkata Google Meet joining info Video call link: https://meet.google.com/rbq-emcx-jbg
6- PLACE OF SALES/RECEIPT OF Bid Documents : Only on website www.eproc2.bihar.gov.in
7- TIME AND DATE OF OPENING TECHNICAL BIDS : DATE 24-07-2026 Time: 15.00 Hour / (3.00 pm).
8- TIME AND DATE OF OPENING FINANCIAL BIDS : After disposal of Technical bid by Competent Authority
9- LAST DATE OF BID VALIDITY : 120 days from Last date of Bid submission
10- Following work :-

| Sl. No. | Dist | Name of the work | Consultant Fee for Preparation of DPR | Earnest Money (In Rs.) | Cost of Bid document (In Rs.) | Bid processing Fee | Time of submission of DPR after work order | Name of PIU |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Banka | RFP - Selection of Consultant for Preparation of Model Drawings/Dpr for Development of Water sports Academy at Dist.:- Banka, Bihar. *Detailed Requirements and others Details will be made available through Eproc-2 website. * Construction of Aesthetically appealing structure with campus development. * Plot size is 3.0 Acre | As per offer | ₹50000-00 | ₹5]000-00 | ₹590-00 | 30 days | Bhagalpur |

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar
PR. No. 006113 (B&C) 2026-27

Chief General Manager
Bihar State Building Construction Corporation Ltd. Patna

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है। इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268



**बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग**
5, हार्डिंग रोड, पटना - 800001
(वेबसाईट- https://bpssc.bihar.gov.in)

**संदर्भ:-विज्ञापन संख्या-05/2025 एवं 02/2026**
**आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या-05/2025 के अंतर्गत बिहार सरकार, गृह विभाग (आरक्षी शाखा) में पुलिस अवर निरीक्षक पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक-27.05.2026 (बुधवार) को आयोजित मुख्य लिखित परीक्षा के परीक्षाफल का प्रकाशन किया गया है जिसे आयोग की वेबसाईटः https://bpssc.bihar.gov.in पर Bihar Police टैब के अन्तर्गत देखा जा सकता है।

2. विज्ञापन सख्या-02/2026 के अंतर्गत बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में गृह रक्षक (दैनिक कर्त्तव्य भत्ता भोगी खिलाड़ी सहित) से अधिनायक लिपिक पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक-20.05.2026 को आयोजित लिखित परीक्षा के परीक्षाफल का प्रकाशन किया गया है जिसे आयोग की वेबसाईट: https://bpssc.bihar.gov.in पर 'Home Guard' टैब के अंतर्गत देखा जा सकता है।

3. उक्त दोनों परीक्षाओं के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा के सम्बन्ध में सूचना बाद में प्रकाशित की जायेगी।

ह0/-
अध्यक्ष,
बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,
पटना।

पत्र सख्या- बि0पु0अ0 से0आ0/ परीक्षा-01-06/2025-794
दिनांक--19.06.2026


## पोलियो अभियान की सफलता को ले बैठक

**गोविंदगंज.** पल्स पोलियो अभियान की सफलता को ले शनिवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में अभियान की सफलता को लेकर आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों से सहयोग की अपील की गई. 28 जून से 2 जुलाई तक पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान में अरेराज नगर पंचायत व प्रखंड के 14 पंचायतों में लिए 72 टीम व 22 सुपरवाइजर को लगाया जाएगा. बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षित ने अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ राजीव कुमार श्रीवास्तव,पीएचसी प्रभारी डॉ राहुल पाठक से आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की. बीडीओ ने बताया कि अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग के साथ आंगनबाड़ी, शिक्षा, जीविका सहित अन्य विभागों की सहभागिता जरूरी है. मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक कुन्दन कुमार,जीविका,शिक्षा व आईसीडीएस सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे.


**पूर्व मध्य रेल**

**रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **खातीपुरा (जयपुर) – दरभंगा** के बीच एक नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत की की जा रही है। इसके संबंध में दिनांक 21.06.2026 को खातीपुरा (जयपुर) से 16:00 बजे उदघाटन स्पेशल ट्रेन को रवाना किया जायेगा, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

**गाड़ी सं. 09711 खातीपुरा (जयपुर)–दरभंगा (एकतरफा) अमृत भारत एक्सप्रेस उद्घाटन स्पेशल**

**समय एवं ठहराव**

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| खातीपुरा (जयपुर) | --- | 16:00 (रविवार) |
| दरभंगा | 18:55 (सोमवार) | --- |

**ठहराव:** दौसा, बांदीकुई, मंडावर एम रोड, भरतपुर, ईदगाह आगरा, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, गोमतीनगर, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, बगहा, नरकटियागंज, सिकटा, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, कमतौल। **संरचना:** शयनयान–8, सामान्य–11, पैन्ट्री कार–1

**ट्रेन नंबर 19725/19726 खातीपुरा (जयपुर)–दरभंगा–खातीपुरा (जयपुर) अमृत भारत एक्सप्रेस**

गाड़ी सं. 19725/19726 खातीपुरा (जयपुर) – दरभंगा – खातीपुरा (जयपुर) अमृत भारत एक्सप्रेस का **नियमित परिचालन** की शुरूआत निम्नलिखित विवरण के अनुसार होगा।

**समय एवं ठहराव**

| 19725 खातीपुरा (जयपुर)–दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस | | | 19726 दरभंगा–खातीपुरा (जयपुर) अमृत भारत एक्सप्रेस | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:30 | खातीपुरा | 08:40 | --- |
| 22:59 | 23:00 | दौसा | 07:53 | 07:55 |
| 23:28 | 23:30 | बांदीकुई | 07:18 | 07:20 |
| 00:10 | 00:12 | मंडावर एम रोड | 05:15 | 05:17 |
| 01:00 | 01:05 | भरतपुर | 03:55 | 04:00 |
| 01:50 | 01:55 | ईदगाह आगरा | 03:00 | 03:05 |
| 03:20 | 03:25 | टूंडला | 02:00 | 02:05 |
| 04:28 | 04:30 | इटावा | 23:53 | 23:55 |
| 07:25 | 07:30 | कानपुर सेंट्रल | 22:00 | 22:05 |
| 08:06 | 08:08 | उन्नाव | 21:06 | 21:08 |
| 09:48 | 9:50 | ऐशबाग | 19:18 | 19:20 |
| 10:39 | 10:41 | गोमतीनगर | 18:55 | 18:57 |
| 11:16 | 11:18 | बाराबंकी | 18:16 | 18:18 |
| 12:35 | 12:37 | गोंडा | 16:35 | 16:40 |
| 15:45 | 15:55 | गोरखपुर | 13:55 | 14:05 |
| 16:35 | 16:40 | कप्तानगंज | 13:05 | 13:10 |
| 18:04 | 18:06 | बगहा | 11:08 | 11:10 |
| 18:50 | 19:00 | नरकटियागंज | 10:05 | 10:15 |
| 19:23 | 19:25 | सिकटा | 08:28 | 08:30 |
| 19:55 | 20:00 | रक्सौल | 08:05 | 08:10 |
| 21:18 | 21:20 | बैरगनिया | 06:36 | 06:38 |
| 22:10 | 22:15 | सीतामढ़ी | 06:00 | 06:05 |
| 22:56 | 22:58 | जनकपुर रोड | 05:11 | 05:13 |
| 23:48 | 23:50 | कमतौल | 04:50 | 04:52 |
| 00:55 | --- | दरभंगा | --- | 04:30 |

**परिचालन के दिन एवं तिथि:** गाड़ी सं. 19725 खातीपुरा (जयपुर) से दिनांक 22.06.2026 से शुक्रवार को छोड़कर शेष सभी दिन एवं गाड़ी सं. 19726 दरभंगा से दिनांक 23.06.2026 से रविवार को छोड़कर शेष सभी दिन

**संरचना:** शयनयान–8, सामान्य–11, पैन्ट्री कार–1

**परिणामस्वरूप:** (i) दिनांक 28.06.2026 (प्रभावी तिथि) से गाड़ी संख्या 15562 गोमती नगर (लखनऊ)–दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस का दरभंगा स्टेशन पर आगमन समय 01:15 बजे के स्थान पर 01:50 बजे होगा।

(ii) गाड़ी संख्या 55039 नरकटियागंज–बढ़नी पैसेंजर के समय में भी दिनांक 23.06.2026 (प्रभावी तिथि) से संशोधन किया जाएगा, जिसका विवरण निम्नानुसार है

**गाड़ी संख्या 55039 के संशोधित समय**

**समय एवं ठहराव**

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| नरकटियागंज | 16:45 | -- |
| चमुआ | 16:53 | 16:55 |
| हरिनगर | 17:04 | 17:06 |
| भैरोगंज | 17:15 | 17:17 |
| खरपोखरा | 17:25 | 17:27 |
| बगहा | 17:44 | 17:47 |
| अवसानी हॉल्ट | 17:55 | 17:56 |
| वाल्मिकीनगर रोड | 18:05 | 18:07 |
| पनियहवा | 18:36 | 18:38 |

विस्तृत जानकारी के लिए www.enquiry.indianrail.gov.in / NTES APP

मु. या. परि. प./पूमरे./हाजीपुर

पीआर/0438/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/26–27/245



**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, बेतिया**
**अति अल्पकालीन पुनः ई०–निविदा आमंत्रण सूचना सं०–08/2026–27**
**(S.B.D. Based)**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेतिया।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :– दिनांक– 18.06.2026
3. निविदा कागजात प्राप्त करने (डाउनलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक– 02.07.2026 से 27.07.2026 03:00 बजे अप० तक।
4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक– 28.07.2026 को अपराहन् 3:00 बजे अप० तक।
5. निविदा खोलने (तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय :– दिनांक– 29.07.2026 को अपराहन् 3:00 बजे।
6. निविदा बिक्री का स्थान :– वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in ) पर।
7. प्रिबीड मिटिंग –- (1) की तिथि समय एवं स्थान :– दिनांक– 13.07.2026 को 12:30 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मोतिहारी का कार्यालय।
(2) की तिथि समय एवं स्थान :– दिनांक– 20.07.2026 को 12:30 बजे मुख्य अभियंता, उ० उपभाग, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का कार्यालय।
8. निविदा खोलने (वित्तीय बीड) की तिथि एवं समय :– तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात्।
9. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन।

कार्य का विवरणी:–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (करोड़ में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | बिड प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पश्चिम चम्पारण स्थित लौरिया प्रखण्ड मे देउरवा, लाकर सिसई, बेलवा लखनपुर एवं तेलपुर पचायत में कुल 4 अदद पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य (विद्युत सहित)। | 12.20 | 22,20,000.00 | 10,000.00 | 5900.00 | 12 माह |

10. निविदा केवल ई०–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जाएगा।
11. प्राक्कलित राशि कम या अधिक हो सकती है, परिमाण–विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि उसी के अनुसार मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, बेतिया

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No. 006192 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



**समाहरणालय मुजफ्फरपुर**
(जिला भू–अर्जन कार्यालय)
**प्रारंभिक अधिसूचना**
(अधिनियम–30/2013 की धारा– 11(1) के अधीन)

बिहार सरकार

चूँकि समाहर्त्ता, मुजफ्फरपुर को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–मोरसंडी, थाना नं०–209, अंचल–मोतीपुर, जिला– मुजफ्फरपुर में कुल–4.74 एकड़ यानि 1.91821 हे० भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा, परियोजना– मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत अनुमण्डलीय(पश्चिमी) व्यवहार न्यायालय आधारभूत संरचना यथा कोर्ट भवनों एवं न्यायिक आवासीय भवनों के निर्माण हेतु अपेक्षित है, इसलिए राज्य, एस०आई०ए० (SIA) इकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार संक्षेप मे है कि:– यह परियोजना लोक प्रयोजनार्थ है। इसके निमित्त भू–अर्जन करने का सामाजिक मूल्य कम है तथा सामाजिक लाभ ज्यादा है। भू–अर्जन के कारण कुल xx परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गये है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–मोरसंडी, थाना नं०–209, अचल–मोतीपुर, जिला– मुजफ्फरपुर मे कुल–4.74 एकड़ यानि 1.91821 हे० मानक माप का भू–खंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, का अर्जन किया जाता है:–

| क्र० | खाता सख्या | सर्वे भूखंड सख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भू–खंड संख्या) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 551 | 4090/4899 | रैयती | विकासशील | 1.487 | आनंदा प्रसाद ठाकुर पिता–रामौतार ठाकुर, सा०–मोरसंडी | अंश खेसरा 4899, 4897 | 4966 | 4897, 4966 | 4966 |
| 2 | 19 | 4897 | रैयती | विकासशील | 0.953 | नन्द किशोर प्रसाद सिंह पिता–स्व० विद्यापति प्रसाद सिंह वो रामजी प्रसाद सिंह पिता–नकदेन्द्र सिह वो श्रीमती तारा देवी पति–रामजी प्रसाद वो श्रीमती अरुणा कुमारी पति–नन्द किशोर प्रसाद सिंह सा०–मोरसंडी | अंश खेसरा 4897 | 4899, 4966 | अंश खेसरा 4897 | 4899 |
| 3 | 635 | 4899/4966 | रैयती | विकासशील | 2.3 | रामनरेश ठाकुर वो रामप्रवेश ठाकुर वो अवधेश ठाकुर वो मिथिलेश ठाकुर वो बच्चा ठाकुर पिता–राम अवतार ठाकुर सा०–पानापुर | 4899 | सीमान नरियार | अंश खेसरा 4966 | अंश खेसरा 4966 |
| | | | | कुल रकबा– | 4.74 (चार एकड़ चौहत्तर डिसमिल) | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन,पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013),की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार ,मुजफ्फरपुर उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए,अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम उत्पन्न करेगा।

अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हित्बद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,मुजफ्फरपुर के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार,
मुजफ्फरपुर

PR. No. 006141 (District ) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।



**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**
**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद्, कांटी**

**निविदा आमंत्रण सूचना सं0 E-Tender:- 06/ 2026-27**
(डबल बीड पद्धति)
(ई–टेंडरिंग द्वारा **www.eproc2.bihar.gov.in**)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, कांटी।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक 16.06.2026
3. प्री बीड बैठक का तिथि, समय एवं स्थान : दिनांक 04.07.2026 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न (नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, कांटी का कार्यालय)
4. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.07.2026 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न (on website www.eproc2.bihar.gov.in )
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक 14.07.2026 को 15:00 बजे तक। (on website www.eproc2.bihar.gov.in )
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक 15.07.2026 को 15:30 बजे के बाद
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार।
8. **कार्य का विवरण**–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि ( Online के माध्यम से) Website:- www. eproc2. bihar. gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (Online के माध्यम से) Website:- www. Eproc2. bihar.gov.in | Bid Processing Fee (Through online payment) हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्ड सं0 – 19 में पचपकड़ी रेलवे गुमटी के पास Over head Water Tank का निर्माण, पाईपलाईन का अधिष्ठापन कार्य एव शेष बचे 200 घरों में गह जल संयोजन एवं संबंधित नल – जल कार्य। | 2613332 | 52300 | 5000 | As Per eproc2 | 3 Month |
| 2 | वार्ड सं0 – 21 में Over head Water Tank का निर्माण, पाईपलाईन का अधिष्ठापन कार्य एवं 200 घरों में गह जल संयोजन एवं संबंधित नल – जल कार्य। | 2645242 | 53000 | 5000 | As Per eproc2 | 3 Month |

Note: - Bidders should submit Bid Processing fee through online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in

For further details please visit website state.bihar.gov.in/prdbihar

PR- 006034 ( B & C ) 2026-27

नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, कांटी।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## समाहरणालय, दरभंगा

(जिला भू–अर्जन कार्यालय)

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

बिहार सरकार

संख्या 1083/भू–अ0.

चूँकि समाहर्त्ता, दरभंगा–सह–समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि **मौजा–रसलपुर खुर्द, थाना नं0–494, अंचल–बहादुरपुर, जिला–दरभंगा में कुल–0.0215एकड़ यानि 0.0087हेक्टेयर** भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा, परियोजना–दरभंगा जिला अन्तर्गत रेलवे स्टेशन से आमस दरभंगा एक्सप्रेसवे भाया दोनार चौक, कर्पूरी चौक एवं कर्पूरी चौक से एकमी चौक, भाया लहेरियासराय चौक तक अपग्रेडेशन/उन्नयन तथा एलिवेटेड कोरिडोर निर्माण हेतु अपेक्षित है। भू–अर्जन के कारण **कुल 0 परिवार** के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता, दरभंगा प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **मौजा–रसलपुर खुर्द, थाना नं0–494, अंचल–बहादुरपुर, जिला–दरभंगा में कुल–0.0215एकड़ यानि 0.0087हेक्टेयर**मानक माप का भू–खंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, का अर्जन किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सी0एस 0भूखंड संख्या | म्यूनिसपल भूखंड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अधिसूचित रकवा (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | – | 243 | 37110 | रैयती | बाग | 0.0109 | मेरी सिंह पति–विश्वनाथ सिंह | – | – | – | – |
| 2 | – | 254 | 37121 | रैयती | मकान | 0.0106 | सुर्यमुखी देवी पति–स्व0 यदुवीर यादव वो अशोक कुमार श्रीवास्तव पिता–महेश्वर प्रसाद वो डॉ0 इन्द्रा कुमारी पति–डॉ0 बिरेन्द्र कुमार | – | – | – | – |
| | | | | कुल रकवा– | | 0.0215 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। कुल रकवा–0.0215 एकड़ यानि 0.0087 हेक्टेयरअर्जनाधीन भूमि है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित के प्रकाशन की तिथि से 60 (साठ) दिनों तक किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**समाहर्त्ता, दरभंगा –सह– समुचित सरकार**

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 006181 ( Revenue ) 2026-27

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

## समाहरणालय, दरभंगा

**(जिला भू–अर्जन कार्यालय)**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**

बिहार सरकार

संख्या 1077/भू–अ0.

चूँकि समाहर्त्ता, दरभंगा–सह–समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि **मौजा–दरभंगा टाउन 29, सीट नं0–79, अंचल–सदर दरभंगा, जिला–दरभंगा में कुल–0.239 एकड़ यानि 0.09672 हेक्टेयर** भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा, परियोजना–दरभंगा जिला अन्तर्गत रेलवे स्टेशन से आमस दरभंगा एक्सप्रेसवे भाया दोनार चौक, कर्पूरी चौक एवं कर्पूरी चौक से एकमी चौक, भाया लहेरियासराय चौक तक अपग्रेडेशन/उन्नयन तथा एलिवेटेड कोरिडोर निर्माण हेतु अपेक्षित है। भू–अर्जन के कारण **कुल 0 परिवार** के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता, दरभंगा प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **मौजा–दरभंगा टाउन 29, सीट नं0–79, अंचल–सदर दरभंगा, जिला–दरभंगा में कुल–0.239 एकड़ यानि 0.09672 हेक्टेयर**मानक माप का भू–खंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, का अर्जन किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सी0एस0 भूखंड संख्या | म्यूनिसपल भूखंड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अधिसूचित रकवा (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | – | – | 29320 | रैयती | मकान | 0.0292 | अब्दुल गफुर पे0–मो0 जान जैतून निशा पति–अब्दुल गफुर मोदनारायण चौधरी पे0–स्व0 शत्रुघन चौधरी सविता देवी पति–अरूण कुमार महतो सोनदाई देवी पति–गौरी शंकर चौधरी | – | – | – | – |
| 2 | – | – | 29317 | रैयती | मकान | 0.0166 | ऑल बाईक रेस्टोरेंट | – | – | – | – |
| 3 | – | – | 29311 | रैयती | भीठ | 0.0074 | डॉ0 मो0 आजम पे0–मो0 हसन वकील वो गजाला करिम पे0– हसन वकील वो फरजाना मोहसीन पे0–राहत युसुफ पति–सफदर युसुफ शदा आरफी पति–डॉ0 अजीम | – | – | – | – |
| 4 | – | – | 29312 | रैयती | बंगलामय सहन | 0.0158 | डॉ0 मो0 आजम पे0–मो0 हसन वकील वो गजाला करिम पे0– हसन वकील वो फरजाना मोहसीन पे0–राहत युसुफ पति–सफदर युसुफ शदा आरफी पति–डॉ0 अजीम | – | – | – | – |
| 5 | – | – | 29308 | सरकारी | रास्ता | 0.0030 | गैरमजरूआ आम | – | – | – | – |
| 6 | – | – | 29303 | रैयती | बाग | 0.0306 | आशुतोष कुमार वो आलोक कुमार पे0–स्व0 महंत मोदनारायण मोहन दास शुभम कुमार वो शिवम कुमार | – | – | – | – |
| 7 | – | – | 29305 | रैयती | बाग | 0.0116 | आशुतोष कुमार वो आलोक कुमार पे0–स्व0 महंत मोदनारायण मोहन दास शुभम कुमार वो शिवम कुमार | – | – | – | – |
| 8 | – | – | 29304 | रैयती | मकानमय सहन | 0.0059 | आशुतोष कुमार वो आलोक कुमार पे0–स्व0 महंत मोदनारायण मोहन दास शुभम कुमार वो शिवम कुमार | – | – | – | – |
| 9 | – | – | 29297 | रैयती | मकान | 0.0049 | अवधेश कुमार पे0–स्व0 विशेश्वर ठाकुर कुमारी शर्मिला पति–अवधेश कुमार | – | – | – | – |
| 10 | – | – | 29296 | रैयती | मकान | 0.0099 | आशा देवी पति–स्व0 मनोज कुमार शाह वो अनोज कुमार शाह पे0–स्व0 विश्वनाथ शाह वो अवधेश ठाकुर वो गीता झा पति–डॉ0 विन्देश्वर झा | – | – | – | – |
| 11 | – | – | 29295 | रैयती | मकान | 0.0086 | आशा देवी पति–स्व0 मनोज कुमार शाह वो अनोज कुमार शाह पे0–स्व0 विश्वनाथ शाह वो अवधेश ठाकुर वो गीता झा पति–डॉ0 विन्देश्वर झा | – | – | – | – |
| 12 | – | – | 29294 | रैयती | मकान | 0.0264 | आशा देवी पति–स्व0 मनोज कुमार शाह वो अनोज कुमार शाह पे0–स्व0 विश्वनाथ शाह वो अवधेश ठाकुर वो गीता झा पति–डॉ0 विन्देश्वर झा वो रतन कुमार झा वो राजकुमार डोकानिया | – | – | – | – |
| 13 | – | – | 29291 | रैयती | मकान | 0.0294 | मनोज कुमार सिंह पे0–स्व0 शत्रुधन प्रसाद सिंह | – | – | – | – |
| 14 | – | – | 29289 | रैयती | मकान | 0.0343 | पचाढ़ी मठ रामउदित दास (मौनी बाबा) | – | – | – | – |
| 15 | – | – | 29288 | रैयती | मकान | 0.0032 | कृष्ण चन्द्र झा वो श्रीमती प्रेमलता झा वो राजीव कुमार झा वो संजीव कुमार झा वो आनन्द झा वो अजय चन्द्र झा | – | – | – | – |
| 16 | – | – | 29287 | रैयती | मकान | 0.0022 | कृष्ण चन्द्र झा वो श्रीमती प्रेमलता झा वो राजीव कुमार झा वो संजीव कुमार झा वो आनन्द झा वो अजय चन्द्र झा | – | – | – | – |
| | | | | कुल रकवा– | | 0.239 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। कुल रकवा–0.239 एकड यानि 0.09672 हेक्टेयरअर्जनाधीन भूमि है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित के प्रकाशन की तिथि से 60 (साठ) दिनों तक किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

समाहर्त्ता, दरभंगा –सह– समुचित सरकार

PR. No. 006182 (REVENUE) 2026-27

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

## बन्दोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी

(नेहरु भवन, डुमरा)

**:– आम सूचना:–**

बिहार सरकार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत सीतामढ़ी जिला के अंचल–बथनाहा अंतर्गत राजस्व ग्राम– **भगवानपुर, थाना नं0–201** के अधिकार अभिलेख का अंतिम प्रकाशन (प्रारुप) दिनांक– 10.06.2026 को प्रकाशित कर दिया गया है, संबंधित राजस्व ग्राम के सहजदृश्य सार्वजनिक स्थल (संपर्क व्यक्ति अब्दुल रहीम अमजद, विशेष सर्वेक्षण अमीन, मो0–9576263264) संबंधित राजस्व ग्राम से संबंधित ग्राम पचायत के सूचना–पट तथा संबंधित अंचल कार्यालय के सूचना–पट। यदि किसी हितधारी को प्रकाशित प्रारुप के विरुद्व कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो प्रकाशित तिथि के नब्बे दिनों के भीतर बन्दोबस्त कार्यालय, नेहरु भवन, डुमरा, सीतामढ़ी में आकर दावा आपत्ति दाखिल कर सकते हैं

2. बिहार विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत राजस्व ग्राम के अधिकार अभिलेख का अंतिम प्रकाशन भू– अभिलेख एवं परिमाप, बिहार पटना के वेबसाईट http://dlrs.bihar.gov.in/service.html पर ऑनलाईन देखा जा सकता है।

**बन्दोबस्त पदाधिकारी सीतामढ़ी।**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 006150 (REVENUE) 2026-27**

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

## रफीगंज में पिकअप व ऑटो की टक्कर में दो की मौत, दो की हालत गंभीर

**रफीगंज (औरंगाबाद)**..रफीगंज-गोह मुख्य मार्ग पर भाम मोड़ के समीप शनिवार की सुबह पिकअप एवं मुर्गी लदे ऑटो के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए.दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई.घटना की सूचना मिलते ही रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एएसआई राकेश राय, पीटीसी विपिन यादव, डायल 112 की टीम तथा रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एम्बुलेंस चालक अर्जुन बैठा एवं रविंद्र कुमार एंबुलेंस लेकर घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस एवं स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, प्राथमिक उपचार के बाद डॉ लालजी यादव ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया. मृतकों में पिकअप सवार मुफस्सिल थाने के धंधवा निवासी मो नान्हु का पुत्र मो अजीज और ऑटो सवार अरवल के कलेर थाने के हृदयचक के मो इसरार उर्फ हेरु खान का पुत्र मो भोला शामिल है.

## समाहरणालय मुजफ्फरपुर

(जिला भू–अर्जन कार्यालय)

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा– 11(1) के अधीन)

बिहार सरकार

चूंकि समाहर्त्ता, मुजफ्फरपुर को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–नरियार, थाना नं०–210, अंचल–मोतीपुर, जिला– मुजफ्फरपुर में कुल–1.16 एकड़ यानि 0.46943 हे० भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा, परियोजना– मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत अनुमण्डलीय(पश्चिमी) व्यवहार न्यायालय आधारभूत संरचना यथा कोर्ट भवनों एवं न्यायिक आवासीय भवनों के निर्माण हेतु अपेक्षित है, इसलिए राज्य, एस०आई०ए० (SIA) इकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौंपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार संक्षेप में है कि:– यह परियोजना लोक प्रयोजनार्थ है। इसके निमित्त भू–अर्जन करने का सामाजिक मूल्य कम है तथा सामाजिक लाभ ज्यादा है। भू–अर्जन के कारण कुल xx परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गये है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–नरियार, थाना नं०–210, अंचल–मोतीपुर, जिला– मुजफ्फरपुर में कुल–1.16 एकड यानि 0.46943 हे० मानक माप का भू–खंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, का अर्जन किया जाता है:–

| क्र० | खाता संख्या | सर्वे भूखंड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भू–खंड संख्या) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ० | द० | पू० | प० |
| | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 345 | 849 | रैयती | आवासीय | 0.09 | विशुनी सहनी पिता–बुला सहनी सा०–नीज ग्राम | 850 | 848 | 848 | अंश खेसरा 849 (सड़क) |
| 2 | 617 | 850 | रैयती | आवासीय | 0.23 | सनफुल सहनी पिता–धनई सहनी, सा०–नीज ग्राम | 851, 852, 853 | 849 | 848 | अंश खेसरा 850 (सड़क) |
| 3 | 456 | 851 | रैयती | आवासीय | 0.265 | राम अयोध्या राय वो गणेश राय पिता–देवधारी राय सा०–नीज ग्राम | सीमान मोरसंडी | 850 | 848 | 852 |
| 4 | 222 | 852 | रैयती | आवासीय | 0.17 | धरीछन सहनी पिता–धनु सहनी, सा०–नीज ग्राम | सीमान मोरसंडी | 850 | 851 | 853, 854 |
| 5 | 604 | 853 | रैयती | आवासीय | 0.085 | शिवन सहनी वो जीवन सहनी पिता–खदेरन सहनी वो कृष्ण कुमार गुप्ता पिता–लक्ष्मी साह सा०–नीज ग्राम | 854 | 850 | 852 | अंश खेसरा 853 |
| 6 | 209 | 854 | रैयती | आवासीय | 0.305 | देवनन्दन प्रसाद पिता–मुखलाल साह सा०–नीज ग्राम | सीमान मोरसंडी | 852, 853 | 852 | अंश खेसरा 854, 862 |
| 7 | 460 | 862 | रैयती | आवासीय | 0.0125 | राम एकबाल राय पिता–कुल्हाई राय वो दुखा राय वो रीझन राय पिता–रघुनन्दन राय सा०–नीज ग्राम | सीमान मोरसडी, 866 | 854 | 854 | अंश खेसरा 862 |
| 8 | 689 | 866 | सरकारी | भीठ | 0.0025 | गैर मजरूआ सर्वसाधारण | सीमान मोरसंडी | 862 | सीमान मोरसंडी | अंश खेसरा 866 |
| | | | | कुल रकवा– | 1.16 | | | | | |
| | | | | | (एक एकड़ सोलह डिसमिल) | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन,पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013),की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार ,मुजफ्फरपुर उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए,अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम उत्पन्न करेगा।

अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हित्बद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,मुजफ्फरपुर के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार, मुजफ्फरपुर**

**PR. No. 006140 (District ) 2026-27**

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

**बिहार सरकार**

## समाहरणालय, दरभंगा

(जिला भू–अर्जन कार्यालय)

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**

संख्या 1071/भू–अ0

चूँकि समाहर्त्ता, दरभंगा–सह–समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि **मौजा–दरभंगा टाउन 27, सीट नं0–26, 27 अंचल–सदर, जिला–दरभंगा में कुल–1.0338 एकड यानि 0.4184हेक्टेयर** भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा, परियोजना–दरभंगा जिला अन्तर्गत रेलवे स्टेशन से आमस दरभंगा एक्सप्रेसवे भाया दोनार चौक, कर्पूरी चौक एवं कर्पूरी चौक से एकमी चौक, भाया लहेरियासराय चौक तक अपग्रेडेशन/उन्नयन तथा एलिवेटेड कोरिडोर निर्माण हेतु अपेक्षित है। भू–अर्जन के कारण **कुल 0 परिवार** के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता, दरभंगा प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **मौजा–दरभंगा टाउन 27, सीट नं0–26, 27 अंचल–सदर, जिला–दरभंगा में कुल–1.0338एकड यानि 0.4184 हेक्टेयर**मानक माप का भू–खंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, का अर्जन किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सी0एस0भूखंड संख्या | म्यूनिसपल भूखंड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अधिसूचित रकवा (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | – | – | 7279 | सरकारी | हराही पोखर | 0.6926 | गैरमजरूआ खास | – | – | – | – |
| 2 | – | – | 7281 | सरकारी | सड़क | 0.0064 | कैसरे हिन्द | – | – | – | – |
| 3 | – | – | 7399 | सरकारी | परती | 0.0015 | गैरमजरूआ आम | – | – | – | – |
| 4 | – | – | 7400 | सरकारी | – | 0.1090 | गैरमजरूआ खास | – | – | – | – |
| 5 | – | – | 7401 | सरकारी | – | 0.0037 | गैरमजरूआ खास | – | – | – | – |
| 6 | – | – | 7402 | सरकारी | – | 0.0037 | कैसरे हिन्द | – | – | – | – |
| 7 | – | – | 7403 | रैयती | दुकान | 0.0138 | पप्पू कुमार वो सुरेश कुमार साह पिता–किशोरी साह वो शैलेन्द्र मिश्रा पिता–चन्द्रशेखर मिश्रा | – | – | – | – |
| 8 | – | – | 7404 | रैयती | मकान दुकान | 0.0205 | राजेश कुमार गुप्ता वो अमरेश प्रसाद पिता–स्व0 किशोरी साह वो मो0 रूदा वो चन्दन कुमार गुप्ता पिता–रामचन्द्र गुप्ता | – | – | – | – |
| 9 | – | – | 7407 | रैयती | होटल | 0.0042 | पप्पू कुमार साह पिता–किशोरी साह | – | – | – | – |
| 10 | – | – | 7405 | रैयती | होटल | 0.0138 | ध्रुव साह पिता...........वो सुधीर पूर्वे पिता–वैद्यनाथ पूर्वे | – | – | – | – |
| 11 | – | – | 7408 | रैयती | मकान होटल | 0.0079 | भवानी देवी पति–स्व0 शेर बहादुर सिंह वो मो0 असुउद्दीन पिता–मो0 इलदारू | – | – | – | – |
| 12 | – | – | 7409 | रैयती | मकान होटल | 0.0091 | ब्रजमोहन यादव पिता–राजन यादव वो विनोद कुमार यादव पिता–स्व0 मोहन यादव | – | – | – | – |
| 13 | – | – | 7410 | रैयती | – | 0.0143 | मुस्तवाहा (बेनामी) | – | – | – | – |
| 14 | – | – | 7411 | रैयती | मकान होटल | 0.0077 | ललित कुमार | – | – | – | – |
| 15 | – | – | 7412 | सरकारी | – | 0.0015 | गैरमजरूआ आम | – | – | – | – |
| 16 | – | – | 7413 | रैयती | दुकान | 0.0084 | हरिश्चन्द्र मिश्र | – | – | – | – |
| 17 | – | – | 7414 | रैयती | पक्का दुकान | 0.0178 | ललन कुमार मिश्र पिता–स्व0 शिवचन्द्र मिश्र | – | – | – | – |
| 18 | – | – | 7415 | रैयती | मकान दुकान | 0.0138 | रेखा पूर्वे पति–सुधीर पूर्वे उमाशंकर पिता–स्व0 फेकन साह | – | – | – | – |
| 19 | – | – | 7416 | रैयती | पक्का मकान | 0.0131 | आरती झा | – | – | – | – |
| 20 | – | – | 7417 | सरकारी | – | 0.0124 | गैरमजरूआ खास | – | – | – | – |
| 21 | – | – | 7418 | रैयती | दुकान मंदिर | 0.0245 | एस्बेस्टस दुकान वो मंदिर | – | – | – | – |
| 22 | – | – | 7406 | सरकारी | सड़क | 0.0027 | कैसरे हिन्द | – | – | – | – |
| 23 | – | – | 7445 | सरकारी | – | 0.0017 | गैरमजरूआ खास | – | – | – | – |
| 24 | – | – | 7446 | रैयती | – | 0.0042 | मुस्तवाहा (बेनामी) | – | – | – | – |
| 25 | – | – | 7447 | सरकारी | – | 0.0124 | गैरमजरूआ खास | – | – | – | – |
| 26 | – | – | 7448 | सरकारी | – | 0.0059 | गैरमजरूआ खास | – | – | – | – |
| 27 | – | – | 7450 | सरकारी | – | 0.0072 | गैरमजरूआ खास | – | – | – | – |
| | | | | | कुल :– | 1.0338 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। कुल रकवा–1.0338 एकड़ यानि 0.4184 हेक्टेयर अर्जनाधीन भूमि है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित के प्रकाशन की तिथि से 60 (साठ) दिनों तक किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**समाहर्त्ता, दरभंगा –सह– समुचित सरकार**

**PR. No. 006185 (Revenue) 2026-27**

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

## सिटी बाइट्स

### 49 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**छौड़ादानो.** महुआवा एसएसबी और छौड़ादानो पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की सुबह संयुक्त रुप से नाकेबंदी कर 49.1 किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार सुदू आलम 16 वर्ष जीतना थाना क्षेत्र के बड़हरवा गांव निवासी एजाज आलम का पुत्र बताया जाता है. वह नेपाल से गांजा की खेप लेकर आ रहा था. इसकी गुप्त सूचना एसएसबी को मिली तो स्थानीय पुलिस के साथ बॉर्डर पिलर संख्या 370/3 के समीप विशेष संयुक्त नाकेबंदी कर उसे गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया. गांजा तीन पैकेट में पैक किया हुआ था. पूछताछ के बाद एसएसबी ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर बरामद गांजा और गिरफ्तार नवयुवक को छौड़ादानो पुलिस को सौंप दिया है. वहीं पुलिस ने मामले में कांड दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई शुरु कर दी है.

### अग्निपीड़ित परिवारों को मिली सहायता राशि

**चकिया.** स्थानीय अंचल कार्यालय में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान अग्निकांड से प्रभावित 12 पीड़ित परिवारों को विधायक श्यामबाबू यादव द्वारा सरकारी सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया. इस अवसर पर विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य सरकार आपदा की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है. प्रभावित लोगों को त्वरित राहत उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. कहा कि आगजनी जैसी घटनाएं परिवारों को आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रभावित करती हैं.ऐसे समय में सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता पीड़ितों को राहत प्रदान करने का कार्य करती है. उन्होने लाभुकों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने की अपील की. कार्यक्रम में बीडीओ रजनीश कुमार, सीओ गोपाल कुमार,बीस सूत्री अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता उर्फ विजय श्री एवं अन्य पदाधिकारी, कर्मी व नागरिक उपस्थित थे.

### बिहार के महाधिवक्ता बनने पर दी बधाई

**चकिया.** बिहार के वरिष्ठ अधिवक्ता पटना निवासी एसडी संजय को राज्य सरकार द्वारा बिहार का नया महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) नियुक्त किए जाने अनुमंडल सहित पूरे मारवाड़ी समाज में खुशी का माहौल है.उनकी नियुक्ति को समाज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया जा रहा है.इस अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी समाज से जुड़े कई सामाजिक व व्यवसायिक संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं. एसडी संजय इसके पूर्व सुप्रीम कोर्ट में भारत सरकार के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे चुके हैं.उन्हे बधाई देने वालों में अखिल भारतीय मारवाड़ी समाज के अरूण चौधरी, गोपाल रूंगटा,दीपक सिकारिया, जटाशंकर माखरिया मारवाड़ी सम्मेलन के संजय मोदी,मनोज तुलस्यान,कमल अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच के नमन कानोड़िया, विजय लोहिया सहित अन्य लोग शामिल हैं.

### डॉग स्क्वायड के साथ सघन जांच अभियान

**रक्सौल.** पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर हरैया थाना पुलिस ने भारत-नेपाल मैत्री पुल पर जिला डॉग स्क्वायड टीम के साथ सघन जांच अभियान चलाया. अभियान का नेतृत्व एसआई मिंटू कुमार ने किया. इस संबंध में हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विशेष जांच अभियान चलाया गया.

### उत्तर पुस्तिका लेकर परीक्षा केंद्र से निकला परीक्षार्थी

**मोतिहारी.** बिहार मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा में एक अभ्यर्थी द्वारा उत्तर पुस्तिका जमा किए बिना उसे अपने साथ ले जाने का मामला सामने आया है. घटना 17 जून को एलएनडी कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र की है. इस संबंध में केंद्र पर तैनात वीक्षक के आवेदन पर नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. जानकारी के अनुसार, कोटवा प्रखंड के मथुरापुर स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कार्यरत विशिष्ट शिक्षक एवं वीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह की ड्यूटी परीक्षा की द्वितीय पाली में एलएनडी कॉलेज के कक्ष संख्या-09 में लगी थी. परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी अभ्यर्थियों से उत्तर पुस्तिकाएं जमा कराई जा रहे थी.इसी दौरान प्रकाश नामक एक परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका जमा किए बिना ही उसे अपने साथ लेकर परीक्षा कक्ष से बाहर निकल गया. नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है.

### आशा कार्यकर्ता एवं फैसिलिटेटर संघ ने किया प्रदर्शन

**घोड़ासहन.** बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता एवं फैसिलिटेटर संघ (गोप गुट) के आह्वान पर शनिवार को आशा कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) घोड़ासहन परिसर में धरना-प्रदर्शन किया.इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में चिकित्सा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा.प्रदर्शन के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगस्त 2025 से मार्च 2026 तक का बकाया मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

### 51 अधिकारी होंगे जीरामजी योजना प्रशिक्षण में शामिल

**मोतिहारी.** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जीरामजी योजना को एक जुलाई से पूर्ण रूप से लागू करने की तैयारी तेज हो गई है. योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर मोतिहारी में चार जिलों के अधिकारियों का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा. इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं. समाहरणालय परिसर स्थित राजेंद्र सभागार में 24 और 25 जून को होने वाले इस प्रशिक्षण में पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर और गोपालगंज जिले के कुल 51 अधिकारी भाग लेंगे. प्रशिक्षण में कार्यक्रम पदाधिकारी (पीओ), डीएफओ सहित योजना के संचालन से जुड़े अन्य पदाधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी. प्रशिक्षण के दौरान जीरामजी योजना के उद्देश्य, कार्यप्रणाली, क्रियान्वयन की प्रक्रिया, मॉनिटरिंग व्यवस्था और जमीनी स्तर पर आने वाली संभावित चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा होगी. साथ ही अधिकारियों को योजना के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे.

# आधुनिक वानिकी में तकनीक से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

- असीम संभावनाओं वाला करियर है वानिकी : डीन

प्रतिनिधि,पीपराकोठी



वानिकी उत्पाद का प्रदर्शन करतीं पीडीडीयू वानिकी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय की छात्राएं.

एक समय था जब वानिकी को केवल वन विभाग की नौकरी तक सीमित समझा जाता था, किंतु आज यह धारणा पूरी तरह बदल चुकी है. आधुनिक वानिकी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन प्रौद्योगिकी, भू-स्थानिक सूचना प्रणाली, रिमोट सेंसिंग, कार्बन लेखांकन, जैव विविधता मूल्यांकन तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है. पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय वानिकी शिक्षा, अनुसंधान एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है. महाविद्यालय के डीन, डॉ. कुन्दन किशोर के अनुसार, विश्वविद्यालय के कुलपति के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान, व्यावहारिक प्रशिक्षण, क्षेत्रीय अध्ययन, अनुसंधान अनुभव तथा रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान प्रदान किया जा रहा है ताकि उनका समग्र विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित किया जा सके. डॉ अभिषेक राज, सहायक प्राध्यापक ने बताया कि फॉरेस्ट्री ग्रेजुएट्स के पास फॉरेस्ट्री, एग्रो-फॉरेस्ट्री, फॉरेस्ट जेनेटिक्स और ट्री ब्रीडिंग, वाइल्डलाइफ साइंस, एनवायरनमेंटल साइंस, नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट और जीआईएस और रिमोट सेंसिंग जैसे विषयों में आगे की पढ़ाई के बेहतरीन मौके हैं. पोस्ट-ग्रेजुएट पढ़ाई कराने वाले प्रमुख संस्थानों में फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट मैनेजमेंट, वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन, डॉ. राजेंद्र प्रसाद सेंट्रल एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी और बिरसा एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी शामिल हैं. इनमें एडमिशन आमतौर पर आइसीएआर, एआईईईए पीजी, सीयूइटी पीजी, एफआरआइ एंट्रेंस एग्जाम या यूनिवर्सिटी के अपने टेस्ट के जरिए होता है, जिससे रिसर्च, एकेडेमिया, फॉरेस्ट सर्विस, एन्वायरनमेंटल मैनेजमेंट और कंजर्वेशन के क्षेत्रों में करियर बनाने का रास्ता खुलता है. डॉ. हेमंत कुमार के अनुसार आने वाले दशकों में ‘ग्रीन जॉब्स’ अर्थात हरित रोजगारों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि होगी, जिसमें वानिकी क्षेत्र की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी.

## वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस कर रही जांच

# प्रेम-प्रसंग में युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत में 11 पर प्राथमिकी

कार्रवाई

प्रतिनिधि,हरसिद्धि



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते डीएसपी रवि कुमार व गिरफ्तार प्रेमिका का भाई.

थाना क्षेत्र के जैल मुरारपुर सरेह में पेड़ से लटके मिले युवक के शव मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर प्रेमिका के भाई को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच कर रही है. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रवि कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि 19 जून की सुबह सूचना मिली थी कि जैल मुरारपुर सरेह में एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ है. सूचना मिलते ही हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. जांच के दौरान मृतक की पहचान कोटवा थाना क्षेत्र के फतुहा गांव निवासी स्वर्गीय नथुनी राम के 30 वर्षीय पुत्र शिव कुमार के रूप में हुई. घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया.

वैज्ञानिक जांच टीम तथा मृतक के परिजनों की मौजूदगी में शव को पेड़ से उतारा गया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए. पुलिस ने बताया कि मृतक के पास से उसका मोबाइल फोन बरामद हुआ है. मोबाइल की जांच में घटना से पूर्व पत्नी एवं अन्य रिश्तेदारों को भेजे गए कई ऑडियो और वीडियो मिले हैं. इन सभी सामग्रियों की तकनीकी जांच की जा रही है. अनुसंधान के क्रम में यह तथ्य सामने आया है कि मृतक शिव कुमार का जैल मुरारपुर गांव की ही एक रिश्ते की बालिग युवती से प्रेम संबंध था. मोबाइल में मिले कुछ वीडियो में युवक मानसिक तनाव की स्थिति में दिखाई दे रहा है तथा प्रेमिका से मिलने की इच्छा व्यक्त कर रहा है. पुलिस इस पहलू की भी जांच के दायरे में रखकर कार्रवाई कर रही है. मृतक की पत्नी गुड़िया देवी द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. मामले में प्रेमिका के भाई सोनेलाल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है तथा आगे की कार्रवाई जारी है. छापेमारी टीम में अरेराज डीएसपी रवि कुमार, पर्यवेक्षी पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार, अपर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, दरोगा अंकित कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक प्रीतम कुमार, फुल कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे. वही आगे डीएसपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच रिपोर्ट और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला आत्महत्या का है या किसी साजिश के तहत हत्या की गई है.

## साफ नीयत, मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट नीतियों से हुआ बदलाव : राधामोहन



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री.

प्रतिनिधि,चकिया

मोदी सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार शाम चकिया में आयोजित ‘विशेष जनसंपर्क अभियान बैठक’ को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष गवाह हैं कि जब नीयत साफ हो, नेतृत्व मजबूत हो और नीतियां स्पष्ट हो तो बदलाव निश्चित है. यह 140 करोड़ देशवासियों के विश्वास की जीत है और यही विश्वास हमें 2047 तक एक "विकसित भारत" बनाने के हमारे महान लक्ष्य तक लेकर जाएगा. इन 12 वर्षों को केवल उपलब्धियों के रूप में नहीं , बल्कि जनभागीदारी के स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा.इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज,पिपरा विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव,विधानसभा संयोजक रोहित सिंह, नगर अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता उर्फ विजय श्री सहित सैकड़ों विशिष्ट जन मौजूद रहे.

### मासिक भंडारा का हुआ आयोजन

**रक्सौल.** शहर के मुख्य पथ स्थित अम्बेडकर चौक पर शनिवार को मासिक भंडारा का आयोजन हुआ. स्वयंसेवी संस्था समर्पण के तत्वावधान में लगातार 10वें माह भी भंडारा का आयोजन किया गया. संस्था के पवन किशोर कुशवाहा ने बताया कि इस सेवा कार्य को सफल बनाने में संजय गुप्ता, बिनोद कुमार गुप्ता, विजय कुमार महतो, राजू कुमार गुप्ता, अशोक कुमार सिंह, अमित कुमार चड्ढा, साइमन रेक्स, रमेश कुमार रौनियर, विजय कुमार चौरसिया तथा शम्भु प्रसाद चौरसिया सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा.

## छापेमारी के दौरान 25 हजार से अधिक नशीले टेबलेट बरामद

प्रतिनिधि,रक्सौल

नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हरैया पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने भारी मात्रा में नशीली टेबलेट बरामद की है. हालांकि पुलिस की घेराबंदी की भनक लगते ही तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए. बरामद दवाओं की संख्या 25 हजार से अधिक बताई जा रही है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अच्छी-खासी कीमत आंकी जा रही है. इसकी जानकारी देते हुए हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर बड़ी मात्रा में नशीली दवा लेकर नेपाल जाने की फिराक में हैं. सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए परेउवा डाला के समीप विशेष जांच एवं निगरानी अभियान शुरू किया. इस दौरान आने-जाने वाले लोगों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही थी. उन्होंने बताया कि पुलिस की सक्रियता देखकर तस्करों को शक हो गया और वे भीड़ का लाभ उठाकर भाग निकले. फरार होने के दौरान तस्करों ने अपने पास मौजूद नशीली दवाओं का पैकेट वहीं फेंक दिया. पुलिस ने जब संदिग्ध पैकेट की तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में नशीली टेबलेट बरामद हुई. गिनती के दौरान कुल 25 हजार 300 पीस नाइट्राजेपाम टेबलेट पाई गई, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया. उन्होंने बताया कि नाइट्राजेपाम एक नियंत्रित दवा है, जिसका दुरुपयोग नशे के रूप में भी किया जाता है. सीमा क्षेत्रों में इसकी तस्करी के कई मामले पहले भी सामने आ चुके हैं. प्रारंभिक जांच से यह प्रतीत होता है कि बरामद दवा की खेप नेपाल भेजी जानी थी. पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि यह खेप कहां से लाई गई थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं. उन्होंने कहा कि बरामद दवाओं को थाना लाकर सुरक्षित रखा गया है.

### गोली मारने के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रामगढ़वा.** थाना क्षेत्र के सिंहासनी पंचायत अंतर्गत नंदलाली गांव निवासी संजीव कुमार पर हुए जानलेवा हमले की गुत्थी का सफल उद्भेदन करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया. रक्सौल डीएसपी मनीष आनंद के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीम ने घटना के करीब 25 दिनों बाद मुख्य आरोपी ननकू कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया. पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ है कि यह हमला पूरी तरह से सुनियोजित था और इसका तार वर्ष 2023 में हुई नंदलाली गांव के ही मुनचुन सहनी हत्या से जुड़ा है. वर्ष 2023 में इस घटना के मुख्य आरोपी ननकू सहनी के पिता मुनचुन सहनी की हत्या हुई थी इसको लेकर ननकू को संजीव सहनी पर शक था. इसी प्रतिशोध में उसने संजीव को मारने की नीयत से उन पर गोली चलाई थी. घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था और उसने सबूत मिटाने के लिए अपराध में प्रयुक्त पिस्तौल को पास के ही एक तालाब में फेंक दिया था. पुलिस ने इस चुनौतीपूर्ण मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया.

## परीक्षा में अनियमितता के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

प्रतिनिधि,मोतिहारी



धरना प्रदर्शन को संबोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष ई .शशिभूषण राय व अन्य.

परीक्षाओं में अनियमितता, लगातार हो रहे पेपर लीक, बेरोजगारी, बढ़ती हुई महंगाई एवं युवाओं के भविष्य के साथ किए जा रहे खिलवाड़ के खिलाफ शनिवार को ई. शशि भूषण राय उर्फ़ गप्पू राय, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्षता में समाहरणालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया. इस दौरान श्री राय ने बताया कि देश में रोजगार का संकट, भ्रष्टाचार और सरकार की विफलता ने शिक्षा व्यवस्था के हर स्तर को जकड़ लिया है, जिसका खमियाजा युवा भुगत रहे हैं. आए दिन पेपर लीक होना, परीक्षाओं का अचानक रद्द होना, छात्रों को दुबारा परीक्षा के लिए मजबूर करना, भर्ती की प्रक्रिया में देरी होना और बढ़ती बेरोजगारी सरकार की विफलताओं को दर्शाता है. आज के माहौल में छात्रों के बीच निराशा, तनाव और असुरक्षा का माहौल बन रहा है.ऐसी गंभीर स्थिति के बावजूद भी शिक्षा मंत्री, गृह मंत्री तथा पीएम इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं.श्री राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सांसद-सह-नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया है और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि इस संबंध में अभियान चलाकर छात्रों की चिंताओं को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाना है. वर्तमान शिक्षा एवं परीक्षा प्रणाली की विफलताओं को उजागर करना है.श्री राय ने कहा कि इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए प्रखंड मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम 21 से 30 जून के बीच आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी कांग्रेस पदाधिकारियों, संगठनों, प्रकोष्ठों, कार्यकर्ताओं तथा आम जनता की भागीदारी होगी. जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलता सरकार के खिलाफ कार्यक्रमों को जारी रखा जाएगा.मौके पर प्रो. विजय शंकर पांडेय, शैलेन्द्र कुमार सिंह, मधुरेंद्र कु. सिंह, ब्रजेंद्र कु. तिवारी, रामप्रवेश तिवारी, नंद कु. चौबे, चंद्रबली पांडेय, प्रिंस मिश्रा, हरी किशोर पटेल, राज कुमार अंजुमन, राज कुमार कुशवाहा, संजय कुमार यादव, रंजीत पांडेय, चदेश्वर कु. सिंह, खलीलुर रहमान खान,जयचंद्र प्र. यादव, आशीष रंजन सिंह, पप्पू रंजन मिश्रा, नेयाज अहमद खान, सत्येन्द्र नाथ तिवारी, रामाशीष प्र. यादव, सुमन सिंह, संजीव ठाकुर, मोहन गिरी, रामेश्वर सिंह, ओसैदुर रहमान खान, किरण कुमारी, रमेश कु. श्रीवास्तव,नित्यानंद , शैलेन्द्र कु. ठाकुर, सहित अन्य मौजूद थे.

## गढ़ीमाई की पावन धरती पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास

प्रतिनिधि, रक्सौल



योग का अभ्यास करते लोग.

नेपाल के बारा जिला में स्थित विश्व प्रसिद्ध गढ़ीमाई मंदिर परिसर शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया. महागढ़ीमाई नगरपालिका एवं भारतीय दूतावास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भव्य योग शिविर में हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, श्रद्धालुओं, सुरक्षाकर्मियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व वाले इस आयोजन ने नेपाल-भारत की सांस्कृतिक एकता और स्वास्थ्य जागरूकता का अनूठा संदेश दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महागढ़ीमाई नगरपालिका के नगर प्रमुख उपेन्द्र प्रसाद यादव ने की, जबकि मधेश प्रदेश सरकार के भौतिक पूर्वाधार विकास मंत्री मोहम्मद (समीर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम में भारतीय दूतावास वीरगंज के प्रमुख डी.एस. मीना, बारा के प्रमुख जिला अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र कुमार कुंवर, सशस्त्र पुलिस बल एवं राष्ट्रीय अनुसंधान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों उपस्थिति रही. मुख्य अतिथि मोहम्मद समीर ने कहा कि योग किसी एक धर्म, जाति या समुदाय की नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज की अमूल्य धरोहर है. उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते तनाव, मानसिक दबाव और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बीच योग स्वस्थ और संतुलित जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है. भारतीय दूतावास वीरगंज के प्रमुख डी.एस. मीना ने कहा कि योग भारत और नेपाल के साझा सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का जीवंत प्रतीक है. उन्होंने कहा कि ‘वसुधैव कुटुम्बकम्’ की भावना को विश्वभर में स्थापित करने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है. उन्होंने कहा, “गढ़ीमाई मंदिर जैसे पवित्र स्थल पर हजारों लोगों की सहभागिता यह दर्शाती है कि योग आज सीमाओं से परे मानवता को जोड़ने वाला वैश्विक अभियान बन चुका है. भारतीय दूतावास भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में सहयोग करता रहेगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर प्रमुख उपेन्द्र प्रसाद यादव ने आयोजन की सफलता के लिए भारतीय दूतावास, सुरक्षा एजेंसियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि नगरपालिका केवल आधारभूत संरचना के विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, शिक्षा और आध्यात्मिक उत्थान को भी समान प्राथमिकता दे रही है. उन्होंने कहा, “गढ़ीमाई की पावन धरती पर आयोजित यह योग शिविर समाज में सकारात्मक ऊर्जा और स्वास्थ्य चेतना का संदेश लेकर आया है. ऐसे आयोजन महागढ़ीमाई को एक स्वच्छ, स्वस्थ और प्रमुख धार्मिक-पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. योग गुरुओं के मार्गदर्शन में उपस्थित हजारों लोगों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का सामूहिक अभ्यास किया. मंदिर परिसर का शांत और आध्यात्मिक वातावरण, योग मंत्रों की गूंज तथा एक साथ योग करते लोगों का दृश्य पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण बना रहा.


**पंजाब नैशनल बैंक** ...भरोसे का प्रतीक !
**punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

CO-SAM विभाग, CO : चम्पारण, उज्वल कॉम्प्लेक्स, तृतीय तल, चाँदमारी चौक, मोतिहारी-845401, ई-मेल : cochamprecovery@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना (ई नीलामी बिक्री सूचना)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना. एतद द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार (ओं) को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को संरक्षित / सुरक्षित लेनदार को बंधक/प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक /भौतिक/सांकेतिक (जो भी लागू हो) जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी /प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिया गया है. संबंधित उधारकर्ता(ओं) और जमानतदा(रों) से बैंक /सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये तालिका में उल्लेखित तिथि पर "जहां भी है", "जैसा भी है", "जो कुछ भी है" और "जिस अवस्था में है" के आधार पर बेचा जाएगा. सुरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित है.

सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची

ई नीलामी की तिथि : 07.07.2026 (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 07.07.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे तक)

| क्रम सं0 | शाखा का नाम / खाता का नाम और खाता संख्या / नाम एवं पता उधारकर्ता/ गारंटर के खाते का | बंधक रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/स्वामी का नाम [संपत्ति(यों) के बंधककर्ता]- | ए) मांग सूचना कि तिथि U/S 13(2) बी) बकाया राशि 13(2) नोटिस तिथि को सी) कब्जा तिथि U/S 13(4) डी) कब्जे की प्रकृति- प्रतिकात्मक/भौतिक/रचनात्मक | ए)सुरक्षित मूल्य- बी) ईएमडी सी) बीड वृद्धि की राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | भार का विवरण- सुरक्षित लेनदार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीएनबी-मझौलिया(078000)<br>विघ्नहर्ता विनायक इंटरप्राईजेज (078000870001603)<br>विघ्नहर्ता विनायक इंटरप्राईजेज प्रो0-मनीष कुमार पिता-नथुनी साह, वार्ड नं0-19, बंगरा, सुगौली, पूर्वी चम्पारण-845456. **श्रीमती राधिका देवी** पति-नथुनी साह, ग्राम-सुगौली, टोला-बंगरा, थाना एवं अंचल-सुगौली, पूर्वी चम्पारण-845456 | आवासीय भूमि जिसका मौजा-सुगौली, टोला-बंगरा, थाना एवं अंचल-सुगौली, जिला-पूर्वी चम्पारण, तौजी नं0-951, थाना नं0-38, खाता नं0-157, खेसरा नं0-3922, सेल डीड नं0-4472, दिनांक 30.03.2005, कुल क्षेत्रफल डीड के अनुसार-31.40 डिसमील (4 कठ्ठा 15 धुर) लेकिन साईट के अनुसार-25.40 डिसमिल, चौहद्दी : उत्तर-राम गोपाल खंडेलवाल, दक्षिण-सागिर मियाँ, पूरब-प्लॉट ए/पी एनएच 28ए रोड का हिस्सा, पश्चिम-नगिना सिंह. बंधककर्ता : श्रीमती राधिका देवी, पति-नथुनी साह | ए) 30.07.2024<br>बी) रू0 1,99,17,090.20+ ब्याज एवं अन्य शुल्क पूर्ण भुगतान होने तक<br>डी) 14.10.2024<br>ई) प्रतिकात्मक | ए) रू0 1,11,11,000/-<br>बी) रू0 11,12,000/-<br>सी) रू0 50,000/- | 07.07.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक | DRT पटना में OA/998/2025 लंबित है. |

**नियम व शर्तें :** बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा.

1. संपत्तियां "जहां भी है", "जैसा भी है", "जो कुछ भी है" और "जिस अवस्था में है" के आधार पर बेची जा रही हैं.
2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा.
3. बिक्री वेबसाइट https://BAANKNET.COM पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **07.07.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक** अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी और सुरक्षित लेनदार द्वारा पुष्टि की जायेगी.
4. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया Website https://baanknet.com & www.pnbindia.in पर जाएं.

स्थान-मोतिहारी
दिनांक : 17.06.2026

श्री रंजीत कुमार
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक (सुरक्षित लेनदार)

**STATUTORY 15 DAYS SALE NOTICE UNDER RULE 9(1) OF THE SARFAESI ACT, 2002**





# कुन्हा और विनीसियस की जुगलबंदी से ब्राजील जीता

- हैती विश्व कप से बाहर होनेवाली पहली टीम बनी
- मुकाबले में ब्राजील ने 3-0 से जीत दर्ज की

एजेंसियां, फिलाडेल्फिया

**पांच** बार का विश्व चैंपियन ब्राजील आखिरकार अपनी लय में लौट आया. फिलाडेल्फिया के लिंकन फाइनेंशियल फील्ड में खेले गये मुकाबले में ब्राजील ने हैती को 3-0 से हरा कर नॉकआउट की ओर मजबूत कदम बढ़ाये. वहीं 1974 के बाद पहली बार विश्व कप खेल रहे हैती मौजूदा टूर्नामेंट से बाहर होनेवाली पहली टीम बन गयी. मैच के हीरो रहे मथियस कुन्हा ने दो गोल दागे और साबित कर दिया कि उन्हें शुरुआती एकादश में मौका देना कितना अहम था. पहला गोल 23वें मिनट में आया, जबकि दूसरा गोल 36वें मिनट में हुआ. दोनों मौकों पर विनीसियस जूनियर ने निर्णायक भूमिका निभायी. इसके बाद इंजरी टाइम में विनीसियस ने खुद भी गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया. ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी का इस बार चयन सही साबित हुआ. पहले मैच में देर से उतारे गये कुन्हा ने मौके को दोनों हाथों से भुनाया. हालांकि मैच के दौरान राफिन्हा का एक गोल ऑफसाइड के कारण रद्द हुआ और चोट के कारण उन्हें पहले हाफ में बाहर जाना पड़ा.दूसरी ओर, पिंडली की चोट से जूझ रहे नेमार लगातार दूसरे मैच में नहीं खेल सके

## स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच में खेल सकते हैं नेमार

स्टार स्ट्राइकर नेमार पिंडली की चोट से उबरने के बाद विश्व कप फुटबॉल में ब्राजील के स्कॉटलैंड के खिलाफ होनेवाले अंतिम ग्रुप मैच में खेल सकते हैं. ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने यह जानकारी दी. नेमार चोट के कारण पहले दो मैच में नहीं खेल पाये थे. एंसेलोटी ने कहा कि नेमार सोमवार को टीम के साथ अभ्यास करेंगे और स्कॉटलैंड के खिलाफ बुधवार को होनेवाले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे. नेमार ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 79 गोल किये हैं, जो ब्राजील की तरफ से रिकॉर्ड है. उन्होंने अभी तक ब्राजील की टीम के साथ पूरे अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया है. वह 17 मई को ब्राजील के क्लब सैंटोस के लिए खेलते समय चोटिल हो गये थे.





## जैरजिन्हो, रिवाल्डो के क्लब में शामिल हुए विनीसियस जूनियर

विनीसियस जूनियर दो अलग-अलग फीफा विश्व कप संस्करणों में गोल करने और असिस्ट करनेवाले अपने देश के तीसरे खिलाड़ी बन गये हैं. उन्होंने जैरजिन्हो और रिवाल्डो जैसे दिग्गजों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया है. मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक विनीसियस ने दो गोल किये हैं और एक असिस्ट किया है. मोरक्को के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में ब्राजील की ओर से एकमात्र गोल के बाद हैती के खिलाफ उन्होंने पहले हाफ में एक गोल किया और 36वें मिनट में अपने साथी खिलाड़ी मैथियस कुन्हा के गोल में असिस्ट भी किया. इससे पहले, उन्होंने कतर में हुए फीफा विश्व कप 2022 में दक्षिण कोरिया के खिलाफ एक गोल किया था. अब वह जैरजिन्हो (1970 और 1974) और रिवाल्डो (1998 और 2002) के साथ दो अलग-अलग फीफा विश्व कप संस्करणों में गोल करने और असिस्ट करने वाले तीसरे ब्राजीलियाई खिलाड़ी बन गये हैं.

# सैबारी ने दूसरे मिनट में गोल कर मोरक्को को जीत दिलायी

**फॉक्सबोरो (मैसाचुसेट्स).** इस्माइल सैबारी ने गोल करने की अपनी काबिलियत का एक बार फिर से शानदार नमूना पेश करते हुए दूसरे मिनट में ही स्कोरशीट पर अपना नाम लिखवाया, जिससे मोरक्को ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप सी के मैच में स्कॉटलैंड को 1-0 से हराया. सैबारी को ब्राजील के खिलाफ विश्व कप में अपने पदार्पण मैच में गोल करने में केवल 21 मिनट लगे थे, लेकिन स्कॉटलैंड के खिलाफ जिलेट स्टेडियम में उन्होंने केवल 72 सेकंड में ही गोल कर दिया, जो निर्णायक साबित हुआ. इससे मोरक्को के लगातार दूसरी बार विश्व कप के नॉकआउट दौर में पहुंचने की उम्मीदें जीवंत रहीं. मोरक्को के कोच मोहम्मद ओउहबी ने कहा : हमें तीन अंक चाहिए थे और हमें मिल गये. मोरक्को ने मैच की शुरुआत में ही अपनी शानदार पासिंग से स्कॉटलैंड को हैरान कर दिया. सैबारी स्कॉटलैंड के दो डिफेंडरों को पीछे छोड़ते हुए आगे बढ़े और ब्राहिम डियाज ने उन्हें गेंद पास की. 25 वर्षीय फॉरवर्ड ने गेंद को लपकते ही गोलकीपर एंगस गन की पहुंच से काफी दूर नेट ऊपरी बाएं कोने में जोरदार शॉट लगा कर अपने प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया.



कतर में खेले गये पिछले विश्व कप में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली मोरक्को की टीम ने ग्रुप सी का अपना पहला मैच ब्राजील के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला था, जिसमें सैबारी ने उसकी तरफ से एकमात्र गोल किया था.

**स्कॉटलैंड ने अपने पहले मैच में हैती को 1-0 से हराया था, लेकिन मोरक्को की मजबूत रक्षात्मक पंक्ति के सामने उसे स्पष्ट मौके बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा.**

## चर्चा में मेसी का कटआउट



**फीफा** वर्ल्ड कप 2026 के दौरान फुटबॉल प्रेमियों का उत्साह चरम पर है. इसी बीच शनिवार को केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का एक विशाल कटआउट लगाया गया, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया. फुटबॉल के प्रति अपने जुनून के लिए मशहूर केरल में विश्व कप का माहौल सड़कों तक दिखाई दे रहा है. मेसी के इस विशाल कटआउट के आसपास बड़ी संख्या में प्रशंसक जुटे और अपनी पसंदीदा टीम व खिलाड़ी के समर्थन में उत्साह जताया.

# माटियास ने दागा सबसे तेज गोल पराग्वे ने तुर्किए को 1-0 से हराया

एजेंसियां, सांता क्लारा (कैलिफोर्निया)

**माटियास** गलार्जा ने खेल शुरू होने के 65 सेकंड के अंदर गेंद को नेट में पहुंचा कर मौजूदा विश्व कप का सबसे तेज गोल किया, जिससे पराग्वे ने अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद तुर्किए को 1-0 से हराया. पराग्वे की इस जीत से यह सुनिश्चित हो गया कि अमेरिका ग्रुप डी में शीर्षक पर रहेगा. इससे तुर्किए की नॉकआउट में पहुंचने की उम्मीदें भी लगभग समाप्त हो गयी. पराग्वे अगले गुरुवार को ग्रुप चरण के आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा, जिसमें ग्रुप में दूसरे स्थान का फैसला होगा. पराग्वे को दूसरा स्थान हासिल करने के लिए यह मैच जीतना जरूरी है. इस मैच में पराग्वे की जीत में गुस्तावो अल्फारो द्वारा किये गये लाइनअप में बदलाव का भी अहम योगदान रहा. माटियास को पहले मैच में नहीं खिलाया गया था, लेकिन तुर्किए के खिलाफ उन्हें शुरुआती लाइनअप में शामिल किया गया. उन्होंने मैच के शुरू होने के महज 65 सेकेंड के भीतर ही लगभग 25 गज की दूरी से बाएं पैर से शानदार शॉट लगा कर गोल दाग कर कोच के फैसले को सही साबित किया. माटियास ने मैच के बाद कहा कि यह अविस्मरणीय है. यह विश्व फुटबॉल का सबसे बड़ा मंच है, जहां मुझे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिल रहा है. मुझे उम्मीद है कि पराग्वे खुश होगा. मिगुएल अल्मिरोन को पहले हाफ के इंजरी टाइम में एक नये नियम का उल्लंघन करने के लिए लाल कार्ड दिखाये जाने के बाद पराग्वे को 10 खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा. यह नियम खिलाड़ियों के बीच आपसी बहस के दौरान मुंह ढकने से जुड़ा हुआ है. पराग्वे के गोलकीपर ऑरलैंडो गिल ने कई महत्वपूर्ण बचाव किये और अपनी टीम की बढ़त को बरकरार रखा. पहले हाफ के आखिर में तुर्किए बराबरी का गोल करने के करीब था, लेकिन मेर्ट मुल्डुर का हेडर क्रॉस बार और गोलपोस्ट से टकरा गया.



**माटियास गलार्जा ने मैच के 65वें सेकंड में गेंद को नेट में पहुंचा कर मौजूदा विश्व कप का सबसे तेज गोल किया**

## बहस के दौरान मुंह ढकने के लिए लाल कार्ड पाने वाले पहले खिलाड़ी बने अलमिरोन

**सांता क्लारा (अमेरिका).** पराग्वे के मिडफील्डर मिगुएल अलमिरोन विश्व कप में मुंह ढकने के लिए लाल कार्ड पाने वाले पहले खिलाड़ी बन गये हैं. घटना ग्रुप डी के मैच के पहले हाफ के इंजरी टाइम के दौरान घटी, जब मिडफील्ड के पास फाउल के बाद अलमिरोन और मर्ट मुल्डर के बीच कहा-सुनी हो गयी. अलमिरोन ने मुल्डर से कुछ कहते हुए अपना मुंह ढक लिया. इस पर मुल्डर ने तुरंत रेफरी इवान बार्टन से सजा देने की अपील की. बार्टन ने वीडियो समीक्षा का सहारा लिया और इस साल विश्व कप में लागू किये गये नये नियम के तहत अलमिरोन को लाल कार्ड दिखा कर बाहर भेज दिया.

# 32 साल बाद वर्ल्डकप के नॉकआउट में अमेरिका

एजेंसियां, सिएटल

**मेजबान** अमेरिका ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ 32 में प्रवेश कर लिया है. सिएटल स्टेडियम में खेले गये मैच में उसने ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया. अमेरिकी टीम ने 32 साल बाद नॉकआउट राउंड में जगह बनायी है. जबकि, तुर्की एक अन्य मैच में पराग्वे से हार कर बाहर हो गयी है. एसी मिलान के लिए खेलने वाले और 87 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 33 गोल कर चुके स्टार फॉरवर्ड क्रिश्चियन पुलिसिच पिंडली की चोट के कारण शुक्रवार के मैच में नहीं खेल पाये. अमेरिका की पराग्वे के खिलाफ पहले मैच में 4-1 की जीत में दो गोल करने वाले फोलारिन बालोगुन ने कहा कि पुलिसिच शानदार खिलाड़ी हैं. वह हमें जो गुणवत्ता और नेतृत्व प्रदान करता है, उसका कोई सानी नहीं है, लेकिन आपने देखा होगा कि हम उसके बिना भी अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं. अमेरिका ने आत्मघाती गोल के जरिए बढ़त बनायी. बालोगुन ने 11वें मिनट में स्ट्राइकर रिकार्डो पेपी की ओर एक सटीक पास दिया. गेंद पेपी तक नहीं पहुंची और ऑस्ट्रेलिया के डिफेंडर कैमरून बर्गेस से टकराकर गोल में चली गई, जिससे आत्मघाती गोल हो गया. टीम के सबसे युवा खिलाड़ी 21 वर्षीय एलेक्स फ्रीमैन ने 43वें मिनट में अमेरिका को 2-0 से आगे कर दिया. इससे पहले, अमेरिका ने पहले मुकाबले में पराग्वे को 4-1 से हराया था. टीम ग्रुप-डी में 6 अंक के साथ पहले स्थान पर है.



- **ऑस्ट्रेलिया और पराग्वे 3-3 अंक के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं.**
- **तुर्की हार के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गयी है.**

# स्पेन को पहली जीत की तलाश सऊदी अरब से मुकाबला आज

एजेंसियां, अटलांटा

**अपने** पहले मैच में कमजोर काबो वर्दे से ड्रॉ खेलने के बाद रविवार को ग्रुप एफ में स्पेन की टीम पहली जीत की तलाश में होगी. उरुग्वे के खिलाफ अंतिम लीग मैच से पहले सऊदी अरब के विरुद्ध होनेवाले मैच में 'ला रोजा' की टीम जीत हासिल कर तीन अंक लेना चाहेगी. दूसरी ओर, सऊदी अरब ने उरुग्वे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेल कर खुद को एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी साबित किया है. उनकी अनुशासित खेल शैली और अवसरों का लाभ उठाने की क्षमता स्पेन के आक्रमण के लिए कड़ी चुनौती पेश करेगी. इससे पहले तड़के 1.30 बजे से दर्शक जर्मनी और आइवरी कोस्ट के बीच होने वाले मुकाबले को देखेंगे. 'जर्मन पैंजर' के नाम से मशहूर जर्मनी, कुराकाओ पर 7-1 की जीत के बाद शानदार फॉर्म में है. हालांकि, आइवरी कोस्ट भी आसान प्रतिद्वंद्वी नहीं है, जिसने इक्वाडोर के खिलाफ जीत के बाद पहले ही तीन अंक हासिल कर लिये हैं. सुबह 5.30 बजे से इक्वाडोर का मुकाबला कुराकाओ से होगा. दोनों टीमें फिलहाल बिना किसी अंक के हैं और टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने से बचने के लिए उन्हें जीतना बेहद जरूरी है. वहीं, सुबह 9.30 बजे जापान का मुकाबला ट्यूनीशिया से होगा.

## विश्व कप डायरी

### कहीं श्राप न लगे, इसलिए रॉकी की मूर्ति को ब्राजील की जर्सी नहीं पहनायी

**फिलाडेल्फिया.** रॉकी की प्रतिमा के साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए फिलाडेल्फिया म्यूजियम ऑफ आर्ट की सीढ़ियों तक गये ब्राजील के प्रशंसकों ने इस काल्पनिक योद्धा को ठीक उसी स्थिति में छोड़ दिया, जिस स्थिति में उन्होंने उसे देखा था. उन्हें डर था कि कहीं उनकी टीम पर श्राप न लग जाये और हैती विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर न कर दे. विश्व कप का मैच देखने के लिए फिलाडेल्फिया आये हर ब्राजीलियाई प्रशंसक नौ फुट 11 इंच लंबी और 1300 पाउंड वजनी विशालकाय मूर्ति के साथ एक तस्वीर या सेल्फी लेने के लिए रुका, लेकिन उन्होंने उसे जर्सी नहीं पहनाने की अपील का पूरा ध्यान रखा. यहां आने वाले खेल प्रशंसकों ने लंबे समय से यह कड़वा सबक सीखा है कि प्रतिमा को रंगीन जर्सी, स्कार्फ, टोपी, या स्थानीय रैली हाउस में मिलने वाली किसी भी चीज से सजाने का मतलब केवल यही होता है कि उनकी टीम को करारी हार का सामना करना पड़ेगा.

### केप वर्दे की सफलता से प्रेरणा ले रहे हैं ट्यूनीशियाई कोच हर्वे रेनार्ड

**मोंटेरी (मेक्सिको).** ट्यूनीशिया की टीम जापान के खिलाफ विश्व कप मुकाबले से पहले केप वर्दे टीम से प्रेरणा ले रही है. उत्तरी अफ्रीकी टीम के नये कोच हर्वे रेनार्ड ने यह बात कही. फ्रांस के रेनार्ड को विश्व कप के पहले मैच में ट्यूनीशिया की स्वीडन के हाथों 1-5 से हार के बाद कोच नियुक्त किया गया. उन्होंने कहा कि उनकी टीम को सात बार में पहली बार विश्व कप नॉकआउट चरण में जगह बनाने के लिए जापान के खिलाफ कम से कम एक अंक लेना होगा. विश्व कप में पदार्पण करने वाली केप वर्दे टीम ने यूरोपीय चैंपियन स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोका था. महज पांच लाख की आबादी वाला केप वर्दे विश्व कप में खेलनेवाले सबसे छोटे देशों में से है. रेनार्ड ने कहा : केप वर्दे ने जिस तरह स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोका, उससे हमारी उम्मीद बंधी है. उन्होंने कहा : एकजुट होकर सुनियोजित तरीके से खेलने पर आप चुनौती दे सकते हैं. हम इस उदाहरण का अनुसरण करेंगे और हार से डरेंगे नहीं. जापान फीफा रैंकिंग में ट्यूनीशिया से 37 पायदान ऊपर 17वें स्थान पर है.



**1930 में उरुग्वे में शुरू हुई प्रतियोगिता इतिहास रचने को तैयार**

# विश्व कप के 1000वें मैच के लिए ट्यूनीशिया व जापान तैयार

एजेंसियां, मॉन्टेरी (मेक्सिको)

**फीफा** विश्व कप रविवार (भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे) का दिन फुटबॉल इतिहास में दर्ज होने जा रहा है. ग्रुप एफ में ट्यूनीशिया और जापान के बीच खेला जाने वाला मुकाबला विश्व कप इतिहास का 1000वां मैच होगा. 1930 में उरुग्वे में शुरू हुई इस प्रतियोगिता ने करीब एक सदी के सफर में कई ऐतिहासिक पल देखे हैं और अब यह एक और बड़े मील के पत्थर तक पहुंचने जा रही है. फीफा के अनुसार, 13 जुलाई 1930 को खेले गये पहले विश्व कप मुकाबले से लेकर 2026 के विस्तारित संस्करण तक फुटबॉल का दायरा लगातार बढ़ा है. इस बार टूर्नामेंट में 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो इसे अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप बनाता है. ऐतिहासिक मैच से पहले जापान का मनोबल ऊंचा है. टीम ने अपने पहले मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेल कर शानदार शुरुआत की थी. दूसरी ओर, ट्यूनीशिया को स्वीडन के खिलाफ 5-1 की बड़ी हार झेलनी पड़ी थी और वह वापसी की तलाश में उतरेगा. विश्व कप का यह नया प्रारूप भी चर्चा में है. अब 12 समूह बनाये गये हैं, जहां प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और सर्वश्रेष्ठ आठ तीसरे स्थान वाली टीमें नॉकआउट चरण में जगह बनायेंगी.

### आंकड़ों में विश्व कप

| | |
|---|---|
| पहला विश्व कप | 1930, उरुग्वे |
| पहले विश्व कप में टीमें | 13 |
| 2026 विश्व कप में टीमें | 48 |
| क्वालीफाइंग में शामिल टीमें | 209 |



एआइ जेनरेटेड

### 1000वें मैच का गवाह बनेगा एस्टाडियो बीबीवीए



एस्टाडियो बीबीवीए मैक्सिको के मॉन्टेरी में स्थित एक अत्याधुनिक फुटबॉल स्टेडियम है, जहां विश्व कप का 1000वां मैच खेला गाये. 53,500 दर्शकों की क्षमता वाला यह शानदार स्टेडियम सीएफ मॉन्टेरी (का घरेलू मैदान है और 2026 फीफा विश्व कप के प्रमुख आयोजनों में से एक है. विश्व कप की तैयारियों के तहत इसे हाइब्रिड घास, उन्नत एलईडी लाइटिंग और वीआइपी लाउंज जैसी आधुनिक सुविधाओं से अपग्रेड किया गया है.

## सिटी बाइट्स

### भारत और श्रीलंका के बीच फाइनल में वैभव सूर्यवंशी पर टिकी रहेंगी निगाह

**दांबुला.** भारत ए की टीम त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज के फाइनल में रविवार को यहां जब श्रीलंका ए का सामना करेगी, तो सभी की निगाह वैभव सूर्यवंशी पर टिकी रहेंगी. भारतीय टीम लीग मैच में श्रीलंका ए से सुपर ओवर में हार गयी थी और वह इसका बदला चुकता करने के लिए प्रतिबद्ध होगी. इस मैच के बाद मैदान पर माहौल गरमा गया था तथा सूर्यवंशी और श्रीलंका के विशेन हलाम्बेज आपस में उलझ गये थे. श्रीलंका ए ने 50 ओवरों में मैच टाई होने के बाद सुपर ओवर में 16 रन बनाये और फिर भारत ए को नौ रन पर रोक दिया था.

### एआइएफएफ ने नाम बदलकर 'फुटबॉल फेडरेशन ऑफ भारत' करने का प्रस्ताव रखा

नयी दिल्ली. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) ने शनिवार को अपना नाम बदलकर 'फुटबॉल फेडरेशन ऑफ भारत' (एएफबी) करने के लिए खेल मंत्रालय से संपर्क करने का फैसला किया. यह फैसला यहां हुई विशेष आम सभा में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद लिया गया. एआइएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने बताया कि नाम बदलने का काम खेल मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद ही होगा. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ विश्व संचालन संस्था फीफा से भी मंजूरी लेगा. चौबे ने कहा कि यह प्रस्ताव (नाम बदलने का) खेल मंत्रालय को भेजा जायेगा.

### मकाऊ ओपन : अश्मिता सेमीफाइनल में हारी

**मकाऊ.** अश्मिता चालिहा की शनिवार को यहां महिला एकल के सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की पार्क गा यून से सीधे गेम में हार के साथ भारत का मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया. विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी 38 मिनट तक चले मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 61वें नंबर की खिलाड़ी पार्क से 17-21, 9-21 से हार गयी. जब अश्मिता ने 15-11 की बढ़त बनायी, तो ऐसा लग रहा था कि वह पहला गेम जीत जायेंगी, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने लगातार छह अंक जीत कर जोरदार वापसी की और 16-15 से आगे हो गयी.

### दोहा डायमंड लीग : नीरज चोपड़ा चौथे स्थान पर

दोहा. चोट के कारण अपने सत्र की शुरुआत देर से करने वाले भाला फेंक के दिग्गज भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां दोहा डायमंड लीग प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहे. ओलिंपिक में दो पदक जीतनेवाले 28 वर्षीय चोपड़ा ने अपने तीसरे प्रयास में 85.69 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जो पदक जीतने के लिए पर्याप्त नहीं था. चोपड़ा पिछले कुछ समय से पीठ दर्द से परेशान रहे हैं. उन्हें यह चोट सितंबर 2025 में तोक्यो विश्व चैंपियनशिप के दौरान लगी थी. विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहने के बाद वह पहली बार किसी प्रतियोगिता में में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे.

### एशियाई चैंपियनशिप : जूनियर पुरुष टीम को कांस्य

**नयी दिल्ली.** भारत की जूनियर पुरुष कलात्मक जिम्नास्टिक टीम ने शनिवार को चीन के जुनी में खेली जा रही एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर इतिहास रचा. हर्षित दामोदरन, निषाद नरवाने, एसके नबीघ अली, अक्षत बजाज और मोहम्मद जैद अंसारी की युवा भारतीय टीम ने महाद्वीप की कुछ मजबूत टीमों के सामने शानदार प्रदर्शन किया. भारतीय टीम ने 224.493 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया और पहली बार अपने नाम पर पदक दर्ज कराया. चीन ने 241.458 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि जापान ने 239.461 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया.

# भारतीय महिला टीम के सामने द अफ्रीका की कठिन चुनौती

» पाकिस्तान और नीदरलैंड को हरा चुकी है भारतीय महिला टीम

एजेंसियां, मैनचेस्टर

**भारतीय** महिला टीम टी-20 विश्व कप में शानदार शुरुआत के बाद अब रविवार को यहां ग्रुप वन के कठिन मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका जैसी खतरनाक टीम के सामने उस लय को कायम रखने की कोशिश करेगी. हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने पाकिस्तान पर 64 रन से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की. सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने बल्ले से योगदान दिया, जबकि दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट चटकाये. नीदरलैंड को दूसरे मैच में भारत ने 95 रन से हराया. पांच बार सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम अभी तक टी-20 विश्व कप नहीं जीत सकी है. अब उसे अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और बेहतरीन गेंदबाजी के लिए विख्यात दक्षिण अफ्रीका की चुनौती से पार पाना है. यह मुकाबला दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी और भारत की बल्लेबाजी के बीच हो सकता है. पावरप्ले में तेजी से रन बनाने की मंधाना की काबिलियत और हरमनप्रीत के अनुभव के साथ शेफाली वर्मा और रिचा की आक्रामक बल्लेबाजी अहम होगी. वहीं दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदें कप्तान लौरा वोल्वार्ट और मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होंगी.

दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया से मिली पराजय के बाद पाकिस्तान को दो विकेट से हरा कर वापसी की. पहले दो मैचों में अच्छे प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय गेंदबाजों के सामने उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा. मैनचेस्टर की पिच स्पिनरों की मददगार साबित हो सकती है. दोनों टीमों को अपने क्षेत्ररक्षण में सुधार करना होगा, क्योंकि अब तक के मैचों में यह पहलू अहम साबित हुआ है.



**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, राधा यादव, प्रेमा रावत.

**दक्षिण अफ्रीका :** लौरा वोल्वार्ट (कप्तान), तजमीन ब्रिट्स, नडाइन डि क्लर्क, एनेरी डर्कसेन, शबनम इस्माइल, सिनालो जाफ्टा, मरियाने काप, अयाबोंगा खाका, सुने लूस, काराबो मेसो, एन मलाबा, कायला रेनेके, तुमी सेखुखुने, क्लो ट्रायोन, डेन वान नीकर्क.

## अफगानिस्तान को नौ विकेट से हराया

# भारत ने किया क्लीन स्वीप प्रसिद्ध-जायसवाल चमके

एजेंसियां, चेन्नई

**प्रसिद्ध** कृष्णा (23 रन पर पांच विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दूसरे शतक से भारत ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी के करियर के पहले शतक के बावजूद अफगानिस्तान को नौ विकेट से हरा कर सीरीज में 3-0 से सूपड़ा साफ किया. अफगानिस्तान के 219 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने अफगानिस्तान के बेहद खराब क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए जायसवाल (नाबाद 110 रन, 86 गेंद, 14 चौके, तीन छक्के) और रोहित शर्मा (79 रन, 69 गेंद, नौ चौके, तीन छक्के) के बीच पहले विकेट की 170 रन की साझेदारी से सिर्फ 28.4 ओवर में एक विकेट पर 224 रन बना कर आसान जीत दर्ज की. अफगानिस्तान ने इससे



पहले प्रसिद्ध की तूफानी गेंदबाजी के सामने 10वें ओवर में 36 रन तक चार विकेट गंवा दिये थे. शाहिदी ने हालांकि अंतिम बल्लेबाज के तौर पर आउट होने से पहले 131 गेंद में 13 चौकों और एक छक्के से 102 रन की पारी खेलने के अलावा अजमतुल्लाह उमरजई (50) के साथ पांचवें विकेट के लिए 117 गेंद में 105 रन की साझेदारी करके टीम को 218 रन के सम्माजनक स्कोर तक पहुंचाया. शाहिदी ने मोहम्मद नबी (21) के साथ भी छठे विकेट के लिए 53 गेंद में 57 रन की साझेदारी की। मेहमान टीम हालांकि अंत में 44.2 ओवर में सिमट गयी.

## चिली को 6-0 से हरा कर भारतीय महिला हॉकी फाइनल में पहुंची

**ऑकलैंड.** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए चिली को 6-0 से हरा कर एफआइएच हॉकी महिला नेशंस कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया. भारत के लिए नवनीत कौर (छठा और 13वां मिनट) और दीपिका (14वां और 18वां) ने दो-दो गोल किये, जबकि नेहा (32वां) और रूतुजा पिसाल (39वां) ने एक-एक गोल दागा. टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार चौथी जीत है. 'प्लेयर आफ द मैच' चुनी गयी कप्तान सलीमा टेटे ने बेहतरीन प्रदर्शन किया. भारत का सामना फाइनल में अमेरिका और न्यूजीलैंड के बीच होनेवाले मैच के विजेता से होगा. भारत ने शुरू ही से गेंद पर नियंत्रण बनाये रखा और पहले पेनाल्टी कॉर्नर पर नवनीत के गोल की मदद से बढ़त बना ली. भारत की बढ़त जल्दी ही दुगुनी हो गयी, जब बायें फ्लैंक से सलीमा ने दौड़ कर नवनीत को गेंद सौंपी, जिसने गोल कर दिया. ड्रैग फ्लिकर दीपिका ने 18वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर तब्दील करके भारत की बढत 3-0 की कर दी.

## मूनी और गार्डनर ने जड़ा अर्धशतक, ऑस्ट्रेलिया जीता



नीदरलैंड को 98 रन से हराया

एजेंसियां, साउथम्पटन

**ऑस्ट्रेलिया** ने विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी (74 रन) और एशले गार्डनर (58 रन) के अर्धशतकों की मदद से शनिवार को यहां आइसीसी महिला टी-20 विश्व कप मैच में नीदरलैंड को 98 रन से शिकस्त देकर तीसरी जीत दर्ज की. ऑस्ट्रेलिया तीन मैच में तीन जीत से छह अंक लेकर ग्रुप एक में शीर्ष पर है. भारत दो मैच में दो जीत से दूसरे स्थान पर है. ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच' मूनी और गार्डनर के अर्धशतक तथा दोनों के बीच बीच तीसरे विकेट के लिए 55 गेंद में 101 रन की भागीदारी से छह विकेट पर 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. जवाब में नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन ही बना सकीं, जिसमें कप्तान बैबेट डि लीडे ने नाबाद 56 रन (57 गेंद, पांच चौके) बनाए जबकि स्टेरे कैलिस ने 44 रन का योगदान दिया. इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मूनी ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 42 गेंद में नौ चौके और एक छक्के जड़ित अर्धशतकीय पारी खेली. उन्होंने गार्डनर के साथ मिल कर तीसरे विकेट के लिए 55 गेंद में 101 रन की भागीदारी भी निभाई.

## विविध

इस वर्ष की थीम- 'स्वस्थ आयु के लिए योग' : अभूतपूर्व जनभागीदारी के माध्यम से नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का लक्ष्य

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : भारत की सनातन धरोहर से विश्व कल्याण तक



संजय सेठ, रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार

आज संपूर्ण विश्व 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है. इस वर्ष का विषय है- 'स्वस्थ आयु के लिए योग'. यह विषय केवल एक वार्षिक अभियान का संदेश नहीं, बल्कि बदलती वैश्विक जनसांख्यिकी, बढ़ती जीवन प्रत्याशा और स्वस्थ, सक्रिय एवं गरिमामय जीवन की आवश्यकता का वैश्विक उत्तर है.

इस वर्ष का मुख्य राष्ट्रीय आयोजन पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर आयोजित हो रहा है, जहां स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाखों योग साधकों के साथ योगाभ्यास का नेतृत्व कर रहे हैं. इस आयोजन में अभूतपूर्व जनभागीदारी के माध्यम से नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है. देशभर में दिल्ली के लाल किला, मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया, हरिद्वार के हर की पौड़ी, अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट सहित 12 प्रतिष्ठित स्थलों पर विशेष योग सत्र आयोजित किये जा रहे हैं. संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क से लेकर टाइम्स स्क्वायर तक, एशिया, यूरोप, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और लैटिन अमेरिका के लगभग 2,500 स्थानों पर भारतीय दूतावासों, सामुदायिक संगठनों और योग संस्थाओं के सहयोग से योग दिवस मनाया जा रहा है. यह दर्शाता है कि योग आज केवल भारत का नहीं, सम्पूर्ण मानवता का साझा सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी आंदोलन बन चुका है.

**योग को वैश्विक पहचान :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की प्राचीन योग परंपरा को विश्व मंच पर स्थापित कर उसे वैश्विक जन-कल्याण का माध्यम बनाया. 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था- 'योग हमारी प्राचीन परंपरा से मिला एक अमूल्य उपहार है. योग मन और शरीर, तथा विचार और कर्म की एकता का प्रतीक है.' प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक आह्वान को अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त हुआ. मात्र ढाई महीनों के भीतर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रिकॉर्ड 177 देशों के समर्थन के साथ 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया. संयुक्त राष्ट्र के इतिहास में किसी प्रस्ताव को प्राप्त यह सबसे व्यापक समर्थन था.

**भारत का सबसे बड़ा सभ्यतागत योगदान**

योग शब्द संस्कृत की 'युज्' धातु से बना है, जिसका अर्थ है- जोड़ना, मिलाना, एकत्व स्थापित करना. योग शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के समन्वय का विज्ञान है. यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है. महर्षि पतंजलि ने योग की परिभाषा देते हुए कहा- 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः' अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोध, विचारों का संतुलन और मन की स्थिरता ही योग है. भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण योग को जीवन-दर्शन के रूप में प्रस्तुत करते हैं- 'योगः कर्मसु कौशलम्' अर्थात् कर्मों को उत्कृष्टता और समभाव के साथ करना ही योग है. इसी प्रकार- 'समत्वं योग उच्यते' अर्थात सुख-दुख, लाभ-हानि और सफलता-असफलता में संतुलित रहना ही योग है.

**स्वस्थ आयु के लिए योग :** आने वाले दशकों में वृद्धजन आबादी तेजी से बढ़ेगी. केवल लंबा जीवन नहीं है; स्वस्थ, सक्रिय और स्वावलंबी जीवन महत्वपूर्ण है. योग शारीरिक संतुलन और लचीलापन बढ़ाता है, अस्थियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है, रक्तचाप और हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है, तनाव, अवसाद व चिंता को कम करता है, स्मरण शक्ति और एकाग्रता में सहायता करता है, आत्मनिर्भरता और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है.

**12 वर्ष सरकार के, 12 वर्ष योग दिवस के :** वर्ष 2026 एक ऐतिहासिक संगम का वर्ष है. एक ओर पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, सुशासन, स्वास्थ्य, डिजिटल परिवर्तन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के 12 वर्षों का उत्सव मना रहा है. वहीं, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भी 12वें संस्करण में प्रवेश कर चुका है. इन दोनों यात्राओं का मूल भाव समान है- भारत की प्राचीन शक्ति को आधुनिक विश्व के कल्याण से जोड़ना.

**योग : एक दिवस नहीं, जीवन-पद्धति** : आज आवश्यकता है कि हम योग को केवल 21 जून तक सीमित न रखें. योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं. अपने परिवार, विशेषकर बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों को योग से जोड़ें. स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र की आधारशिला योग ही बन सकता है.

**भारत की ज्ञान परंपरा का पुनर्जागरण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नौ नवंबर, 2014 को आयुष विभाग को पूर्ण मंत्रालय का दर्जा प्रदान किया गया. यह निर्णय भारत की पारंपरिक स्वास्थ्य प्रणालियों- योग, आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी- को नयी ऊर्जा देने वाला ऐतिहासिक कदम सिद्ध हुआ. आज आयुष क्षेत्र करोड़ों लोगों के स्वास्थ्य का आधार बन चुका है. गुजरात के जामनगर में स्थापित डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को वैश्विक मान्यता दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. 'हील इन इंडिया', आयुष वीजा, मेडिकल वैल्यू टूरिज्म और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ता जोर भारत को विश्व का अग्रणी वेलनेस हब बना रहा है.


हरित विद्यालय प्रतियोगिता
Green School Competition

बेहतर कल के लिए - हरित विद्यालय
Green School - For a Brighter Tomorrow

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य में स्थित विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना अभिवर्धित करने एवं इस हेतु उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक 'हरित विद्यालय प्रतियोगिता' आयोजित की जा रही है।

इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी सरकारी / गैर सरकारी विद्यालय भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता स्वमूल्यांकन (Self Assessment) पद्धति पर आधारित है, जिसमें विद्यालयों द्वारा उनके प्रयासों का स्वमूल्यांकन कर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है।



विस्तृत जानकारी हेतु नीचे दिये गये QR Code को स्कैन करें।

महत्वपूर्ण तिथियाँ
31.07.2026- आवेदन की अंतिम तिथि अपराह्न 04:00 बजे तक
10.08.2026- से स्वमूल्यांकन का सत्यापन
07.09.2026- चयनित विद्यालयों के बीच पुरस्कार वितरण

आवेदन प्रपत्र
आवेदन संबंधी मार्गदर्शिका

PR. No. 006243 (B & C)D. 2026-27

हम सब मिलकर हरित और स्वच्छ भविष्य की ओर कदम बढ़ाएँ!
Together, We can build a greener & brighter future!

सदस्य-सचिव

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार)
BSPCBOFFICIAL



**अंक :** 249 **वर्ष :** 16, आर.एन.आई. **रजिस्ट्रेशन : BIHHIN/2011/37249 अखबार के स्वामी** न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि. के लिए **मुद्रक** एवं **प्रकाशक** आशुतोष चौबे द्वारा न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि., **प्लॉट नं.** एनएस 5, बेला इंडस्ट्रीयल एरिया फेज-2 मुजफ्फरपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित, **संपादक** (मुजफ्फरपुर संस्करण) : पवन प्रत्यय*, **संपादक** (बिहार) : अजय कुमार, **प्रधान संपादक** : अंकित शुक्ला, **फोन** : कार्यालय : 9264427604, 9264427605
**इ-मेल** muzaffarpur@prabhatkhabar.in (* पीआरपी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

**खास पोस्ट** बच्चों के भविष्य के साथ जुआ नहीं खेला जाये. - राहुल गांधी, पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस

कठिन समस्याएं अब न होंगी
क्योंकि सच्ची सहेली में हैं 67 खास आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां जो मुश्किल तकलीफों को अंदर से ठीक करने में मदद करें।
24x7 Helpline: 77106 44444 • www.sachisaheli.in
67 दुर्लभ प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक एवं टेबलेट्स
Helps in: कठिन दर्द, चिड़चिड़ापन, थकान, कमजोरी, कमर कटना, इम्यूनिटी
सच्ची सहेली®

**प एशिया संकट.** अमेरिका पर लगाये समझौते के उल्लंघन का आरोप

# सीजफायर पर गहराया संकट, ईरान ने फिर बंद किया स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

एजेंसियां, तेहरान

**पश्चिम** एशिया में तनाव एक बार फिर गहरा गया है. ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जहाजों की आवाजाही रोकने की घोषणा की है. ईरान ने इसके लिए अमेरिका पर हालिया युद्धविराम समझौते (एमओयू) के उल्लंघन का आरोप लगाया है. तेहरान का कहना है कि दक्षिणी लेबनान से सेना नहीं हटाने और इस्राइल की ओर से लगातार युद्धविराम उल्लंघन के कारण उसे यह कदम उठाना पड़ा. ईरान ने इसे शुरुआती कार्रवाई बताते हुए चेतावनी दी है कि यदि समझौते का उल्लंघन जारी रहा, तो और कड़े कदम उठाये जा सकते हैं. गौरतलब है कि इसी सप्ताह अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की घोषणा की गयी थी. लेकिन फिर से तनाव बढ़ गया है और ईरान ने होर्मुज पर नयी घोषणा की है.

### ईरान में अमेरिका-इस्राइल से संबंध के आरोप में 480 गिरफ्तार

ईरान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत में 480 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. ईरानी अधिकारियों का आरोप है कि इन लोगों के संबंध इस्राइल और अमेरिका से जुड़े नेटवर्कों से थे. हालांकि, यह नहीं बताया गया है कि गिरफ्तार लोग कौन हैं, उनके खिलाफ क्या सबूत हैं. यह भी पता नहीं चल पाया है कि उन्हें वकीलों की मदद मिल रही है या नहीं.


एआइ जेनरेटेड

### इस्राइली बस्तियों से व्यापार पर रोक की तैयारी में नॉर्वे

नॉर्वे ने कब्जे वाले फिलीस्तीनी क्षेत्रों में स्थापित इस्राइली बस्तियों के साथ व्यापारिक गतिविधियों पर रोक लगाने संबंधी प्रस्तावित कानून पर सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया शुरू की है. नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ एइडे ने कहा कि इस्राइली बस्तियां अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अवैध हैं और फलस्तीन-इस्राइल विवाद के द्वि-राष्ट्र समाधान की संभावनाओं को कमजोर करती हैं.

### अचानक ईरान पहुंचे पाकिस्तान के गृह मंत्री

पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी शनिवार को अचानक ईरान पहुंचे. अमेरिका और ईरान के बीच इस सप्ताह हुए शांति समझौते के बाद किसी वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी की यह पहली ईरान यात्रा है. नकवी सबसे पहले ईरान के धार्मिक शहर मशहद पहुंचे. बाद में तेहरान के लिए रवाना हो गये, जहां उनकी ईरान के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात होनी है.

### होर्मुज : ईरान की नयी व्यवस्था

समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही फिर शुरू हो रही है, लेकिन अब पहले जैसी खुली व्यवस्था नहीं रहेगी. अमेरिकी नाकेबंदी हटते ही ईरान ने नयी एजेंसी पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी बनाकर परमिट आधारित प्रणाली लागू कर दी है. अब किसी भी जहाज को होर्मुज से गुजरने के लिए पहले आवेदन करना होगा और मंजूरी मिलने के बाद ही प्रवेश मिलेगा.

**जहाज गुजरने की प्रक्रिया**

- होर्मुज पहुंचने से 48 घंटे पहले ऑनलाइन आवेदन
- जहाज, कार्गो, चालक दल और बीमा की जानकारी देनी होगी
- ईरान की नयी एजेंसी पीजीएसए दस्तावेजों की जांच करेगी
- सीमित अवधि का परमिट जारी होगा, जहाज को तय मार्ग और नियमों का पालन करना होगा
- शुरुआती 60 दिनों तक कोई शुल्क नहीं, बाद में शुल्क संभव

### नीट-यूजी पुनर्परीक्षा से पहले देशभर में मॉक ड्रिल सुरक्षा व्यवस्था कड़ी



एजेंसियां, नयी दिल्ली

**नीट-यूजी** 2026 की पुनर्परीक्षा से एक दिन पहले शनिवार को देशभर में व्यापक 'मॉक ड्रिल' आयोजित की गयी. एनटीए ने कहा कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बाद मूल परीक्षा रद्द किये जाने के करीब सात सप्ताह बाद रविवार को 22.79 लाख से अधिक अभ्यर्थी पुनर्परीक्षा में शामिल होंगे. परीक्षा देश के 551 और विदेश के 14 शहरों में दोपहर दो बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित होगी. अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे के बीच केंद्रों पर पहुंचने को कहा गया है. एनटीए ने स्पष्ट किया है कि 1.30 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जायेगा. अभ्यर्थियों को प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एनटीए ने सत्यापित व्हाट्सऐप चैनल भी शुरू किया है.

**छात्र को अबू धाबी मिला केंद्र, एनटीए ने सुधारा.** पुनर्परीक्षा से पहले नागपुर के छात्र अब्दुल्ला तालिब के परिवार ने दावा किया कि उन्होंने नागपुर, वर्धा और भंडारा को प्राथमिकता दी थी, लेकिन प्रवेश पत्र में अबू धाबी केंद्र आवंटित कर दिया गया. हालांकि, एनटीए ने कहा कि करेक्शन विंडो के दौरान छात्र के पंजीकृत लॉगिन से ही केंद्र अबू धाबी चुना गया था. परीक्षा से 48 घंटे पहले परिवार के अनुरोध पर एजेंसी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नागपुर में नया केंद्र आवंटित किया.

### टीएमसी से जुड़े तीन बैंक खातों से पैसे निकालने पर रोक

**कोलकाता.** तृणमूल कांग्रेस के बागी विधायकों की शिकायतों के बाद पार्टी के तीन बैंक खातों से पैसे निकालने पर रोक लगा दी गयी है. इन खातों में लगभग 440 करोड़ रुपये हैं. पार्टी के बागी विधायकों ने धन के स्रोत की जांच कराये जाने की मांग की है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने को बताया कि निजी क्षेत्र के एक बैंक में रखे गए तीन खातों को डेबिट फ्रीज कर दिया गया है.

खूनी व बादी बवासीर में प्रभावी
पाईल्स किंग™ खूनी व बादी बवासीर के लिए
पाईल्स किंग हो तो अलविदा बवासीर
बिना ऑपरेशन
कैप्सूल मलहम पाउडर
अर्श फीशर भगंदर मोके
पाइल्स किंग के सेवन से खून का गिरना बंद हो जाता है एवं बादी बवासीर के मस्से सूख जाते हैं. गुदाद्वार में सूजन, दर्द एवं जलन से छुटकारा मिल जाता है.
Piles King CAPSULE
S.S.: Sri Ganpati Ayurved Bhawan : 9297781750
शंकर औषद्यालय, मो. 9430438987

60 साल आपकी सेवा में
SD PHARMA
सैलिकल
दाद खांज खुजली फटी एड़ियों
SALICAL STRONG RINGWORM OINTMENT FOR EXTERNAL USE ONLY
SALICAL LOTION
For Trade Enquries: 9804688185
Available in: 5g, 10g, 15g Pot, 25g Tube, 15ml Lotion
Also available on:

### थाने पर हमले के आरोप में जहांगीर खान की पत्नी गिरफ्तार

**कोलकाता.** तृणमूल कांग्रेस के नेता जहांगीर खान को पुलिस हिरासत से छुड़ाने की हिंसक कोशिश की साजिश रचने और इस महीने की शुरुआत में फालता थाने पर हुए हमले का नेतृत्व करने के आरोप में उनकी पत्नी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया. घटना के बाद से फरार रेंजिना बीबी को एक सूचना के आधार पर जुलपिया इलाके से गिरफ्तार किया गया. पुलिस के अनुसार, रेंजिना ने समर्थकों को जुटाने और उस प्रदर्शन की योजना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी, जिसका कथित उद्देश्य फालता में जहांगीर खान को छुड़ाना था. खान को नेपाल सीमा के पास से पकड़ा गया था.

## शाह बोले- चुन-चुन कर निकाले जायेंगे घुसपैठिये, बंगाल में नहीं रुकेगा अभियान

एजेंसियां, कोल्हापुर (महाराष्ट्र)

**पश्चिम** बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों ने सख्त रुख अपनाने के संकेत दिये हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित बंगाल दौरे से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को स्पष्ट कहा कि बंगाल की सीमाओं से घुसपैठ रोकने के साथ-साथ पूरे देश से अवैध घुसपैठियों को बाहर निकालने का अभियान जारी रहेगा. महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आयोजित कार्यक्रम में अमित शाह ने कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है और देश में अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई में कोई ढील नहीं दी जायेगी. उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार बंगाल की जनता के विश्वास का सम्मान करेगी और सीमा सुरक्षा को और मजबूत बनाया जायेगा. बंगाल में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई तेज हुई है. संदिग्ध लोगों की पहचान कर उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखा जा रहा है. अब तक करीब पांच हजार अवैध बांग्लादेशी को राज्य से बाहर किये जाने का दावा किया गया है.



**ढाका में भारत विरोधी प्रदर्शन :** उधर, बांग्लादेश की राजधानी ढाका में जमात-ए-इस्लामी और उसके सहयोगी संगठनों ने भारत विरोधी प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों ने अमित शाह का पुतला फूंका और भारतीय उच्चायोग की ओर मार्च निकालने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने रोक दिया.

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज**

## पीएम मोदी संग 35 हजार लोग करेंगे योग

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**कोलकाता** के ऐतिहासिक रेड रोड पर रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कॉमन योग प्रोटोकॉल में देश का नेतृत्व करेंगे. रेड रोड पर राष्ट्रीय समारोह 21 जून को सुबह पांच बजे शुरू होगा. इसमें हजारों लोग व्यक्तिगत रूप से जुड़ेंगे और भारत व दुनिया भर से लाखों लोगों के वर्चुअली जुड़ने की उम्मीद है. पीएम के नेतृत्व में रेड रोड पर 35,000 लोग एक साथ सामूहिक योगाभ्यास करेंगे.

एक प्रमुख आकर्षणों में हुगली नदी में 500 नौकाओं (नावों) पर सामूहिक योग प्रदर्शन भी होगा, जो योग और बंगाल की समृद्ध नदी विरासत को उजागर करेंगे, जिसका उद्देश्य एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना है. शनिवार को भी देशभर में कई स्थानों पर सामूहिक योग अभ्यास व योग रैलियां आयोजित हुईं.


हुगली नदी में 500 नौकाओं पर होगा सामूहिक योग प्रदर्शन

### इस वर्ष का थीम : स्वस्थ आयु के लिए योग है

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का 12वां आयोजन 21 जून, 2026 को मनाया जा रहा है और इस बार मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम की मेजबानी कोलकाता कर रहा है. इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग है, जो विश्व भर में जीवन भर स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने पर ध्यान देने पर जोर देती है. योग दिवस की तैयारियां देशव्यापी कार्यक्रमों की एक शृंखला के माध्यम से काफी समय पहले ही शुरू हो गयी थीं. 13 मार्च 2026 को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन से 100-दिवसीय काउंटडाउन का शुभारंभ किया गया था. इसके बाद महाराष्ट्र के लोनार में 75-दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम और हैदराबाद के कान्हा शांति वनम में 50-दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम आयोजित किया गया. 14 जून को आयोजित एक विशेष देशव्यापी लाइव योग सत्र में चार लाख से अधिक लोगों ने एक साथ जुड़ कर भाग लिया, जिससे एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना. खजुराहो के स्मारकों के समूह में हुए 25-दिन के काउंटडाउन कार्यक्रम में योग को प्रतिष्ठित विरासत स्थलों के साथ जोड़ा गया.

### दिल्ली में सीजेपी का प्रदर्शन कहा- इस्तीफे तक नहीं हटेंगे

**नयी दिल्ली.** दिल्ली के जंतर-मंतर पर परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों और पेपर लीक के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार को धरना प्रदर्शन किया. इसमें सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुग भी शामिल हुए. आंदोलन का नेतृत्व सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने किया. इस दौरान शाम को एक बड़ा प्रशासनिक मोड़ आ गया. शाम में सीजेपी के विरोध प्रदर्शन का समय बढ़ाने की मांग खारिज किये जाने के तुरंत बाद पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को घटना स्थल से हटाना शुरू कर दिया. पुलिस ने जंतर-मंतर पर डटे प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से वहां से हटाना शुरू किया. पुलिस की इस कार्रवाई के बाद ज्यादातर छात्र और समर्थक वहां से धीरे-धीरे हट गये.

### महाराष्ट्र में मंदिर की छत का हिस्सा गिरा, पांच की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर.** महाराष्ट्र में परभणी जिले के यशवाड़ी गांव में शनिवार दोपहर साढ़े तीन बजे हनुमान मंदिर की छत का एक हिस्सा गिर गया. हादसे में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई लोग घायल हैं. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह गांव मानवत मार्ग पर स्थित है और छत्रपति संभाजीनगर से करीब 190 किमी दूर है. घटना परभणी तालुका के यशवाड़ी गांव स्थित हनुमान मंदिर में हुई.बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, तभी एक खंभा और सभा मंडप की छत का कुछ हिस्सा गिर गया.

पतंजलि® PATANJALI®
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
योग आह्वान
मूलतः हम सब भारतवासियों के पूर्वज योगी थे। काल के प्रवाह में भले ही अब भिन्न पंथों, जाति, वर्ग, समुदायों के रूप में दिख रहे हों। अतः अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ रहें तथा कृतघ्नता के पाप से बचें। सामूहिक रूप से योग करें एवं 10-20-50-100 लोगों को करायें एवं फोटो, रील आदि सोशल मीडिया पर शेयर करें। हर गांव, शहर, गली-मोहल्ला में योग के छोटे-छोटे कार्यक्रम करें ।
योग, आयुर्वेद व स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प करें व करवायें।
विरोध– योग, आयुर्वेद, स्वदेशी व सनातन संस्कृति का षड्यंत्र पूर्वक भयंकर विरोध व विध्वंस करने में बहुत–सी आसुरी शक्तियां लगी हैं। राष्ट्रवादी सच्ची सनातनी आत्माओं को पूरी ताकत के साथ इस देवासुर संग्राम, धर्मयुद्ध में पतंजलि व पूजनीय स्वामी रामदेव जी का 100% साथ देना चाहिए। यतो धर्म : ततो जय :, सत्यमेव जयते।
लूट– ऑक्सफैम इंटरनेशनल से लेकर किसी भी AI (ए.आई.) टूल से सर्च करेंगे, तो पाएंगे कि मात्र विगत् 200-250 सालों में 100 ट्रिलियन से अधिक तो विदेशी कम्पनियों ने देश की आर्थिक लूट की है। महान भारत देश को एम.एन.सी. की आर्थिक गुलामी, मैकाले की शिक्षा की गुलामी, वैचारिक व सांस्कृतिक गुलामी में देश को धकेल कर पतन की पराकाष्ठा में पहुंचा दिया। 500-1000 साल पहले के स्वर्णिम काल की गौरवशाली स्मृति के साथ एक महान विकसित भारत बनाने के लिए हम सब संकल्पित होकर अखंड, प्रचंड पुरुषार्थ करें ताकि भारत की विरोधी शक्तियों को परास्त कर सकें और अपने पूर्वज ऋषि–ऋषिकाओं व शहीदों के सपनों का भारत बनायें।
पतंजलि का योगदान– पूजनीय योगऋषि स्वामी रामदेव जी व पूजनीय आचार्य श्री बालकृष्ण जी व पतंजलि के पुरुषार्थ से आज पूरे विश्व में योग–आयुर्वेद, स्वदेशी व सनातन संस्कृति का समग्र गौरव सम्पूर्ण विश्व में पहुंचा है। हरिद्वार से लेकर देश व दुनिया तक, इस महान सेवा में लाखों करोड़ों की चैरिटी पतंजलि ने की है। लगभग 10 हजार रिसर्च प्रोटोकॉल फॉलो करके 500+ रिसर्च पेपर इंटरनेशनल जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्वविद्यालय, भारतीय शिक्षा बोर्ड (BSB), पतंजलि कैरियर एकेडमी, पतंजलि सिविल सर्विसेस एकेडमी (PCSA), पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम्, पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन, गौशाला, पतंजलि के राष्ट्रव्यापी संगठन में करोड़ों कार्यकर्ताओं की निष्काम सेवा व तप से आज एक कालजयी ऐतिहासिक सेवा चल रही है। सैकड़ों संन्यासियों का तप, लाखों कर्मयोगी भाई–बहनों की निष्काम सेवा एवं आप सभी करोड़ों देशवासियों का आशीर्वाद ही हमारा एकमात्र सम्बल है और हमारा संकल्प है कि हम अन्तिम श्वास तक भारत माता व मानवता की सेवा में अपना सर्वस्व आहूत करते रहेंगे।
पतंजलि से जुड़कर हमारी सेवाओं का लाभ उठायें। योगत्व, रामत्व, कृष्णत्व तथा शिवत्व आदि को अपने स्वभाव व आचरण में अपनायें। क्योंकि सनातन धर्म हमारे आचरण का विषय है, मात्र प्रवचन का नहीं।
प्रतिदिन आस्था चैनल व इंडिया टीवी या यूट्यूब आदि से जुड़कर योग अवश्य करें।
आस्था LIVE प्रतिदिन सुबह 5:00 से 7:30 और रात 8:00 बजे | संस्कार रोज रात 9:00 बजे | INDIA TV रोज सुबह 8:00 बजे | YouTube Swami Ramdev | Acharya Bal Krishna
पतंजलि के हेल्दी प्रोडक्ट्स ख़रीदनें व रिसर्च एवं एविडेंस–बेस्ड मेडिसिन से रोगों को जड़ से मिटाने के लिए गूगल पर Patanjali Store Near Me (पतंजलि स्टोर नियर मी) सर्च करें। पतंजलि के सभी स्वदेशी प्रोडक्ट्स जैसे– गाय का घी, दन्त कान्ति, हनी, केश कान्ति, शर्बत, जूस आदि देश के सभी प्रमुख स्टोर्स पर उपलब्ध हैं। जहाँ उपलब्ध नहीं है वहाँ आप दुकानदार से पतंजलि के प्रोडक्ट्स रखने के लिए निवेदन करें।
पतंजलि की सभी प्रमुख संस्थानों की वेबसाइट पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त करें।
पतंजलि वेलनेस में आकर आरोग्य का लाभ प्राप्त करें, रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें– 8954-666-111
भारतीय शिक्षा बोर्ड व पतंजलि सिविल सर्विसेस एकेडमी हेतु सम्पर्क करें– 8954-555-999